सूर्योदय 6:36 सूर्यास्त 6:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.0 न्यू | 20.0 अधि |
| धर्मशाला | 17.0 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78,205 |
| निफ्टी | 24,262 |

सोना 1,59,500 चांदी 2,73, 350

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 11 मार्च 2026 | 28 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 71, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


# कविंद्र गुप्ता ने ली हिमाचल प्रदेश के 30वें राज्यपाल की शपथ

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** लोक भवन शिमला में आयोजित समारोह में कविंद्र गुप्ता ने हिमाचल प्रदेश के 30वें राज्यपाल की शपथ ग्रहण की। प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। लोक भवन में पहली बार समारोह की शुरुआत वंदे मातरम् के गायन से हुई और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष तथा उनकी धर्मपत्नी मित्रा घोष भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के उपरांत राज्यपाल कविंद्र गुप्ता को औपचारिक रूप से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जबकि मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने राष्ट्रपति द्वारा जारी वारंट ऑफ अपॉइंटमेंट पढ़कर सुनाया। मीडिया से बातचीत में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि राज्यपाल का पद पूरी तरह संवैधानिक दायित्व है और वह संविधान की मर्यादाओं के अनुरूप कार्य करेंगे।

### इन्हें बताया अपनी प्राथमिकताएं

**राज्यपाल** ने अपनी प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र का विस्तार, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और पर्यटन विशेषकर धार्मिक पर्यटन को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, कौशल विकास, जनजातीय क्षेत्रों के विकास, प्राकृतिक खेती के प्रोत्साहन और नशामुक्त हिमाचल अभियान को सशक्त बनाने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से सीमांत और दूरदराज क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे तथा संपर्क व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा और सामूहिक प्रयासों से हिमाचल प्रदेश को सतत और समावेशी विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।



लोक भवन शिमला में राज्यपाल पद की शपथ लेते हुए कविंद्र गुप्ता। अनंत ज्ञान

### कहा-आरडीजी मसले पर केंद्र से करूंगा बात

**हिमाचल** के नए राज्यपाल कहा कि आरडीजी बंद होने के मामले पर भी केंद्र सरकार से बात की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए पार्टी राजनीति से ऊपर उठकर काम करने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार और विपक्ष का भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर प्रदेश के सर्वांगीण विकास को आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पूर्व राज्यपालों द्वारा शुरू किए गए नवाचारों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## न्यूज शॉर्ट्स

### केंद्र से जल जीवन मिशन 2.0 को मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने और इसके पुनर्गठन (जेजेएम 2.0) को मंजूरी दे दी है। यह फैसला ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को इंफ्रास्ट्रक्चर-केंद्रित से सेवा-केंद्रित (सर्विस डिलीवरी) बनाने पर फोकस करता है, जिसमें सस्टेनेबल गवर्नेंस और इंस्टीट्यूशनल इकोसिस्टम को मजबूत किया जाएगा। कैबिनेट ने जल जीवन मिशन के कुल व्यय को बढ़ाकर 8.69 लाख करोड़ रुपये करने की स्वीकृति दी है। इसमें केंद्र सरकार की कुल सहायता 3.59 लाख करोड़ रुपए होगी, जो 2019-20 में स्वीकृत 2.08 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर अतिरिक्त 1.51 लाख करोड़ रुपए का केंद्रीय हिस्सा जोड़ती है। (अनंत ज्ञान)

### इंडिगो के सीईओ पीटर एलबर्स का इस्तीफा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) पीटर एलबर्स ने पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने मंगलवार 10 मार्च को रेगुलेटरी फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। एलबर्स के जाने के बाद अब कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल भाटिया अंतरिम तौर पर एयरलाइन के कामकाज की जिम्मेदारी संभालेंगे। 3 महीने पहले इंडिगो को भारी फ्लाइट ऑपरेशंस संकट का सामना करना पड़ा था। उस दौरान करीब 3 लाख यात्री फंसे रह गए थे, जिसके बाद एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए ने एयरलाइन पर 22.20 करोड़ रुपए का भारी जुर्माना भी लगाया था। (अनंत ज्ञान)

### असम में महिलाओं के खाते में 9-9 हजार रुपए ट्रांसफर

**एजेंसी, गुवाहाटी।** असम में राज्य सरकार की ओरुनोडोई(अरुणोदय) स्कीम के तहत मंगलवार को 40 लाख महिलाओं के खाते में 9-9 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। इस स्कीम को 2020 में शुरू किया गया था। इसके तहत हर परिवार की एक योग्य महिला को हर महीने 1,250 रुपए मिलते हैं। असम सीएम ने इससे पहले घोषणा की थी कि इस साल जनवरी से चार महीने का पेमेंट, बोहाग बिहू के जश्न के लिए एक्स्ट्रा रकम के साथ मार्च में एक साथ दिया जाएगा, जिससे कुल रकम 9,000 रुपए हो जाएगी।

### सीबीएसई 12वीं के पेपर पर गाने का क्यूआर कोड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में मैथ के पेपर पर छपे सिक्योरिटी क्यूआर कोड को स्कैन करने पर यू-ट्यूब की लिंक ओपन हो रही है। यह लिंक 39 साल पुराने इंग्लिश सॉन्ग 'रिकरोल' की है। 9 मार्च को हुए इस पेपर पर सीबीएसई ने कहा- क्यूआर स्कैन करने पर यू-ट्यूब लिंक ओपन हो रही है। लेकिन एग्जाम पेपर भी असली हैं। इस मामले में एग्जाम पेपर की सुरक्षा से समझौता नहीं हुआ है। एग्जाम पेपर की ऑथेंटिसिटी सुरक्षित है और आगे की परीक्षाओं में ऐसी स्थिति दोबारा न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सरकारी सीबीएसई स्कूलों में बढ़ा दाखिलों का ग्राफ -पेज 2
- आत्मनिर्भरता की रोल मॉडल बनी घुरकड़ी पंचायत -पेज 4
- ब्यास किनारे पेयजल योजनाओं की पाइपलाइनें टूटीं -पेज 9
- प्रदेश भाजपा 'हिमाचल द्रोही': जगत सिंह नेगी -पेज 12


# कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट का मुआवजा दे केंद्र : सुप्रीम कोर्ट

## न्यायालय ने नो फॉल्ट कंपनसेशन पॉलिसी बनाने के भी दिए निर्देश

## कहा- साइड इफेक्ट्स की जांच के लिए एक्सपर्ट पैनल की जरूरत नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को कोविड वैक्सीनेशन से जुड़ी याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए कहा कि सरकार वैक्सीनेशन के साइड इफेक्ट्स का मुआवजा दे। इसके लिए वह नो फॉल्ट कंपनसेशन पॉलिसी बनाए। नो फॉल्ट कंपनसेशन पॉलिसी का मतलब है कि अगर किसी व्यक्ति को दवा या वैक्सीन से नुकसान हो जाए, तो उसे मुआवजा मिल सकता है, भले ही इसमें किसी की गलती साबित न हुई हो।

जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने यह भी कहा कि वैक्सीनेशन के साइड इफेक्ट्स की मॉनिटरिंग के लिए मौजूदा सिस्टम जारी रहेगा। इसके लिए अलग से एक्सपर्ट पैनल बनाने की जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने रचना गंगू और वेणुगोपालन गोविंदन की 2021 में दायर याचिका पर यह फैसला सुनाया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उनकी बेटियों की मौत कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स के कारण हुई थी।

इससे पहले सरकार ने केरल हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश के खिलाफ याचिका लगाई थी, जिसमें सईदा केएकी याचिका पर मुआवजे की नीति तैयार करने का आदेश दिया गया था।

2022 में सरकार ने जवाबी हलफनामे में तर्क दिया था कि वह मुआवजे के लिए उत्तरदायी नहीं है क्योंकि वैक्सीन अपनी मर्जी से लगवाई जाती है। यह लोगों का जोखिम जानने के बावजूद लिया गया फैसला होता है। (अनंत ज्ञान)

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की तीन मुख्य बातें

**वैक्सीन** के साइड इफेक्ट्स से जुड़े आंकड़े समय-समय पर पब्लिक डोमेन में रखा जाएगा।

**इस** निर्देश का मतलब यह नहीं होगा कि व्यक्ति दूसरे कानूनी उपायों का सहारा नहीं ले सकता।



**मुआवजा** नीति का यह मतलब नहीं होगा कि सरकार या किसी दूसरी अथॉरिटी ने अपनी गलती मान ली है।

### देशभर में यूसीसी लागू करने का समय आ गया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का समय आ गया है। इस पर फैसला करना कोर्ट के बजाय संसद का काम है। कोर्ट शरियत कानून 1937 की कुछ धाराओं को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इन धाराओं से मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभाव का आरोप था। सीजेआई सूर्यकांत,जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा- शरियत कानून की धाराएं रद्द कर दी गईं तो मुस्लिम समुदाय में संपत्ति के बंटवारे को लेकर कोई स्पष्ट कानून नहीं बचेगा। इससे कानूनी खालीपन पैदा हो सकता है।

# शिमला से प्री-पेड टैक्सी सेवा शुरू

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने आईएसबीटी टूटीकंडी से की शुरुआत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को शिमला के अंतरराज्यीय बस अड्डा टूटीकंडी से प्री-पेड टैक्सी सेवा का शुभारंभ किया। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य यात्रियों को पारदर्शी, सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन उपलब्ध करवाना है, जिससे किराये को लेकर होने वाले विवादों और असुविधाओं से राहत मिलेगी। सरकार का मानना है कि इससे पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी बेहतर सुविधा प्राप्त होगी।

इस सेवा के अंतर्गत आईएसबीटी टूटीकंडी परिसर में स्थापित प्री-पेड काउंटर से यात्री टैक्सी बुक कर सकेंगे। यात्री काउंटर पर निर्धारित किराया जमा करेंगे, जिसके बाद उन्हें भुगतान पर्ची दी जाएगी। यह पर्ची टैक्सी चालक को दिखाना अनिवार्य होगा और चालक यात्री को उनके निर्धारित गंतव्य तक पहुंचाएगा। यात्रा पूरी होने के बाद चालक वही पर्ची काउंटर पर जमा कर अपना भुगतान प्राप्त करेगा। प्री-पेड व्यवस्था लागू होने से किराया पहले ही अदा हो जाएगा, जिससे यात्रियों को किराये को लेकर किसी प्रकार की असुविधा या विवाद का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह सेवा शिमला शहर के भीतर 26 प्रमुख स्थानों तक उपलब्ध होगी, वहीं चंडीगढ़ शहर और चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी इस सेवा में शामिल किया गया है।

इस अवसर पर विधायक हरीश जनारथा, महापौर सुरेंद्र चौहान, उप-महापौर उमा कौशल, पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी, उपायुक्त अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह सहित अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे।



शिमला के आईएसबीटी टूटीकंडी में प्री-पेड टैक्सी सेवा का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

◆ **यात्रियों को मिलेगी पारदर्शी एवं सुरक्षित परिवहन सुविधा**

### योजना से जुड़े 115 वाहन

**प्रारंभिक** चरण में कुल 115 वाहनों को इस योजना से जोड़ा गया है, जिनका संचालन टैक्सी यूनियन के माध्यम से किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि किराया दरें परिवहन विभाग द्वारा पहले ही अधिसूचित कर दी गई हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल से प्रदेश में यात्रियों की सुरक्षा मजबूत होगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

### कोषागारों में लेनदेन की समय-सीमा तय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन को सुव्यवस्थित ढंग से पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार ने कोषागारों के माध्यम से होने वाले सभी सरकारी लेनदेन के लिए स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित कर दी है। वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कोषागारों से जुड़े सभी बैंक भारतीय रिजर्व बैंक के ई-कुबेर मंच के माध्यम से कार्य करते हुए 31 मार्च की मध्यरात्रि तक ही लेनदेन कर सकेंगे। वर्ष के अंतिम दिनों में कोषागारों और बैंकों पर बढ़ने वाले दबाव तथा तकनीकी अड़चनों से बचने के उद्देश्य से विभागों को अपने भुगतान संबंधी बिल निर्धारित समय से पहले प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि वित्तीय वर्ष का समापन सुचारु रूप से हो सके। निर्देशों के अनुसार सामान्य क्षेत्रों में धन आहरण से संबंधित सभी बिल 23 मार्च 2026 को सायं 5 बजे तक संबंधित कोषागारों में जमा कराने होंगे, जबकि जनजातीय क्षेत्रों के लिए यह समय-सीमा 25 मार्च 2026 सायं 5 बजे तक निर्धारित की गई है।

# पंचायत पुनर्गठन पर प्रदेश सरकार को हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने पंचायत चुनावों से पहले पंचायतों के पुनर्गठन और नई पंचायतों के गठन को लेकर जारी अधिसूचनाओं पर कड़ी टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि जब पंचायत चुनाव निकट हैं, तब इस प्रकार के फैसले लेने से स्थिति और अधिक उलझ सकती है। अदालत ने मनलोग बड़ोग से जुड़े मामले में सरकार की अधिसूचना को रद्द कर दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि मनलोग बड़ोग गांव को ग्राम पंचायत हनुमान बड़ोग से हटाकर ग्राम पंचायत दाडलाघाट में शामिल करने का फैसला उचित नहीं था। अदालत ने इसे मनमाना और तथ्यों के विपरीत बताते हुए निरस्त कर दिया। यह याचिका गांव के लोगों की ओर से दायर की गई थी, जिसमें सरकार के फैसले को चुनौती दी गई थी।अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि पंचायतों की अवधि पहले ही समाप्त हो चुकी है और सरकार को समय रहते चुनाव प्रक्रिया पूरी करनी चाहिए थी। न्यायालय ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले सीमाओं का निर्धारण या पुनर्गठन करना उचित नहीं है, क्योंकि इससे सरकार के इरादों पर भी सवाल खड़े हो सकते हैं।



◆ **मनलोग बड़ोग मामले में सरकारी अधिसूचना रद्द**

◆ **चुनाव से ठीक पहले सीमा निर्धारण पर उठाए सवाल**

# सुरक्षा बलों ने नौशेरा में मार गिराया एक आतंकी



**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के झंगर-नौशेरा सेक्टर में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश के दौरान एक आतंकवादी को सेना ने मार गिराया। भारतीय सेना ने बताया कि 10 मार्च को दोपहर करीब 3 बजे लाइन ऑफ कंट्रोल पर झंगर-नौशेरा के इलाके में दो आतंकवादियों की हरकत का पता चला था। सेना ने बताया कि सैनिकों ने तेजी से काम किया, और घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। दूसरे आतंकवादी की तलाश जारी है। सेना के मुताबिक जमीन और हवाई निगरानी की मदद ली जा रही है। पिछले 5 दिनों में जम्मू-कश्मीर के राजौरी इलाके में सिक्योरिटी फोर्स ने दूसरी बार घुसपैठ की कोशिश नाकाम की है। (अनंत ज्ञान)

# ईरान बोला- होर्मुज स्ट्रेट से एक लीटर तेल भी बाहर नहीं जाने देंगे

**तेल अवीव/तेहरान**

अमेरिका-इसराइल और ईरान जंग का मंगलवार को 11वां दिन था। इस बीच ईरान ने कहा है कि वह एक लीटर तेल भी बाहर नहीं जाने देगा। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों के गुजरने को लेकर एक नई शर्त रखी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान की सेना इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा है कि कुछ देशों के जहाजों को इस रास्ते से गुजरने दिया जा सकता है, लेकिन इसके लिए उन देशों को पहले इसराइल और अमेरिका के राजदूतों को अपने देश से निकालना होगा। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया का बहुत अहम समुद्री रास्ता है। हर साल दुनिया के करीब 20% तेल की सप्लाई इसी रास्ते से गुजरती है। हालांकि अमेरिकी चैनल सीएनएन ने कहा है कि ईरान इस रास्ते से गुजरने वाले तेल टैंकरों और व्यापारिक जहाजों पर सिक्योरिटी टैक्स यानी सुरक्षा शुल्क लगाने की योजना बना रहा है, खासकर उन जहाजों पर जो अमेरिका के सहयोगी देशों के हैं। (अनंत ज्ञान)

◆ **जो देश इसराइल व अमेरिका के राजदूतों को निकालेगा, उसके ही जहाज गुजरेंगे**

### होर्मुज बंद हुआ तो ईरान पर कहर बरपेगा : ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से छिड़ी जंग के बीच एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने ईरान को होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने के खिलाफ कहर बरपाने की चेतावनी दी। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के तेल उद्योग के लिए एक जरूरी आवागमन का माध्यम है। इस युद्ध से तेल की निकासी लगभग ठप हो चुकी है। इससे युद्ध शुरू होने के बाद से तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने ट्रुथ सोशल पर कहा, 'अगर ईरान की वजह से होर्मुज स्ट्रेट के अंदर तेल की निकासी रुक जाती है तो अमेरिका अब तक हुए हमलों से बीस गुना शक्तिशाली हमला करेगा। इससे ईरान का देश के तौर पर फिर से बनना लगभग नामुमकिन हो जाएगा। वहां सिर्फ आग होगी। बावजूद इसके मैं उम्मीद करता हूं कि ऐसा न हो।'

**पहल** सोलन, सिरमौर और शिमला में मॉडल के तौर पर हुई कार्यक्रम की शुरुआत

# 'स्टार्टअप ग्रामीण उद्यमिता' से अर्थव्यवस्था को मिलेगा बूस्ट

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत शिमला, सोलन, सिरमौर के तीन विकास खंडों में मॉडल के तौर पर स्टार्टअप ग्रामीण उद्यमिता कार्यक्रम की शुरुआत हुई है। ग्रामीण महिलाओं को लघु उद्यमों के लिए प्रशिक्षण कंडाघाट (सोलन), इसका उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाना है साथ ही गांव से पलायन भी रुकेगा। इससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

खास बात है कि इस कार्यक्रम के तहत कृषि आधारित उत्पादों के उद्यमों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसकी शुरुआत सोलन जिले के कंडाघाट विकास खंड से हो चुकी है, जहां महिला स्वयं सहायता समूहों को ग्रामीण उद्यमिता से जोड़ने के लिए ग्रामीण संसाधन व्यक्तियों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस कड़ी में नाहन विकास खंड और जिला शिमला के बसंतपुर विकास खंड में भी ग्रामीण संसाधन व्यक्तियों का प्रशिक्षण शिविर शुरू होंगे। यदि यह योजना कारगर साबित हुई तो प्रदेश भर में स्टार्टअप ग्रामीण उद्यमिता की शुरुआत होगी। कार्यक्रम के तहत चयनित सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों को लघु उद्यम स्थापित करने, विपणन, उत्पाद लागत कम करने और मूल्य निर्धारण की जानकारी दी जा रही है।



अनंत ज्ञान स्पैशल

### मिशन के प्रोग्राम कंपोनेंट में 2,880 करोड़ की बढ़ोतरी

**दीनदयाल** अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रोग्राम कंपोनेंट में 2,880 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी की गई है। 2025-26 के संशोधित बजट में यह 17,280 करोड़ हो गया। 2016 से चल रही यह योजना ग्रामीण गरीबों को नैनो उद्यमों (जैसे जूट बैग, अचार-मुरब्बा, बांस कला, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, डिस्पोजेबल प्लेट्स) के लिए बिना गारंटी ऋण, कौशल प्रशिक्षण और बाजार लिंकेज प्रदान करती है। महिलाओं को चार साल तक कम ब्याज पर ऋण मिलेगा।

> **ग्रामीण** आजीविका मिशन के तहत शुरू किए स्टार्टअप ग्रामीण उद्यमिता कार्यक्रम में ब्लॉक संसाधन केंद्र के माध्यम से संसाधन व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया गया है। ग्रामीण उद्यमिता कार्यक्रम से स्वयं सहायता समूह सदस्य और ग्रामीण आर्थिकी मजबूत होगी।
>
> -ओपी शर्मा, खंड विकास अधिकारी कंडाघाट, जिला सोलन

# विपक्ष स्पीकर के खिलाफ लाया अविश्वास प्रस्ताव

## कांग्रेस सांसद गोगोई बोले-लोकसभा में राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष स्पीकर ओम बिड़ला को पद हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया। 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया। इसके बाद पीठासीन ने प्रस्ताव पेश करने की परमिशन दे दी। अब इस प्रस्ताव पर 10 घंटे चर्चा चलेगी। विपक्ष ने ओम बिड़ला पर सदन की कार्यवाही में पक्षपात करने का आरोप लगाया है।

बहस की शुरुआत कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने की। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान 20 बार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को रोक-टोका गया। उन्हें बार बार रूलिंग बुक दिखाई गई। उन्होंने अपनी स्पीच में एक आर्टिकल का हवाला दिया। इस पर उन्हें मना किया गया, लेकिन सत्ता पक्ष के सांसदों ने भारत में बैन किताबें सदन में दिखाईं। उनसे कुछ नहीं कहा गया। इस तरह का भेदभाव स्वीकार नहीं है।

वहीं, राज्यसभा में एसआईआर पर विपक्ष ने हंगामा किया। इस दौरान विपक्ष और सत्तापक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिसके बाद विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कई राज्यों में चल रहे एसआईआर को 'फ्रॉड' बताते हुए कहा कि इससे मतदाता सूची की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं और कई वैध मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### राहुल की सच्चाई इन्हें पचती ही नहीं: प्रियंका

**प्रियंका** गांधी ने कहा कि एक ही व्यक्ति है इस देश में जो इन 12 सालों में इनके सामने झुका नहीं। वह नेता प्रतिपक्ष है। और वो नेता प्रतिपक्ष इस सदन में खड़े होके इनके सामने सच बोल देते हैं। सच्चाई वो जो बोलते हैं, वह इनसे पचती नहीं है।

### सेशन चलता है तो राहुल विदेश चले जाते हैं : रिजिजू

**संसदीय** मंत्री किरेन रिजिजू ने गोगोई को जवाब देते हुए कहा कि इन लोगों ने पहले आरोप लगाया कि राहुल को बोलने नहीं दिया जाता है। मैं कहता हूं 15वीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष केवल 2 बार बोले। जब सेशन चलता है, तो विदेश चले जाते हैं। नेता प्रतिपक्ष अपनी बात बोल के सदन से भाग जाते हैं। किसी और की बात नहीं सुनते हैं। फिर कहते हैं कि मुझे बोलने नहीं दिया जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### नेवल में बोलेरो खाई में गिरी, चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** नेवल में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बोलेरो कैंपर के चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस चौकी ज्यूरी की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा सोमवार देर रात करीब 11:50 बजे चंदू डांगा के पास पेश आया। बताया जा रहा है कि बोलेरो कैंपर (नंबर एचपी 26ए-4438) के मालिक व चालक विनोद कुमार (38) पुत्र हरि सिंह नेगी, निवासी गांव नानन, जिला शिमला, यात्रियों को ज्यूरी से काओबिल छोड़कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नेवल के समीप अचानक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 200 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरा। हादसा इतना भीषण था कि चालक विनोद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस चौकी ज्यूरी की टीम मौके पर पहुंची और सरकारी जांच में चालक को मृत पाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए खनेरी अस्पताल भेज दिया है। वहीं हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।




### शिमला में तिब्बती समुदाय की आजादी समर्थन रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** तिब्बत राष्ट्रीय विद्रोह दिवस की 67वीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार शाम शिमला में तिब्बती समुदाय ने आजादी के समर्थन में रैली निकाली। शाम लगभग पांच बजे शेर-ए-पंजाब से शुरू हुई यह रैली लोअर बाजार से होकर गुजरी, जहां प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाते हुए तिब्बत की स्वतंत्रता की मांग उठाई। रैली के दौरान क्षेत्र में कुछ समय तक माहौल नारों से गूंजता रहा। इस प्रदर्शन में तिब्बती समुदाय के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने तिब्बत की आज़ादी और मानवाधिकारों की रक्षा की मांग करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखी और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी इस मुद्दे पर ध्यान देने की अपील की।

### शिमला में 268 ग्राम चरस समेत दो दबोचे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले में पुलिस ने चौपाल के नेरवा क्षेत्र में दो व्यक्तियों को 268 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 9 मार्च 2026 को उस समय की गई जब पुलिस टीम ने फेडीजपुल क्षेत्र में नियमित जांच के लिए नाका लगाया हुआ था। इसी दौरान उत्तराखंड नंबर की एक स्कूटी फेडीजपुल की ओर आती दिखाई दी, जिसे रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर स्कूटी सवार दोनों व्यक्ति भागने लगे, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उन्हें गुम्मा के पास पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 268 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपियों की पहचान उत्तरकाशी जिले के गांव धोतरी उडरी निवासी सूरज रावत और देहरादून के पटेल नगर निवासी शिवम रावत के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों उत्तराखंड से चरस लाकर स्थानीय युवाओं को बेचने की फिराक में थे। मामले की आगे की जांच जारी है।

### शिमला में कबाड़ के स्टोर में लगी आग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के बालूगंज थाना क्षेत्र के तहत हीरानगर के पास शडोग गांव में मंगलवार को कबाड़ के एक स्टोर में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और सड़क किनारे खड़ी कई गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग से कबाड़ के स्टोर के साथ-साथ पास में खड़ी कुछ गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है।

# सरकारी सीबीएसई स्कूलों में बढ़ा दाखिलों का ग्राफ

## विंटर क्लोजिंग क्षेत्रों के 18 स्कूलों में बढ़े दाखिले, सरकार के सुधारात्मक कदमों का दिखने लगा असर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी सीबीएसई विद्यालयों के प्रति अभिभावकों का विश्वास लगातार मजबूत होता जा रहा है। विंटर क्लोजिंग क्षेत्रों के 18 सरकारी विद्यालयों में इस वर्ष दाखिलों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार अधिक संख्या में विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है, जिससे सरकारी विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता और व्यवस्थाओं के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ने का स्पष्ट संकेत मिला है। शिक्षा विभाग के अनुसार इन विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या में हुई वृद्धि यह दर्शाती है कि सरकारी स्कूल अब अभिभावकों और विद्यार्थियों की प्राथमिक पसंद बनने लगे हैं।

दाखिलों के आंकड़ों पर नजर डालें तो प्रदेश के कई प्रमुख सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। पंडित जवाहरलाल नेहरू केंद्रीय विद्यालय किलाड़ में पिछले वर्ष 127 विद्यार्थियों की तुलना में इस वर्ष 144 विद्यार्थी हो गए हैं, जबकि सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोहड़ में 278 से बढ़कर 465 विद्यार्थी पहुंच गए हैं। इसी प्रकार शहीद जितेंद्र स्कूल चौहली में 100 से बढ़कर 137, मुख्यमंत्री आदर्श विद्यालय मोहन में 142 से बढ़कर 144 तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूल काणू में 231 से बढ़कर 241 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। सरकारी मॉडल स्कूल कागा में 38 से 39 और


फाइल फोटो

सीनियर सेकेंडरी स्कूल चिवालसर में 300 से बढ़कर 304 विद्यार्थियों का दाखिला दर्ज हुआ है। इसके अलावा सरकारी मॉडल स्कूल जजेहड़ी में विद्यार्थियों की संख्या 180 से बढ़कर 353 तक पहुंच गई है, जबकि सीनियर सेकेंडरी स्कूल वड्डीधार में 84 से बढ़कर 87 विद्यार्थी हो गए हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्कूल टेहड़ू में पिछले वर्ष 435 के मुकाबले इस वर्ष 559 विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। मॉडल स्कूल घनाट्टी में 180 से बढ़कर 187, सरकारी उत्कृष्ट विद्यालय बीपल में 329 से बढ़कर 394, सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुफरी में 494 से बढ़कर 543 तथा सरकारी उत्कृष्ट विद्यालय नौलखा में 555 से बढ़कर 710 विद्यार्थियों का दाखिला दर्ज किया गया है।

इसके साथ ही पीजेएन स्कूल कोटी में 130 से बढ़कर 153, पीजेएन स्कूल दियोग में 315 से बढ़कर 328, सीनियर सेकेंडरी स्कूल टिक्कर में 121 से बढ़कर 152 तथा पीजेएन स्कूल औब में 117 से बढ़कर 166 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि प्रदेश के सरकारी सीबीएसई विद्यालयों में इस वर्ष विद्यार्थियों की संख्या में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई है और कई विद्यालयों में सीटें लगभग भरने की स्थिति में पहुंच चुकी हैं।

### सरकारी विद्यालयों की मजबूती पर सरकार का फोकस: रोहित ठाकुर



**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य सरकारी विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि विंटर क्लोजिंग क्षेत्रों के 18 सरकारी सीबीएसई विद्यालयों में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक विद्यार्थियों के दाखिले होना इस बात का प्रमाण है कि अभिभावकों का विश्वास सरकारी शिक्षा प्रणाली पर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार विद्यालयों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने, शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और शैक्षणिक गतिविधियों को मजबूत बनाने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कई विद्यालयों में सीटें लगभग भर चुकी हैं, जो इस बात का संकेत है कि सरकारी विद्यालय अब निजी विद्यालयों के विकल्प के रूप में तेजी से उभर रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में भी सरकार शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए ठोस कदम उठाती रहेगी, ताकि प्रदेश के विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध हो सके और सरकारी विद्यालय प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था का मजबूत आधार बनें।

### अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं के लिए निशुल्क कौशल विकास पाठ्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और विशेष रूप से सक्षम लोगों के सशक्तिकरण विभाग द्वारा प्रदेश के अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं के लिए प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अंतर्गत नि:शुल्क कौशल विकास पाठ्यक्रम आरंभ किए गए हैं। विभाग के प्रवक्ता ने मंगलवार को यहां बताया कि यह प्रशिक्षण नाइलिट शिमला के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें युवाओं को आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों से जुड़ी व्यावहारिक शिक्षा प्रदान की जाएगी।


- पीएम-अजय योजना के तहत तीन माह का प्रशिक्षण
- प्रशिक्षुओं को मिलेगा प्रतिमाह दो हजार रुपए वजीफा

उन्होंने बताया कि इस पहल के अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के मूल सिद्धांत, कार्यालय स्वचालन, लेखांकन तथा प्रकाशन सहायक जैसे पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के पाठ्यक्रम के लिए किसी भी विषय में स्नातक तथा अन्य पाठ्यक्रमों के लिए किसी भी संकाय में बारहवीं उत्तीर्ण युवा पात्र होंगे। तीन माह की अवधि वाले इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान पात्र प्रशिक्षुओं को योजना के प्रावधानों के अनुसार प्रतिमाह दो हजार रुपये वजीफा भी प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी नाइलिट की आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं अथवा अपने संबंधित जिला कल्याण अधिकारी या निकटतम नाइलिट केंद्र से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# एनएमएमएस परीक्षा में चियोग स्कूल की छात्रा प्रेरणा सफल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग की नवमी कक्षा की छात्रा प्रेरणा ने राष्ट्रीय माध्यमिक मेरिट छात्रवृत्ति योजना परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने बताया कि बीते वर्ष 2 नवंबर को आयोजित इस परीक्षा में प्रेरणा ने जिला शिमला में 21वां स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा काफी प्रतिस्पर्धात्मक होती है


छात्रा को सम्मानित करते प्रधानाचार्य संदीप शर्मा। अनंत ज्ञान

- चार वर्षों तक प्रतिमाह एक हजार रुपए मिलेगी छात्रवृत्ति

प्रधानाचार्य ने बताया कि इस उपलब्धि के साथ ही छात्रा को आगामी चार वर्षों तक अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए सरकार की ओर से प्रतिमाह एक हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य ने छात्रा को सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

# एपचीयू में नशे व गुंडागर्दी के खिलाफ एसएफआई की रैली

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में बढ़ते नशे और परिसर में फैल रही गुंडागर्दी के विरोध में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की विश्वविद्यालय इकाई ने मंगलवार को रैली निकालकर विरोध दर्ज किया। यह रैली विश्वविद्यालय गेट से शुरू होकर विधि विभाग तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए। रैली के माध्यम से छात्रों ने परिसर में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरियों को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया।



रैली निकालते एसएफआई के पदाधिकारी और छात्र। अनंत ज्ञान

एसएफआई के परिसर सचिव मुकेश ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परिसर में नशे की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है और यह जगह धीरे-धीरे नशे का अड्डा बनती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नशे के आदी लोगों द्वारा कई घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन इस पर प्रभावी कार्रवाई करने में असफल रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने के बावजूद ऐसे लोग परिसर में सक्रिय हैं, जो छात्रों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं।

परिसर अध्यक्ष योगी कृपेश ने कहा कि हाल ही में एक नशे के आदी व्यक्ति ने विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में एक छात्र पर तेज चाकू से हमला कर दिया, जिससे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गया है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि छात्र एकजुट होकर कैंपस में बढ़ रही गुंडागर्दी और असुरक्षा के खिलाफ आवाज उठाएं। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की कि हमले के आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को तत्काल सुदृढ़ किया जाए।

# नाथपा-झाकड़ी जलविद्युत स्टेशन ने 150 बिलियन यूनिट बिजली उत्पादन का आंकड़ा किया पार

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** देश के सबसे बड़े भूमिगत जलविद्युत स्टेशन नाथपा-झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन झाकड़ी ने स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में एक नई ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 150 बिलियन यूनिट के संचयी विद्युत उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया है। इस उपलब्धि पर एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक भूपेंद्र गुप्ता ने नाथपा-झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन की पूरी टीम को बधाई दी।



इस अवसर पर एनजेएचपीएस पावर हाउस में एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक भूपेंद्र गुप्ता और निदेशक (कार्मिक) अजय कुमार शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आरएचपीएस के परियोजना प्रमुख विकास मारवाह, एलएचईपी-1 के परियोजना प्रमुख विकास शर्मा तथा एसजेवीएन के उप मुख्य सतर्कता अधिकारी मनमीत गुप्ता भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भूपेंद्र गुप्ता ने कहा कि मई 2004 में कमीशन होने के बाद से नाथपा-झाकड़ी जलविद्युत स्टेशन ने लगातार उत्कृष्ट संचालन विश्वसनीयता का प्रदर्शन किया है।

उन्होंने बताया कि एनजेएचपीएस ने वर्ष 2011-12 में 7,610.257 मिलियन यूनिट का अब तक का सर्वाधिक वार्षिक विद्युत उत्पादन दर्ज किया था। इसके बाद जुलाई 2024 में 1,222.170 मिलियन यूनिट का मासिक उत्पादन और 13 अगस्त 2024 को 39.572 मिलियन यूनिट का सर्वाधिक दैनिक उत्पादन दर्ज किया गया।

वहीं, एनजेएचपीएस के परियोजना प्रमुख राजीव कपूर ने इस उपलब्धि के लिए एसजेवीएन प्रबंधन, विद्युत मंत्रालय, हिमाचल प्रदेश सरकार और सभी कर्मचारियों, ठेकेदारों, संविदा कर्मियों तथा स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया।

# रामपुर के तीन सरकारी स्कूलों को मिला सीबीएसई का दर्जा

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** रामपुर बुशहर उपमंडल के शिक्षा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत क्षेत्र के तीन सरकारी विद्यालयों को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध कर दिया गया है। इससे अब इन विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षा मिल सकेगी।

प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए बेहतर आधार देने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है। इसके तहत रामपुर खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झाखड़ी, पदम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामपुर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दत्तनगर को सीबीएसई से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। प्रदेश सरकार ने हाल ही में हिमाचल प्रदेश के लगभग 152 सरकारी विद्यालयों को सीबीएसई प्रणाली से जोड़ने का निर्णय लिया है, जिनमें रामपुर क्षेत्र के ये तीन विद्यालय भी शामिल हैं। संभावना है कि आगामी शैक्षणिक सत्र से इन विद्यालयों में सीबीएसई के पाठ्यक्रम और मापदंडों के अनुसार पढ़ाई शुरू होगी तथा ग्रीष्मकालीन सत्र के तहत एक अप्रैल से प्रवेश प्रक्रिया भी आरंभ हो सकती है।

इस निर्णय से क्षेत्र के अभिभावकों और विद्यार्थियों में उत्साह है। लोगों का कहना है कि अब बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए निजी विद्यालयों या अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा, जबकि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामपुर में अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे।

# पीरन स्कूल में प्रधानाचार्य सहित पांच पद रिक्त

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीरन में लंबे समय से शिक्षकों के कई पद रिक्त होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जानकारी के अनुसार विद्यालय में बीते वर्ष से प्रधानाचार्य सहित कुल पांच पद खाली चल रहे हैं।




- छात्रों की शिक्षा पर पड़ रहा असर

विशेष रूप से टीजीटी आर्ट्स के दो पद रिक्त होने से छात्रों को पर्याप्त विषय अध्यापन नहीं मिल पा रहा है, जबकि अन्य शिक्षकों पर पहले ही अधिक कार्यभार है। इसके अलावा लिपिक वर्ग के भी दो पद वर्षों से खाली हैं और केवल अधीक्षक ग्रेड-2 का एक पद भरा हुआ है, जिनके कंधों पर पूरे लिपिकीय कार्य का बोझ आ गया है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2007 में इस विद्यालय को दस जमा दो का दर्जा प्रदान किया गया था, लेकिन लगभग उन्नीस वर्षों के लंबे अंतराल में यहां से आज तक कोई भी विद्यार्थी बोर्ड की मेरिट सूची में स्थान नहीं बना पाया है और न ही खेल तथा अन्य गतिविधियों में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज कर सका है।

स्थानीय लोगों के अनुसार विद्यालय में लंबे समय से शिक्षकों की कमी बनी हुई है, जिसके कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई लगातार प्रभावित होती रही है और छात्रों की संख्या भी हर वर्ष घटती जा रही है। विद्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षा के लिए सरकार ने कंप्यूटर प्रयोगशाला स्थापित की है, लेकिन आईटी शिक्षक न होने के कारण वर्षों से कंप्यूटर कमरे में ही धूल फांक रहे हैं। वहीं कॉमर्स और विज्ञान विषय उपलब्ध न होने के कारण विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए सोलन अथवा जुन्गा जाना पड़ता है, जिससे अनेक छात्र बारहवीं के बाद पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। स्थानीय लोगों ने सरकार से मांग की है कि प्रदेश में बंद किए गए स्कूलों से सरप्लस हुए शिक्षकों में से कम से कम दो टीजीटी को इस विद्यालय में तैनात किया जाए ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई सुचारु रूप से चल सके।

### शीघ्र भरे जा रहे पद: डिप्टी डायरेक्टर

**इस** संबंध में उपनिदेशक उच्च शिक्षा शिमला लेखराज ने बताया कि प्रधानाचार्य का पद शीघ्र भरने की प्रक्रिया चल रही है तथा अन्य रिक्त पदों को भरने के लिए विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ पत्राचार किया गया है।

# शिमला में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले में पुलिस ने कृष्णा नगर क्षेत्र में हुई गैस सिलेंडर चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शिकायतकर्ता पवन कुमार निवासी कृष्णा नगर ने पुलिस को बताया कि वह 5 मार्च 2026 को अपने परिवार के साथ माता वैष्णो देवी मंदिर दर्शन के लिए गए थे। 9 मार्च को घर लौटने पर उन्होंने देखा कि रसोईघर का ताला टूटा हुआ था और दरवाजा खुला पड़ा था। जांच करने पर रसोई से दो गैस सिलेंडर गायब मिले, जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

मामले की जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि 7 मार्च को अनिकेत नामक युवक को क्षेत्र से गैस सिलेंडर उठाकर लालपानी की ओर जाते हुए देखा गया था। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने डाउनडेल, रेलवे पार्किंग और पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया और आरोपी अनिकेत को डाउनडेल क्षेत्र से हिरासत में ले लिया। पूछताछ में संतोषजनक जवाब न देने और मामले में संलिप्तता पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है तथा चोरी किए गए सिलेंडरों की बरामदगी के लिए आगे की कार्रवाई जारी है।

विरोध

## शिमला में बिजली बोर्ड मुख्यालय के बाहर जुटे कर्मचारी, अभियंता और पेंशनर्स

# बिजली संशोधन विधेयक के खिलाफ कर्मचारियों का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक-2025 के खिलाफ कर्मचारियों, अभियंताओं और पेंशनरों का गुस्सा खुलकर सामने आ गया है। राष्ट्रीय स्तर पर दिए गए आह्वान के तहत मंगलवार को प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन किए गए। राज्य की राजधानी शिमला में बिजली बोर्ड मुख्यालय के बाहर सैकड़ों कर्मचारियों, अभियंताओं और पेंशनरों ने संयुक्त मोर्चा ज्वॉइंट एक्शन कमेटी के बैनर तले जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विधेयक को कर्मचारी विरोधी तथा जनविरोधी बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग उठाई।


शिमला में बिजली बोर्ड के कर्मचारी, अभियंता और पेंशनर प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

प्रदर्शन के दौरान कर्मचारी नेताओं ने कहा कि बिजली क्षेत्र से जुड़ा यह प्रस्तावित संशोधन सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनियों को कमजोर करने की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधेयक के माध्यम से बिजली वितरण क्षेत्र में निजी कंपनियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे सरकारी संस्थानों की भूमिका सीमित हो जाएगी और उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ सकता है। कर्मचारियों का कहना है कि हिमाचल जैसे पर्वतीय और भौगोलिक दृष्टि से कठिन प्रदेश में बिजली वितरण व्यवस्था को निजी कंपनियों के हवाले करना न केवल अव्यावहारिक है बल्कि इससे ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में सेवा प्रभावित होने की आशंका भी बढ़ जाएगी।

प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी कर्मचारियों ने इस विधेयक के विरोध में आवाज बुलंद की। शिमला के साथ-साथ धर्मशाला में भी बिजली बोर्ड के कर्मचारियों, अभियंताओं और पेंशनरों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार से विधेयक को वापस लेने की मांग की। कर्मचारियों ने कहा कि प्रस्तावित प्रावधानों में एक ही क्षेत्र में कई वितरण लाइसेंस देने, तार और आपूर्ति व्यवस्था को अलग करने तथा लागत आधारित बिजली दर लागू करने जैसे प्रावधान शामिल हैं, जो आगे चलकर बिजली क्षेत्र के निजीकरण का रास्ता खोल सकते हैं।

### मांगें न मानीं तो और तेज होगा आंदोलन

**प्रदर्शन** को संबोधित करते हुए विभिन्न कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने कर्मचारियों और आम उपभोक्ताओं की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए विधेयक को आगे बढ़ाया, तो देशभर के बिजली कर्मचारी संगठनों के साथ मिलकर आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली जैसी बुनियादी सेवा को मुनाफे के लिए निजी कंपनियों के हवाले करने की किसी भी कोशिश का कर्मचारी वर्ग और आम जनता मिलकर विरोध करेगी।

# शिमला जिला कोर्ट में रखा है बम; ई-मेल से धमकी, मचा हड़कंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के चक्कर स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने से मंगलवार को हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन हरकत में आ गए और एहतियात के तौर पर पूरे अदालत परिसर को खाली करवा दिया गया। इसके बाद बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की मदद से पूरे परिसर की सघन तलाशी ली गई।

- पुलिस ने खाली करवाया परिसर, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड ने की जांच

पुलिस ने अदालत भवन सहित आसपास के क्षेत्रों की बारीकी से जांच की, लेकिन तलाशी के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु या बम बरामद नहीं हुआ। जांच के बाद स्थिति सामान्य कर दी गई और अदालत में कामकाज फिर से शुरू हो गया। पुलिस ने बालूगंज थाना में मामला दर्ज कर लिया है और धमकी भरा ईमेल भेजने वाले की पहचान के लिए डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

# हिमाचल में गैस संकट गहराया

## कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई अनिश्चितकाल के लिए बंद

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की सप्लाई अचानक रोक दिए जाने से उद्योगों और कारोबारियों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। केंद्र सरकार के निर्देशों के बाद प्रदेशभर में 19 किलोग्राम, 47.5 किलोग्राम और बड़े औद्योगिक सिलेंडरों की रिफिलिंग अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दी गई है। इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य घरेलू उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना बताया जा रहा है, ताकि आम लोगों को गैस की कमी का सामना न करना पड़े।

ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े सूत्रों के अनुसार पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, विशेषकर ईरान और इजराइल के बीच जारी टकराव के कारण अंतरराष्ट्रीय गैस आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। इसी संभावित संकट को देखते हुए केंद्र सरकार ने पहले से ही एहतियाती कदम उठाते हुए व्यावसायिक सिलेंडरों की सप्लाई सीमित करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों का कहना है कि घरेलू गैस की उपलब्धता बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है।

◆ **घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने के लिए लिया गया फैसला**

बताया गया है कि प्रदेश का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ (बीबीएन) इस फैसले से सबसे अधिक प्रभावित माना जा रहा है। यहां स्थित फार्मा, पैकेजिंग, खाद्य प्रसंस्करण, गत्ता निर्माण और अन्य कई उद्योगों में उत्पादन प्रक्रिया के लिए बड़े पैमाने पर एलपीजी का उपयोग किया जाता है। सप्लाई रुकने से उद्योगों के सामने उत्पादन बनाए रखने की चुनौती खड़ी हो गई है और कई इकाइयों को वैकल्पिक ईंधन की तलाश करनी पड़ रही है।

### होटलों, ढाबों और छोटे कारोबारियों की बढ़ी चिंता

**कमर्शियल** गैस सिलेंडर की आपूर्ति बंद होने से होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों की चिंता भी बढ़ गई है। प्रदेश के पर्यटन क्षेत्रों में रोजाना बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं और इन व्यवसायों की रसोई पूरी तरह कमर्शियल सिलेंडरों पर निर्भर रहती है। यदि स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो खानपान से जुड़े कारोबारियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है।

### अभी स्पष्ट नहीं, कब बहाल होगी आपूर्ति

गैस कंपनियों और वितरकों के बीच हाल ही में परवाणू में एक उच्च स्तरीय बैठक भी हुई है, लेकिन सप्लाई दोबारा शुरू होने की कोई निश्चित समयसीमा अभी तय नहीं हो पाई है। शिमला स्थित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें केंद्र सरकार से मौखिक निर्देश मिल चुके हैं, जबकि नागरिक आपूर्ति विभाग को अभी लिखित आदेश मिलने का इंतजार है। फिलहाल प्रदेश में कमर्शियल गैस की उपलब्धता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है, जिससे उद्योगों और व्यापार से जुड़े वर्गों में चिंता का माहौल है।

## हिमाचल में आम आदमी पार्टी ने बढ़ाया अपना कुनबा, अध्यक्ष और महामंत्री किए नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** आम आदमी पार्टी ने राज्य में संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सभी विधानसभा क्षेत्रों में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। पार्टी द्वारा जारी सूची के अनुसार प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में कुल 48 विधानसभा क्षेत्रों और 43 विधानसभा संगठन महामंत्री नियुक्त किए गए हैं। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि इन नियुक्तियों के माध्यम से संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय बनाया जाएगा और कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां देकर पार्टी की गतिविधियों को और तेज किया जाएगा।

पार्टी के अनुसार इन नियुक्तियों का उद्देश्य आगामी राजनीतिक और संगठनात्मक गतिविधियों के लिए मजबूत ढांचा तैयार करना है। नए पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करने और जनता के बीच पार्टी की नीतियों को पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि इससे प्रदेश में संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ जनसंपर्क भी बढ़ेगा।

इसके साथ ही पार्टी ने प्रदेश स्तर पर चार सह प्रभारी भी नियुक्त किए हैं। इनमें दीपक झा, सुरेंद्र पंडित, सौरभ बहल और छाया तिवारी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी नेताओं का कहना है कि नए सह प्रभारी संगठन के विस्तार, कार्यक्रमों के संचालन और कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# हिमाचल की आवाज राज्यसभा में बुलंद करेंगे अनुराग शर्मा

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा नवनिर्वाचित होने के बाद पहली बार अपने गृह क्षेत्र पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें अपने पिता की पुश्तैनी विरासत और कारोबार को संभालकर आगे बढ़ाने पर हमेशा गर्व रहेगा। उन्होंने कहा कि एक अच्छे पुत्र की तरह उन्होंने अपने पिता के व्यवसाय को आगे बढ़ाया है, न कि एक कपूत की तरह पिता की संपत्ति को नष्ट किया है।



उन्होंने कहा कि उनके स्वर्गीय पिता प्यारेलाल शर्मा ने अपने समय में 80 फुट लंबा पुल बनाकर क्षेत्र में एक नया इतिहास रचा था। उस दौर में इस तरह के बड़े निर्माण कार्य सामान्यत: गैमोन इंडिया जैसी बड़ी कंस्ट्रक्शन कंपनियां ही किया करती थीं, लेकिन उनके पिता ने यह कार्य कर क्षेत्र में एक मिसाल कायम की थी। उन्होंने कहा कि उनके पिता द्वारा शुरू किया गया यह पुश्तैनी कारोबार आज भी लोगों के लिए रोजगार का बड़ा माध्यम बना हुआ है और इससे लगभग दो से अढ़ाई सौ लोगों को रोजगार मिल रहा है। इसके लिए उन्हें अपने पिता पर हमेशा गर्व और सम्मान की भावना रहती है।

◆ **पुश्तैनी विरासत पर गर्व राहुल गांधी व सीएम सुक्खू का जताया आभार**

अनुराग शर्मा ने कहा कि उनका राजनीतिक सफर छात्र जीवन से शुरू हुआ। पहले वे नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) से जुड़े, उसके बाद भारतीय युवा कांग्रेस में सक्रिय भूमिका निभाई और अब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सच्चे सिपाही के रूप में संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे दिल्ली में भी सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन और निर्देशों के अनुसार कार्य करते रहेंगे। अनुराग शर्मा ने कहा कि स्थानीय विधायक किशोरी लाल का वे बहुत आदर और सम्मान करते हैं तथा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए सांसद निधि के वितरण से पहले उन्हें विश्वास में लेकर ही निर्णय लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक बड़ा संगठन है और इसमें किसी भी प्रकार का शॉर्टकट तरीका नहीं अपनाया जाता। संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से ही संभव होती है।

शर्मा ने कहा कि वे अपना पुश्तैनी ठेकेदारी का कारोबार करते हैं और उसमें सरकार के नियमों के अनुसार जीएसटी तथा आयकर का नियमित रूप से भुगतान करते हैं। किसी भी व्यक्ति को ईमानदारी से कारोबार करने का पूरा अधिकार है। जो लोग उनके बारे में भ्रामक प्रचार कर रहे हैं, उन्हें पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। अनुराग शर्मा ने अपनी नियुक्ति पर राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, तथा विशेष रूप से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व के विश्वास और कार्यकर्ताओं की दिन-रात की मेहनत के कारण ही उन्हें यह जिम्मेदारी मिली है और वे इस विश्वास पर हमेशा खरा उतरेंगे।

# हर्ष महाजन ने संसद में उठाया हिमाचल में केंद्रीय स्वास्थ्य योजनाओं के फंड का मुद्दा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने संसद में हिमाचल प्रदेश में केंद्रीय स्वास्थ्य योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त निधियों के आवंटन और उपयोग का मुद्दा उठाया। इस पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के माध्यम से हिमाचल प्रदेश को लगातार वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। मंत्रालय के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 से 2024-25 के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्रदेश को सैकड़ों करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता जारी की गई, जिसका उपयोग स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार करने और ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के अंतर्गत भी प्रदेश को स्वास्थ्य संस्थानों की क्षमता बढ़ाने तथा भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक आधारभूत ढांचा मजबूत करने हेतु सहायता प्रदान की गई है।



स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश को वर्ष 2022-23 में 64.32 करोड़ रुपए, वर्ष 2023-24 में 47.91 करोड़ रुपए तथा वर्ष 2024-25 में 49.71 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता दी गई है। वहीं, चिकित्सा शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश के छह सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय शिमला, कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, नाहन और चंबा में 120 एमबीबीएस सीटें बढ़ाने को स्वीकृति दी गई, जिसके लिए वर्ष 2022-23 में 35.64 करोड़ रुपए जारी किए गए। इसके अतिरिक्त नर्सिंग शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से ऊना, हमीरपुर और नाहन में नए नर्सिंग महाविद्यालय स्थापित करने के लिए लगभग 27 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

# हिमाचल में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मंगलवार देर रात से मौसम का मिजाज बदलने जा रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण प्रदेश के कई जिलों में बारिश के साथ ओलावृष्टि का असर भी देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 11 से 14 मार्च के बीच चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला सहित कई इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना बनी हुई है, जिससे तापमान में गिरावट आ सकती है और लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है।

◆ **चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला में येलो अलर्ट**

◆ **तेज हवाओं और तापमान में गिरावट का अनुमान**



मौसम विभाग ने बताया कि इन दिनों 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। इसी को देखते हुए कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। किन्नौर और लाहौल-स्पीति जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी तेज हवाओं और हल्की बारिश की चेतावनी दी गई है, जिससे मौसम अचानक करवट ले सकता है। प्रदेश में जहां फिलहाल कई स्थानों पर हीटवेव जैसी स्थिति बनी हुई है, वहीं मौसम में बदलाव के बाद हालात बदलने की संभावना है। कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और सोलन जिलों में अभी भी गर्मी का असर बना हुआ है, लेकिन आने वाले दिनों में बादल छाने, बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

मौसम विभाग शिमला के अनुसार 11 से 15 मार्च के बीच मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बारिश और बर्फबारी की भी संभावना बनी हुई है। ऐसे में किसानों और बागवानों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है, क्योंकि ओलावृष्टि का असर फसलों और फलदार पौधों पर पड़ सकता है। वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए लोगों को भी सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

# सीएम सुक्खू आज आईजीएमसी में करेंगे रोबोटिक शल्य चिकित्सा सुविधा का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक तकनीक से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू 11 मार्च को शिमला स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय में रोबोटिक शल्य चिकित्सा सुविधा का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। प्रातः 11 बजे आयोजित इस कार्यक्रम के साथ ही प्रदेश में अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक की शुरुआत होगी, जिससे जटिल शल्य क्रियाओं को अधिक सटीक और सुरक्षित तरीके से किया जा सकेगा।



◆ **प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र को मिलेगी अत्याधुनिक तकनीक**

◆ **महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों पर होगा विशेष संवाद**

इस अत्याधुनिक व्यवस्था के प्रारंभ होने से मरीजों को बेहतर उपचार, कम समय में स्वस्थ होने और जटिल ऑपरेशन में अधिक सटीकता का लाभ मिलने की उम्मीद है। विशेषज्ञों के अनुसार रोबोटिक शल्य चिकित्सा प्रणाली आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं में एक बड़ा कदम मानी जाती है और इससे प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों की क्षमता भी मजबूत होगी।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री आईजीएमसी के सभागार में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगे। इस अवसर पर 'सभी महिलाओं और बालिकाओं के लिए अधिकार, न्याय और कार्रवाई' विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें महिलाओं के अधिकारों, समान अवसरों और सशक्तिकरण सेजुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

# पीएम विश्वकर्मा योजना पर राज्यसभा में उठा चंबा के कारीगरों का मुद्दा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद में चंबा जिले के पारंपरिक कारीगरों से जुड़े मुद्दे उठाए और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) मंत्रालय से सवाल किया कि दूरस्थ क्षेत्रों में दस्तावेजों की कमी और पहचान सत्यापन की कठिनाइयों से जूझ रहे कारीगरों की मदद के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं।

उन्होंने यह भी पूछा कि कमजोर इंटरनेट कनेक्टिविटी के कारण पीएम विश्वकर्मा पोर्टल पर पंजीकरण में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए डिजिटल अवसंरचना सुधार की कोई योजना है या नहीं और इससे कारीगरों की आय और उत्पादन क्षमता में कितना लाभ होगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग राज्य मंत्री शोभा करांदलाजे ने बताया कि योजना में त्रिस्तरीय ऑनलाइन सत्यापन प्रक्रिया लागू है, जिसमें ग्राम पंचायत या शहरी निकाय, जिला कार्यान्वयन समिति और एमएसएमई विकास कार्यालय की स्क्रीनिंग समिति शामिल है। दूरस्थ क्षेत्रों के कारीगरों के लिए सामान्य सेवा केंद्रों के माध्यम से पंजीकरण की सुविधा और जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

◆ **डॉ. सिकंदर ने दूरस्थ क्षेत्रों की समस्याओं और इंटरनेट बाधाओं पर सरकार से मांगा जवाब**

5 मार्च 2026 तक पीएम विश्वकर्मा पोर्टल पर 2.72 करोड़ आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 30 लाख पंजीकरण पूरे किए जा चुके हैं। योजना के तहत कारीगरों को कौशल उन्नयन प्रशिक्षण, रियायती ऋण, आधुनिक उपकरण, डिजिटल लेनदेन प्रोत्साहन और विपणन सहयोग दिया जाता है। हालांकि, चंबा के पारंपरिक शिल्प के लिए अलग रियायती व्यापार जोखिम बीमा की फिलहाल कोई योजना नहीं है।

# ऊना के बुजुर्ग से करीब एक करोड़ की ठगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नॉर्थ जोन साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन धर्मशाला के तहत करीब एक करोड़ रुपए की ठगी का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार ऊना के रहने वाले 71 वर्ष के व्यक्ति के साथ यह ठगी शातिरों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर की है।

◆ **शातिरों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर लगाई चपत**

जानकारी के अनुसार साइबर थाना नॉर्थ जोन में दर्ज करवाई गई अपनी शिकायत में पीड़ित बुजुर्ग ने बताया कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर उनके साथ धोखाधड़ी की गई । इस धोखाधड़ी में उससे कुल 94,50,000 की ठगी की गई है।

जानकारी के अनुसार उसे ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर इनवेस्ट करने के लिए लिंक भेजा गया तथा इस लिंक से उसने अब तक करीब एक करोड़ रुपए की राशि इनवेस्ट कर दी। बाद में जब उसे ठगे जाने का आभास हुआ तो उसने पुलिस थाना साइबर, नॉर्थ जोन में इसकी शिकायत दर्ज करवाई। पीड़ित की शिकायत के आधार पर साइबर पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) बीएनएस तथा आईटी एक्ट की धारा 66डी के अंतर्गत मामला दर्ज कर आगामी आगामी जांच शुरू कर दी है। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए डीआईजी साइबर क्राइम रोहित मालपानी ने बताया कि जिला ऊना के एक व्यक्ति के साथ करीब 94.50 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी हुई है।

# दृष्टिबाधित बेरोजगारों का सचिवालय के पास प्रदर्शन



सचिवालय के समीप बैकलॉग भर्तियों की मांग को लेकर प्रदर्शन करते दृष्टिबाधित बेरोजगार संघ के सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला में दृष्टिबाधित बेरोजगार संघ ने लंबित बैकलॉग भर्तियों को शीघ्र भरने की मांग को लेकर मंगलवार को सचिवालय के समीप प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कुछ पदाधिकारी सड़क पर बैठ गए, जिससे कुछ समय के लिए चक्का जाम की स्थिति बन गई और आसपास के क्षेत्रों में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

◆ **सड़क जाम से यातायात प्रभावित**

स्थिति को सामान्य बनाने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को सड़क के एक किनारे किया और यातायात बहाल करवाया। हालांकि इस दौरान छोटा शिमला क्षेत्र में कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा और लोगों को जाम से जूझना पड़ा।

# हिमाचल में बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं का सांसद सुरेश ने लोकसभा में उठाया मुद्दा


अनंत ज्ञान

**शिमला।** शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद सुरेश कश्यप ने लोकसभा में हिमाचल प्रदेश, विशेषकर शिमला और अन्य पहाड़ी क्षेत्रों में बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने 2025 के मानसून और प्री-मानसून में अत्यधिक वर्षा, शहरी बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की और केंद्र सरकार से पूछा कि इन परिस्थितियों से निपटने के लिए कौन-कौन से कदम उठाए जा रहे हैं।

इस पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि देश में आपदा प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक और आधुनिक निगरानी प्रणालियों का व्यापक इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 में संशोधन कर धारा 41-ए जोड़ी गई है, जिससे राज्य सरकारों को नगर निगम क्षेत्रों में शहरी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बनाने का अधिकार मिला है। केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय आपदा डाटाबेस और पूर्व चेतावनी प्रणाली पर भी जोर दिया। इस डेटाबेस में जोखिम आकलन, शमन योजनाएं और आपदाओं से संबंधित वास्तविक समय का डेटा संकलित होगा। मौसम विभाग सात दिन पहले तक पूर्वानुमान देने की क्षमता विकसित कर रहा है और मिशन मौसम के तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सिमुलेशन प्रणाली बनाई जा रही है, जिससे संभावित आपदाओं का पहले से आकलन संभव होगा। गृह मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि और राष्ट्रीय आपदा शमन निधि के माध्यम से राज्यों को आर्थिक सहायता दी जाती है। वर्ष 2025-26 के दौरान राज्यों को राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि से 4576.7 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी और आपदा-संवेदनशील राज्यों के लिए आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक पूर्वानुमान आधारित सुदृढ़ आपदा प्रबंधन व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है और प्रदेश की जनता की सुरक्षा उनके लिए प्राथमिकता है।

# किताबों के बिना सीबीएसई स्कूलों में पढ़ाई कैसे करेंगे विद्यार्थी : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सरकार ने पिछले दो वर्षों से कई सरकारी स्कूलों को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत लाने की घोषणा तो कर दी, लेकिन इसके लिए आवश्यक तैयारियां अब तक पूरी नहीं की गईं। उन्होंने कहा कि कई स्कूलों में एक माह पहले से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की पढ़ाई शुरू कर दी गई है, लेकिन विद्यार्थियों को अब तक पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध नहीं करवाई गई हैं। ऐसे में बच्चों को बिना किताबों के ही पढ़ाई करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे स्कूलों में अफरातफरी का माहौल बन गया है।



जयराम ने कहा कि मार्च के अंत तक विद्यार्थियों का प्रारूपिक मूल्यांकन होना है, लेकिन अभी तक पुस्तकें उपलब्ध नहीं करवाई गईं। स्कूलों में बच्चों को फिलहाल हिमाचल प्रदेश विद्यालय शिक्षा बोर्ड की किताबों से पढ़ाया जा रहा है, जबकि सरकार यह तर्क दे रही है कि दोनों बोर्डों का पाठ्यक्रम लगभग समान है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड स्कूलों को लेकर अभी तक स्पष्ट व्यवस्था नहीं है, शिक्षकों के तबादले भी नहीं हुए हैं और कई शिक्षक इस व्यवस्था में जाने के इच्छुक भी नहीं हैं। ऐसे में बिना शिक्षकों और किताबों के पढ़ाई कैसे होगी, इसका जवाब सरकार को देना चाहिए।

**शिकंजा** प्रदेश में चिट्टा-मुक्त हिमाचल की दिशा में पुलिस ने छेडा बड़ा अभियान

# 176 जगहों पर नाकाबंदी, 20 हजार से अधिक वाहनों की जांच

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश पुलिस ने एक बार फिर सख्त कार्रवाई करते हुए राज्यव्यापी विशेष नाका अभियान चलाया। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में चल रहे एंटी-चिट्टा जन आंदोलन के तहत सोमवार को प्रदेश भर में 24 घंटे का विशेष 'इंटर-स्टेट' और 'इंटर-डिस्ट्रिक्ट' नाका अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के तहत पुलिस ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में चिन्हित स्थानों पर व्यापक स्तर पर जांच और निगरानी करते हुए नशा तस्करी पर शिकंजा कसने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए।



अभियान के दौरान जिला पुलिस, विशेष कार्यबल और बटालियन की संयुक्त टीमों ने प्रदेश के 176 चिन्हित स्थानों पर नाकाबंदी कर वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की। इस दौरान कुल 20,230 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान नशे से जुड़े मामलों में कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस अधिनियम के तहत 5 अभियोग दर्ज किए गए और 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान 1.221 किलोग्राम चरस और 7 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की। इसके साथ ही यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत 866 चालान किए गए, जबकि सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान और तंबाकू सेवन से जुड़े मामलों में सीओटीपीए अधिनियम के अंतर्गत 12 चालान किए गए।

◆ **1.221 किलोग्राम चरस और 7 ग्राम चिट्टा बरामद, 8 आरोपी गिरफ्तार**

पुलिस द्वारा अभियान को प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक तकनीकी निगरानी और अंतर-जिला समन्वय का भी व्यापक उपयोग किया गया। संदिग्ध पाए गए 21 व्यक्तियों के रक्त और मूत्र के नमूने विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत एकत्र किए गए हैं, ताकि वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। यह राज्य स्तरीय अभियान खुफिया सूचनाओं के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से संचालित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश में सक्रिय नशा तस्करों के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करना और अवैध गतिविधियों पर कड़ा अंकुश लगाना है।

### जनभागीदारी से ही संभव होगा चिट्टा-मुक्त हिमाचल

**प्रदेश** पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस अभियान का उद्देश्य केवल नशा तस्करों पर कार्रवाई करना ही नहीं, बल्कि युवाओं को नशे की लत से बचाना और समाज में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति को समाप्त करना भी है। पुलिस ने आम जनता से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि चिट्टा या अन्य नशीले पदार्थों से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत आपात दूरभाष संख्या 112 या नजदीकी पुलिस थाने को दी जाए। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी। प्रदेश सरकार के सशक्त नेतृत्व और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से हिमाचल पुलिस चिट्टा-मुक्त हिमाचल के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

# सऊदी में फंसा गगरेट का युवक पत्नी ने लगाई मदद की गुहार

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** उपमंडल गगरेट के अंबोटा गांव का एक युवक रोजगार की तलाश में सऊदी अरब गया था, लेकिन वहां गंभीर संकट में फंस गया है। युवक से अब परिवार का संपर्क भी टूट गया है। आखिरी बार फोन पर उसने बताया था कि उसकी हालत ठीक नहीं है और वह किसी अस्पताल में उपचाराधीन है।



पत्नी नरेश कुमारी के अनुसार उनके पति मनीष कुमार वर्ष 2023 में सऊदी अरब गए थे, जहां उन्हें मोहम्मद अब्दुल्लाह अल रौदान एंड पार्टनर्स कंपनी में ड्राइवर की नौकरी मिली थी। कुछ समय बाद नौकरी छोड़ने पर कंपनी की ओर से हफर अल बातिन की अदालत में उन पर 3466 रियाल का जुर्माना करवा दिया गया, जबकि 1166 रियाल का जुर्माना परिवहन मंत्रालय ने लगाया। इसके बाद मनीष डर के कारण छिपकर रहने लगे। परिवार के अनुसार उनके पास न काम है और न रहने का ठिकाना। कुछ समय तक वह एक मस्जिद में रह रहे थे और मानसिक तनाव के कारण सड़कों पर भटकते रहे। अब उनका फोन भी बंद आ रहा है, जिससे परिवार की चिंता और बढ़ गई है।

पत्नी नरेश कुमारी ने मुख्यमंत्री और विदेश मंत्रालय से मदद की गुहार लगाते हुए पति की सुरक्षित वतन वापसी की मांग की है। उन्होंने सांसद अनुराग सिंह ठाकुर से भी इस मामले को विदेश मंत्रालय के समक्ष उठाने की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेनी एसोसिएट के 58 पदों के लिए साक्षात्कार कल

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि लिवगार्ड एनर्जी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड बद्दी की ओर से ट्रेनी एसोसिएट (केवल पुरुष) के 58 पदों के लिए साक्षात्कार लिए जाएंगे। इनमें 50 पद प्रोडक्शन तथा 8 पद मेंटेनेंस विभाग के हैं। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता बारहवीं व आईटीआई (इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल, फिटर, वेल्डर) निर्धारित है तथा आयु सीमा 18 से 25 वर्ष रखी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 13,100 से 20,000 रुपए प्रतिमाह वेतन मिलेगा। साक्षात्कार 12 मार्च को उप रोजगार कार्यालय देहरा में सुबह 11 बजे होगा। अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे।

### माउंट कार्मल स्कूल में नया शैक्षणिक सत्र शुरू

**अनंत ज्ञान, गगल।** माउंट कार्मल स्कूल गगल में मंगलवार से नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया। माउंट कार्मल स्कूल के निदेशक फादर मैथ्यू और फादर जॉनसन ने बताया कि आज से स्कूल में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है। नई प्रधानाचार्य सिस्टर टीना को स्कूल स्टाफ की ओर से फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इसके बाद ऑडिटोरियम में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, सभी अध्यापकों ने दीप प्रज्वलित करके नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया।

### महिलाओं ने किए अपने अनुभव साझा



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सिहुं पंचायत घर में महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें महिला संगठनों से जुड़ी लगभग 65 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और समाज में उनकी भूमिका, अधिकारों तथा सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सामाजिक निर्णयों में भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं ने अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहकर समान भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

# आत्मनिर्भरता की रोल मॉडल बनी घुरकड़ी पंचायत

## डिस्प्ले स्क्रीन से वार्षिक हो रही ढाई से तीन लाख रुपए की कमाई, वातानुकूलित लाइब्रेरी में स्टडी करने पहुंच रहे युवा

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** विकास खंड कांगड़ा की घुरकड़ी पंचायत आत्मनिर्भरता की रोल मॉडल बनकर उभरी है। पंचायत ने एनएच किनारे डिस्प्ले स्क्रीन स्थापित कर कमाई का जरिया ढूंढा और वार्षिक ढाई से तीन लाख का आय का साधन बना लिया। पंचायत में निर्मित वातानुकूलित लाइब्रेरी में हर दिन युवा स्टडी के लिए पहुंच रहे हैं। एसडीएम कांगड़ा की ओर से लाइब्रेरी के लिए डेढ़ से दो लाख की किताबें उपलब्ध करवाई गई हैं। पंचायत में रेन शेल्टर की सुविधा के अभाव में मटौर चौक पर बसों का इंतजार करने वाले यात्रियों को खासी दिक्कतें पेश आती थी, ऐसे में पंचायत ने रेन शेल्टर का निर्माण किया। यही नहीं पंचायत के साथ बहने वाली मांझी खड्ड में पहले लोग कूड़ा-कचरा फेंक जाते थे, जिससे पर्यटकों में गलत संदेश जाता था। जिस पर स्वच्छता की दिशा में पंचायत ने कदम उठाया और खड्ड व पुल किनारे जाले लगाकर कूड़े-कचरे की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया। यही नहीं पंचायत ने रास्ते बनाने, पानी के लिए हैंडपंप व बोरवेल स्थापित करने सहित डंगों व कूहलों का भी निर्माण किया गया है। यही नहीं पंचायत के मोक्षधाम को सुधारा गया, साथ ही पानी की समस्या का समाधान भी किया गया।




- स्वच्छता के लिए खड्ड किनारे लगाए जाले
- मोक्षधाम सुधारा, पानी भी पहुंचाया




### जाले लगाए, रेन शेल्टर बनाया



पंचायत में स्वच्छता के लिए जहां जाले लगाए गए, वहीं लोगों की सुविधा के लिए रेन शेल्टर बनाया गया। डिस्प्ले स्क्रीन लगाई गई है, मोक्षधाम में पानी की उचित व्यवस्था की गई है। लाइब्रेरी भी बनाई गई है। सड़कों व रास्तों का भी निर्माण हुआ तथा अभी भी निर्माण कार्य चल रहे हैं।

**-रघुवीर, ग्रामीण, घुरकड़ी पंचायत**

### कूहलें और रास्ते बनाए



पंचायत में श्मशानघाट का निर्माण किया गया है। खड्ड किनारे जाले लगाए गए हैं। कूहलें बनी हैं और रास्तों का निर्माण हुआ है। पंचायत के हर वार्ड में रास्तों का निर्माण हुआ है। नए चुनकर आने वाले प्रतिनिधियों से यही उम्मीद है कि जितना पूर्व प्रधान ने कार्य किया था, उससे ज्यादा करके दिखाएं।

**-मेहर चंद, ग्रामीण, घुरकड़ी पंचायत**

### पंचायत ने एकजुट होकर ईमानदारी से किया कार्य



पंचायत में सभी कार्य अच्छे हुए हैं। सड़कें, रास्ते, कूहलें, पेयजल की व्यवस्था की गई। वाटरकूलर व बोरवेल भी लगाए गए हैं। पंचायत प्रधान की सोच थी कि लाइब्रेरी निर्मित की जाए, जिस पर कदम उठाए गए। बीडीओ कांगड़ा ने भी सहयोग किया तथा साढ़े सात लाख रुपए खर्च हुए, जिसमें तीन लाख रुपए ब्लॉक से मिला, जबकि शेष राशि पंचायत ने अपने संसाधनों से खर्च की। डिस्प्ले स्क्रीन पर जो लोग विज्ञापन लगाते हैं, उसकी एवज में पंचायत को आय होती है। 15वें वित्त आयोग का भी पैसा लगाया गया है। कचरे की समस्या के समाधान के लिए जाले भी लगाए गए हैं।

**-रामकृष्ण, सचिव, ग्राम पंचायत घुरकड़ी**

### होती थी दुर्घटनाएं, जाले लगाकर मिली निजात



पंचायत के घुरकड़ी चौक में जालों का निर्माण किया है। स्कूल, कॉलेज, कंप्यूटर सेंटर हैं, जालों के अभाव में दुर्घटनाएं होती थी। कचरा भी खड्ड में फेंक दिया जाता था। एलईडी लगाई गई, जिससे पंचायत को वार्षिक 5 लाख से अधिक आय हो रही है। रस्तों का निर्माण किया गया है, बैठने की उचित व्यवस्था की गई है। ग्रामीण युवा लाइब्रेरी या जिम की मांग करते थे, जिस पर कदम उठाए गए। कुछ प्रशासन से पैसा मिला और कुछ विज्ञापन से पैसा एकत्रित हुआ था, उससे 50 युवाओं की क्षमता वाली लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है।

**-अनिल दमीर, पूर्व प्रधान, घुरकड़ी पंचायत**

### आय अर्जित कर विकास पर लगा रही पंचायत



घुरकड़ी पंचायत ने लाइब्रेरी का निर्माण कर एक उदाहरण पेश किया है। लाइब्रेरी निर्माण में कुछ पैसा सरकारी, जबकि कुछ पैसा पंचायत ने अपने स्त्रोतों से लगाया है। घुरकड़ी पंचायत अपने संसाधनों से आय अर्जित कर रही है और राशि को विकासात्मक कार्यों में लगा रही है।

**-पारूल कटारिया, बीडीओ, कांगड़ा**

## ट्यूलिप गार्डन एक माह खुला रहने के बाद बंद

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर की ओर से विकसित ट्यूलिप गार्डन आम जनता के लिए 10 फरवरी 2026 को खोला गया था। जिसे अब एक माह बाद बंद कर दिया गया है।

- एक लाख 25 हजार से अधिक आगुंतकों ने किया दीदार

लगभग एक माह तक खुले रहने के उपरांत इस वर्ष के पुष्पन सत्र की समाप्ति पर अब इसे आम जनता के लिए बंद कर दिया गया है। पूर्व के वर्षों की तरह इस वर्ष भी ट्यूलिप गार्डन पर्यटकों और स्थानीय लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा। 6 किस्मों के लगभग 55,000 ट्यूलिप बल्बों से सजे इस गार्डन का इस वर्ष लगभग 1.25 लाख से अधिक आगंतुकों ने भ्रमण किया।

# नगरोटा सूरियां में विद्युत पेंशनर्स ने किया स्मार्ट मीटर का विरोध

अनंत ज्ञान

- विद्युत पेंशनर्स फोरम की बैठक में जताया रोष

**शिव गुलेरिया, देहरा।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत पेंशनर्स फोरम नगरोटा सूरियां इकाई की मासिक बैठक नगरोटा सूरियां के टिन टिन किचन में इकाई प्रधान ई. त्रिलोक मैहरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक की शुरुआत वरिष्ठ उपाध्यक्ष ई. दीनानाथ के 32 वर्षीय भतीजे की नंद रूल के पास गाड़ी पलटने से हुई आकस्मिक मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देने से हुई।

इकाई सचिव कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि उपभोक्ताओं के घरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर वास्तव में विद्युत बोर्ड को निजी हाथों में सौंपने की दिशा में पहला कदम हैं। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं और बोर्ड द्वारा कर्मचारियों व पेंशनरों के मीटरों को प्राथमिकता से बदलने के आदेश को उचित नहीं मानते। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर गरीब जनता पर लगभग 11 हजार रुपये का अतिरिक्त बोझ डालेंगे, क्योंकि भविष्य में कंपनियां इसकी लागत बिजली बिलों के माध्यम से उपभोक्ताओं से वसूलेंगी। बैठक में पेंशनरों के एरियर भुगतान को लेकर भी नाराजगी जताई गई और सभी बकाया राशि एक साथ जारी करने की मांग की गई। बैठक में जोगिंदर सिंह, प्रकाश चंद, त्रिलोचन सिंह, सुदेश कुमारी, मधु गुलेरिया, संतोष कुमारी सहित 40 से अधिक पेंशनरों ने भाग लिया।

# 2010 में हुए समझौते का उल्लंघन है बिजली संशोधन बिल

- बिजली संशोधन बिल और स्मार्ट मीटर निजीकरण का पहला पड़ाव : पवन मोहल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड के पेंशनर्स ने परेशानियां झेलते हुए पहाड़ियों पर खंभे पहुंचाकर प्रदेश को रोशन किया है। बिजली संशोधन बिल और स्मार्ट मीटर, बिजली बोर्ड के निजीकरण का पहला पड़ाव है। यही नहीं बिजली संशोधन बिल, वर्ष 2010 में हुए समझौते का सीधा उल्लंघन है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

यह बात विद्युत पेंशनर्स फोरम के राज्य उपाध्यक्ष पवन मोहल ने मंगलवार को धर्मशाला बिजली बोर्ड विश्राम गृह में संयुक्त प्रदर्शन को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कही।



संबोधित करते विद्युत पेंशनर्स फोरम के राज्य उपाध्यक्ष पवन। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि राज्य विद्युत बोर्ड ने वर्ष 1990 में हर घर को रोशन करने का लक्ष्य रखा था। उस समय कोई अडानी, अंबानी नहीं आया, उस समय तत्कालीन कर्मचारी और वर्तमान के पेंशनर्स ने कंधों पर सामान ढोकर पहाड़ियों पर रोशनी पहुंचाई है। पवन मोहल ने कहा कि प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक 2025 और स्मार्ट मीटर लगाने का वे विरोध करते हैं। उनका आरोप है कि यह कदम बिजली बोर्ड के निजीकरण की दिशा में पहला पड़ाव है।

### हिमाचल में लागू न हो बिजली संशोधन बिल

**पवन** ने कहा कि प्रदेश सरकार, बिजली संशोधन बिल को हिमाचल में लागू न करे। वर्ष 2010 में बिजली बोर्ड कर्मियों, इंजीनियर्स, पेंशनर्स, प्रदेश सरकार और बिजली बोर्ड प्रबंधन का जो समझौता हुआ था, बिजली संशोधन बिल, उसका सीधे तौर पर उल्लंघन है, क्योंकि उस समझौते में स्पष्ट शब्दों में लिखा गया था कि इसके बाद विद्युत बोर्ड में कोई भी ट्राईफिकेशन नहीं होगी।

### उपभोक्ता बढ़े, नहीं बढ़ पाया बिजली बोर्ड का स्टाफ

**पवन** कहा कि वर्ष 1990 में बिजली बोर्ड में 43 हजार कर्मी थे, जबकि उपभोक्ता 9 लाख थे, वर्तमान में आउटसोर्स कर्मियों सहित बिजली बोर्ड के पास स्टाफ 13 हजार है, जबकि उपभोक्ताओं 29 लाख से अधिक है। इसके बावजूद बिजली बोर्ड, उपभोक्ताओं को 24 घंटे सेवाएं प्रदान कर रहा है। हिमाचल सरकार की ओर से बिजली बोर्ड में मित्र भर्ती करने की बात कही जा रही है, उसका भी विरोध किया जाएगा।

**बिजली बोर्ड पेंशनर्स को नहीं मिले लाभ :** बिजली बोर्ड के वर्ष 2024 के बाद के सेवानिवृत्त कर्मियों को लीव इनकैशमेंट, ग्रेच्युटी व बकाया एरियर का भुगतान तक नहीं किया गया है। एक जनवरी 2026 से मार्च 2022 तक सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स को संशोधित वेतनमानों बकाया राशि व बकाया एरियर भी नहीं दिया गया है।

## जनगणना केवल जनसंख्या की गणना नहीं बल्कि महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण-मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के लिए उपायुक्त कार्यालय कांगड़ा में तीन दिवसीय जिलास्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण गत दिवस से शुरू हुआ। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उपायुक्त एवं प्रधान जनगणना अधिकारी ने कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशीला व एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसमें तथ्यों का व्यवस्थित एवं प्रामाणिक संकलन किया जाता है।यदि आंकड़े अधूरे व त्रुटिपूर्ण होंगे तो विकास योजनाओं का लक्ष्य प्रभावित होगा। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों से निर्धारित कार्यों को तय सीमा के अनुरूप पूर्ण करने का आग्रह किया तथा इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी उपस्थित अधिकारियों व प्रक्षिणार्थियों को शुभकामनाएं दी। हिमाचल प्रदेश राज्य में प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 12 मई, 2026 से 10 जून, 2026 तक संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण जनगणना निदेशालय के अधिकारी सहायक निदेशक अनिल कुमार, आशीष रस्तोगी एवं राजेश कुमार द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना की विभिन्न पहलुओं के साथ ही इसके कानूनी प्रावधानों से भी अवगत करवाया गया। जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। डिजिटल मोड में होने वाली जनगणना के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए मोबाइल एप का विशेष प्रशिक्षण दिया गया तथा इसका प्रयोगात्मक अभ्यास करवाया गया।

- जनगणना के प्रथम चरण के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण प्रारंभ

# धर्मशाला से उठी तिब्बत की आजादी की मांग

## तिब्बत राष्ट्र विद्रोह की 67वीं वर्षगांठ पर प्रदर्शन, यूनाइटेड नेशंस से जस्टिस, विश्व समुदाय से मांगा सहयोग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला से मंगलवार को तिब्बत की आजादी की मांग उठाई है। तिब्बत राष्ट्र विद्रोह की 67वीं वर्षगांठ पर निर्वासित तिब्बतियों ने मैक्लोडगंज से कचहरी अड्डा तक रैली निकालकर प्रदर्शन किया।

तिब्बत के विभिन्न गैर सरकारी संगठनों द्वारा आयोजित प्रदर्शन के दौरान प्रतिनिधियों ने तिब्बत की आजादी की मांग करते हुए इसे भारत की सुरक्षा के लिए जरूरी बताया। साथ ही निर्वासित तिब्बती प्रतिनिधियों ने नारेबाजी करते हुए यूनाइटेड नेशंस से न्याय दिलाने और विश्व समुदाय से तिब्बत आजादी आंदोलन में सहयोग की अपील की। हजारों की संख्या में निर्वासित तिब्बतियों सहित विदेशी पर्यटकों ने भी प्रदर्शन में भाग लिया।




धर्मशाला में निर्वासित तिब्बतियों ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया। अनंत ज्ञान

### 170 कर चुके हैं आत्मदाह : तेन्जिन

**स्टूडेंट** फॉर फ्री तिब्बत-इंडिया की नेशनल डायरेक्ट तेन्जिन पासंग ने कहा कि चीन की ओर से तिब्बत में दमनकारी नीतियों को अपनाया जा रहा है। चीनी प्रशासन व सेना के अत्याचारों व तिब्बत की आजादी की मांग करते हुए 170 के करीब तिब्बति आत्मदाह कर चुके हैं। हम विश्व समुदाय से तिब्बत आजादी में सहयोग की अपील कर रहे हैं। तिब्बत का संघर्ष केवल तिब्बतियों की चिंता नहीं है, बल्कि यह न्याय, पर्यावरण संरक्षण, मानवीय गरिमा व वैश्विक शांति का आह्वान है।

### चीन जाएं मोदी तो उठाएं तिब्बत मसला : डोलमा

**तिब्बतियन** वुमेन एसोसिएशन अध्यक्ष शेरिंग डोलमा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जब भी चीन के दौरे पर जाएं तो वहां के राष्ट्रपति से, तिब्बत समस्या के समाधान के लिए जरूर बात करें। उन्होंने कहा कि तिब्बत एक राष्ट्र है तथा हम अपने पड़ोसी देश भारत की भी सुरक्षित चाहते हैं। इसके लिए तिब्बत की आजादी के प्रयास किए जा रहे हैं। तिब्बती पिछले 67 वर्षों से भारत में रह रहे हैं। चीन द्वारा तिब्बत पर किए गए अनाधिकृत कब्जे उपरांत यह स्थिति उत्पन्न हुई थी। उन्होंने बताया कि तिब्बत राष्ट्र विद्रोह की वर्षगांठ पर सीटीए की ओर से चुगलाखंग बौद्ध में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विश्व के विभिन्न 32 देशों के तिब्बत समर्थक डेलीगेटस ने भाग लिया। इस दौरान चीन के खिलाफ नारेबाजी की गई।

## हिमाचल में 'आप' का संगठनात्मक विस्तार

# चार नए सह प्रभारियों के साथ विस क्षेत्रों में ऑब्जर्वर, अध्यक्ष और संगठन मंत्री नियुक्त

अनंत ज्ञान

- सूबे के प्रत्येक नुक्कड़ व कस्बे में स्थापित होगा सीधा संवाद : भंडारी

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश की राजनीतिक फिजा बदलने और पारंपरिक समीकरणों को सीधी चुनौती देने के उद्देश्य से आम आदमी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने अब तक का सबसे बड़ा संगठनात्मक फेरबदल किया है।



पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी ने राज्य के लिए चार नए सह-प्रभारियों की नियुक्ति की है। लोकसभा स्तर पर घेराबंदी और विधानसभा स्तर पर सुदृढ़ीकरण को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) व सांसद डॉ. संदीप पाठक द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, दीपक झा, सुरेंद्र पंडित, सौरभ बेहल और छाया तिवारी को हिमाचल प्रदेश का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ 2025 से मजबूत संगठन निर्माण में जुटे प्रदेश प्रभारी ऋतु राज गोविंद झा व सह प्रभारी अजय सिंह राजपूत द्वारा इस रणनीतिक विस्तार की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी में विधानसभा क्षेत्रों में की गई नई नियुक्तियां हैं। पार्टी ने इन हलकों में समर्पित अध्यक्षों और संगठन मंत्रियों समेत पार्टी ऑब्जर्वर की फौज उतार दी है, जो सीधे तौर पर बूथ और पंचायत स्तर तक संगठन के विस्तार की जिम्मेदारी संभालेंगे। 'आप' के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने बताया कि राज्य प्रभारी ऋतुराज गोविंद झा और सह-प्रभारी अजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में पहले से ही जिलास्तर पर एक ढांचा तैयार था, जिसे नई ऊर्जा मिली है। सह-प्रभारी लोकसभा स्तर पर, जबकि नवनियुक्त अध्यक्ष और संगठन मंत्री विधानसभा स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि पोलिटिकल कार्पेट बॉम्बिंग के जरिए सूबे के प्रत्येक नुक्कड़ व कस्बे में सीधा संवाद स्थापित होगा।

## विकास | उपमुख्य सचेतक ने भत्तला में किया वन प्रबंधन मार्ग का शिलान्यास

# पठानिया ने कजलोट पंचायत भवन की दी सौगात

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** विधानसभा उपमुख्य सचेतक एवं शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायतों का समग्र, संतुलित एवं सतत विकास करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

पठानिया ने मंगलवार को विकास खंड रैत की कजलोट पंचायत में 33 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन करने के उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि विकास केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि योजनाओं का लाभ पंचायत एवं बूथ स्तर पर प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे।

इस अवसर पर पठानिया ने लोगों की जन समस्याएं भी सुनी और अधिकांश समस्याओं का उन्होंने मौके पर ही निपटारा कर दिया तथा शेष समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत पठानिया ने भत्तला पंचायत के तहत वन प्रबंधन मार्ग का शिलान्यास किया तथा बरनेट में लोक निर्माण विभाग की ओर से निर्मित वर्षा शालिका का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।




बरनेट में वर्षा शालिका का उद्घाटन करते उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया। अनंत ज्ञान

### महिला मंडल भवन व पार्क का जल्द होगा निर्माण

**केवल** सिंह पठानिया ने कहा कि कजलोट पंचायत में जल्द ही पटवार घर, महिला मंडल भवन तथा एक पार्क का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को और अधिक सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और पंचायत स्तर पर बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

## भाजपा को हिमाचल विरोधी कहने से पहले अपने गिरेबान में झांकें सीएम सुक्खू : परमार

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** भाजपा उपाध्यक्ष एवं सुलह विधानसभा क्षेत्र से विधायक विपिन सिंह परमार ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हालिया बयानों और कांग्रेसी नेताओं द्वारा फैलाए जा रहे दुष्प्रचार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए बार-बार भाजपा पर निराधार आरोप लगाने की राजनीति कर रही है। मुख्यमंत्री का यह बयान कि भाजपा हिमाचल विरोधी है, न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि प्रदेश की जनता की भावनाओं का भी अपमान है। परमार ने कहा कि भाजपा का इतिहास हिमाचल प्रदेश के विकास, जनकल्याण और प्रदेश के हितों की रक्षा के लिए समर्पित रहा है। भाजपा की सरकारों ने हमेशा प्रदेश के विकास को प्राथमिकता दी है और यही कारण है कि आज भी प्रदेश की जनता भाजपा पर विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और कांग्रेसी नेताओं द्वारा भाजपा को हिमाचल विरोधी बताने की कोशिश करना उनकी राजनीतिक हताशा का प्रतीक है। यदि कोई पार्टी वास्तव में हिमाचल विरोधी राजनीति कर रही है तो वह कांग्रेस है, जिसने हमेशा प्रदेश के हितों से ज्यादा अपनी सत्ता और राजनीतिक स्वार्थों को प्राथमिकता दी है। कांग्रेस सरकार आज अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए भाजपा के खिलाफ झूठे आरोपों का सहारा ले रही है।

## उतराला में लोगों को जागरूक करने के लिए आयुष ग्राम कार्यक्रम का शुभारंभ

# नियमित दिनचर्या और प्राकृतिक जीवनशैली अपनाकर बच सकते रोगों से : डॉ. सुनील

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने तथा लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को उतराला में आयुष ग्राम कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपमंडल आयुष चिकित्सा अधिकारी बैजनाथ डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि नियमित दिनचर्या और प्राकृतिक जीवनशैली अपनाकर कई रोगों से बचाव भी किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, औषधीय पौधों के उपयोग और योग के नियमित अभ्यास के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि ग्रामीण स्तर पर ही स्वास्थ्य संरक्षण को मजबूत किया जा सके।




जागरूकता रैली निकाली गई। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। डॉ. कुलविंदर कौर ने लोकल हेल्थ फॉर प्रिवेंटिव हेल्थ केयर विषय पर जानकारी देते हुए स्थानीय संसाधनों के माध्यम से स्वास्थ्य संरक्षण के उपाय बताए। सचिन शर्मा ने औषधीय पौधों की ऑर्गेनिक फार्मिंग पर विस्तार से प्रकाश डाला और ग्रामीणों को हर्बल पौधों की खेती के लिए प्रेरित किया। डॉ. रंजना कपूर ने महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वास्थ्य से जुड़े आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर आयुष विभाग और ग्रामवासियों द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें लोगों को योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा अपनाने का संदेश दिया गया। डॉ. सुनील कुमार ने ग्रामवासियों से अपील करते हुए बताया कि 16 मार्च सोमवार को आयुष ग्राम उतराला में आयुष मेले का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आयुष विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा।

# शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष का औचक निरीक्षण जसौर परीक्षा केंद्र में परखीं व्यवस्थाएं

## डॉ. राजेश शर्मा ने जांचा परीक्षा का माहौल, ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को दिए दिशा-निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा मंगलवार को एक्शन मोड में नजर आए। बोर्ड परीक्षाओं की शुचिता और पारदर्शिता को परखने के लिए उन्होंने मेरी गोल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल जसौर स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस औचक दौरे से केंद्र में हड़कप मच गया, लेकिन बोर्ड अध्यक्ष ने बेहद आत्मीयता के साथ पूरी व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उनका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि बोर्ड की साख के अनुरूप परीक्षाएं पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और अनुशासित वातावरण में संपन्न हों।

निरीक्षण के दौरान डॉ. शर्मा स्वयं परीक्षा कक्षों के भीतर पहुंचे और परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को करीब से देखा। उन्होंने केवल व्यवस्थाएं ही नहीं जांची, बल्कि ड्यूटी पर तैनात केंद्र अधीक्षक, उपकेंद्र अधीक्षक और निरीक्षकों को ऑन-द-स्पॉट आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में रत्ती भर भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करना हर अधिकारी की जिम्मेदारी है।



परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण करते डॉ. राजेश। अनंत ज्ञान

मीडिया से बातचीत में डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया कि शिक्षा बोर्ड परीक्षाओं को नकलमुक्त और पारदर्शी बनाने के मिशन पर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर के परीक्षा केंद्रों की निरंतर और कड़ी निगरानी की जा रही है ताकि बोर्ड द्वारा निर्धारित नियमों का अक्षरशः पालन हो सके। बोर्ड अध्यक्ष के अनुसार, व्यवस्थित तरीके से परीक्षाएं संचालित करना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए सभी आवश्यक तकनीकी व प्रशासनिक प्रबंध किए गए हैं।

### बोले- तनाव को न होने दें हावी, आत्मविश्वास से लिखें पेपर

**विद्यार्थियों** के चेहरे पर मुस्कान लाते हुए डॉ. शर्मा ने उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार के तनाव को हावी न होने दें और सकारात्मक सोच के साथ अपनी प्रतिभा को उत्तर पुस्तिकाओं में उतारें। उन्होंने परीक्षार्थियों से अपील की कि वे परीक्षा से संबंधित सभी कायदे-कानूनों का सम्मान करें और ईमानदारी के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।

# वाटरशैड विकास के लिए वर्ष 2025-26 में 1358.40 करोड़ रुपए किए स्वीकृत: राज भूषण

◆ सांसद इंदु गोस्वामी के सवाल पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी को संसद में बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत वाटरशैड विकास के लिए वर्ष 2025-26 के दौरान 1358.40 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसमें से 1146.66 करोड़ रुपए किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत हर खेत को पानी योजना के तहत 893.00 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए, जिसमे में से 743.58 करोड़ रुपए खर्च किए गए, जबकि कमांड एरिया डेवलपमेंट योजना के तहत 184.34 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए, जिसमे में से 132.63 करोड़ रुपए खर्च किए गए।

उन्होंने बताया कि त्वरित सिंचाई लाभ योजना के तहत वर्ष 2025-26 के दौरान 1850.00 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए, जिसमें से 1189.27 करोड़ रुपए खर्च किए गए। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के तहत 200.81 लाख किसानों को लाभान्वित किया गया। उन्होंने बताया कि खेतों की सिंचाई के माध्यम से कृषि योग्य भूमि को बढ़ाने के लिए वर्ष 2015-16 में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना को लागू किया गया, जिसे वर्ष 2025-26 तक बढ़ा दिया गया है।

## पालमपुर कॉलेज में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

# होनहार विद्यार्थी किए सम्मानित



उच्चतर शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत शर्मा ने की शिरकत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के रूप में उच्चतर शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक, खेल तथा सांस्कृतिक उपलब्धियों की जानकारी दी। तत्पश्चात उच्चतर शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत कुमार शर्मा ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल, एनसीसी, रॉवर्स और रेंजर्स, एनएसएस, रेड रिबन क्लब, रोड सेफ्टी क्लब, सोशल साइंसेज, इको क्लब, इलेक्ट्रोल क्लब, महाविद्यालय पत्रिका के विभिन्न अनुभागों के विद्यार्थी संपादक तथा अन्य होनहार विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि युवा राष्ट्र की शक्ति हैं और उनकी शिक्षा व संस्कार देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से डिग्री के साथ-साथ कौशल को विकसित करने का भी आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह के मध्य में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। महाविद्यालय परिवार की ओर से मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन उप प्राचार्या प्रोफेसर कल्पना ऋषि द्वारा दिया गया। मंच संचालन डॉक्टर अनुराधा शर्मा और डॉक्टर मीनाक्षी ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# रोटरी अस्पताल परागपुर में किए वरिष्ठ नागरिकों के मोतियाबिंद ऑपरेशन

अनंत ज्ञान

**शिव गुलेरिया, देहरा।** रोटरी अस्पताल परागपुर में अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत परागपुर क्षेत्र के 5 वरिष्ठ नागरिकों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए गए। इसके अलावा 4 अन्य वरिष्ठ नागरिकों को आंखों के चश्मे भी वितरित किए गए।

तहसील कल्याण अधिकारी विपुल कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत जिलेभर में मोतियाबिंद से ग्रसित वरिष्ठ नागरिकों की पहचान कर उन्हें निशुल्क उपचार उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत पिछले लगभग तीन महीनों से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर स्क्रीनिंग प्रक्रिया जारी है। विपुल ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक मोतियाबिंद ऑपरेशन पर लगभग 12 हजार रुपये का व्यय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से वहन किया जा रहा है। लाभार्थियों को आवागमन के लिए 1 हजार रुपए की सहायता राशि भी प्रदान की जाती है। मोतियाबिंद बढ़ती आयु के साथ होने वाली एक सामान्य समस्या है और इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। देहरा उपमंडल के सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।



वरिष्ठ नागरिकों को आंखों के चश्मे भी किए वितरित। अनंत ज्ञान

# सांसद बने बैजनाथ के बेटे अनुराग का जोरदार स्वागत

## बैजनाथ बाजार में स्वागत के लिए उमड़ा लोगों का जनसैलाब, कुछ देर के लिए थम गई रफ्तार

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा के बैजनाथ पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर खास बात यह रही कि लोग पार्टी की विचारधारा से ऊपर उठकर एकजुट हुए और अपने क्षेत्र के बेटे के रूप में अनुराग शर्मा का अभिनंदन किया।

बैजनाथ में जगह-जगह लोगों ने फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ उनका स्वागत किया। पूरे क्षेत्र में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। कुछ देर के लिए बैजनाथ बाजार में सड़क पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी और यातायात भी प्रभावित हो गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्थानीय विधायक किशोरी लाल ने भी विशेष प्रयास किए। उन्होंने बैजनाथ बाजार और आसपास के इलाकों में स्वयं जाकर लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की थी। बीड़ रोड, मुक्टनाथ मंदिर संसाल से लेकर बैजनाथ तक हजारों की संख्या में लोग सड़क किनारे फूल-मालाएं लेकर खड़े रहे। हर कोई अपने क्षेत्र के बेटे को राज्यसभा पहुंचने पर आशीर्वाद देने और एक झलक पाने के लिए उत्सुक दिखाई दिया। इस दौरान राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा भी लोगों के इस स्नेह से अभिभूत नजर आए। उन्होंने बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद ले रहे थे। यह दृश्य वहां मौजूद लोगों के लिए भावुक और गर्व का क्षण बन गया।



सांसद अनुराग शर्मा ने बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर लिया आशीर्वाद। अनंत ज्ञान

### शिव मंदिर बैजनाथ तथा मुक्टनाथ मंदिर संसाल में की पूजा

**नवनिर्वाचित** राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ तथा मुक्टनाथ मंदिर संसाल में पूजा-अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद लिया। जिस तरह का जनसमर्थन और सम्मान अनुराग शर्मा को बैजनाथ में मिला, उससे यह स्पष्ट संकेत मिला कि क्षेत्र की जनता उनसे काफी उम्मीदें लगाए बैठी है। लोगों का कहना है कि अब बैजनाथ क्षेत्र में विकास की गाथा और बेहतर तरीके से लिखी जाएगी तथा लंबे समय से लंबित विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

# बैजनाथ का वीर सपूत जम्मू में कमांडो ट्रेनिंग के दौरान हादसे में शहीद

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ क्षेत्र के उस्तेहड़ गांव के वीर सपूत पैरा कमांडो अक्षित शर्मा (26) जम्मू में एडवांस कमांडो ट्रेनिंग के दौरान हुए एक हादसे में शहीद हो गए। यह समाचार मिलते ही पूरे बैजनाथ क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि शहीद अक्षित शर्मा पुत्र विजय शर्मा का का पार्थिव शरीर आज देर रात या फिर बुधवार सुबह तक उनके पैतृक गांव उस्तेहड़ (बैजनाथ) पहुंचने की उम्मीद है, जहां पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस दुखद घटना पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा, विधायक किशोरी लाल और पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी ने शहीद अक्षित शर्मा के निधन पर गहरा दुख जताते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। उन्होंने कहा कि अक्षित शर्मा ने देश की सेवा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है और उनका यह त्याग सदैव याद रखा जाएगा।



# 150 प्राथमिक कृषि सहकारी सभाओं का कंप्यूटरीकरण के लिए किया चयन



कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित विंद्रावन में जागरुकता शिविर का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित विंद्रावन में प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी सभाओं के कंप्यूटरीकरण से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा के लिए सहकारिता विभाग धर्मशाला के उप पंजीयक राकेश कुमार की अध्यक्षता में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं पालमपुर मीरा देवी, जिला अंकेक्षण अधिकारी वीरेंद्र सिंह, जिला अंकेक्षण अधिकारी चंद्र कुमार व दिनेश कुमार जिला निरीक्षण के अलावा विकास खंड भवारना, भेडू महादेव, बैजनाथ व पंचरुखी की 80 सहकारी सभाओं में कार्यरत सचिवों ने भाग लिया। इसके अलावा अतिरिक्त मैसर्ज अतिशय कंपनी की ओर से सिस्टम इंटीग्रेटर ने भी भाग लिया। पालमपुर वृत्त से संबंधित 150 प्राथमिक कृषि सहकारी सभाओं का चयन कंप्यूटरीकरण के लिए किया गया। 16 सहकारी सभाओं द्वारा डेटा इंद्राज किया जाएगा। 27 सहकारी सभाओं को ई पैक्स घोषित किया गया है। इसके अलावा 48 सहकारी सभाओं के एचओसी अपलोड हो चुके हैं और 108 सहकारी सभाओं की डीटीसी पूर्ण हो चुकी है। समीक्षा शिविर में उप पंजीयक ने सभी सहकारी सभाओं को 31 मार्च से पहले डाटा इंद्राज का कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए व कंप्यूटरीकरण के दौरान आ रही समस्याओं व उनके निराकरण से संबंधित चर्चा की।

# इंस्पायर अवॉर्ड के लिए प्रदेश के 513 स्टूडेंट्स चयनित

◆ छठी से दसवीं के बच्चों ने प्रतिभा से करवाया चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से संचालित छठी से दसवीं कक्षा के बच्चों की इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना में प्रदेश के 513 नन्हें वैज्ञानिकों का चयन हुआ है। ऊना जिले से सबसे अधिक 78, हमीरपुर के 77, जबकि कांगड़ा के 64 बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा शिमला 62, सोलन 54, बिलासपुर 40, मंडी 34, चंबा 31, कुल्लू 33, सिरमौर 20 व किन्नौर सात छात्रों का योजना के तहत चयनित बच्चों को दस हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली की ओर से कक्षा छठी से दसवीं तक के स्कूली विद्यार्थियों में सृजनात्मक व नवाचारी सोच विकसित करने के उद्देश्य से इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2025-26 का संचालन किया जा रहा है। इस योजना का मकसद विद्यार्थियों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति जागरुकता बढ़ाना तथा उनमें वैज्ञानिक गतिविधियां को बढ़ावा देना है। छात्रों ने ई-एमआइएएस पोर्टल के माध्यम से अपने मॉडल व नए विचारों को साझा कर छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया था। शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक कांगड़ा अजय सम्बयाल ने बताया कि इंस्पायर अवॉर्ड योजना के तहत छठी से दसवीं कक्षा के छात्रों को विज्ञान में विभिन्न प्रकार के मॉडल तैयार कर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर दिया गया था। जिन प्रतिभागी छात्रों के आवेदन में मॉडल के साथ-साथ नया आइडिया होता है, उनका इस योजना के तहत चयन किया गया है। ऊना जिले से इस बार 78 नन्हें वैज्ञानिकों का चयन इस योजना के तहत हुआ है।

# धर्मशाला कॉलेज में दिव्यांग स्टूडेंट्स के लिए बनाया रैंप



धर्मशाला कॉलेज में दिव्यांग स्टूडेंट्स के लिए बनाया गया रैंप। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित कॉलेज में सीढ़ियों की परेशानी खत्म हो चुकी है। कॉलेज में पढ़ने वाले दिव्यांग स्टूडेंट्स की परेशानी को भांपते हुए अब कॉलेज में रैंप बनाया गया है।

इस सुविधा से अब दिव्यांग छात्रों और परीक्षार्थियों को ऊंचाई पर स्थित ब्लॉक तक पहुंचने में थकावट या असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। शिक्षा के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज के मुख्य खेल मैदान का भी विस्तार किया गया है। स्टेडियम की दीवार तक मैदान की चौड़ाई बढ़ा दी गई है, जिससे अब यह फुटबाल, हॉकी और क्रिकेट जैसी बड़ी प्रतियोगिताओं के मानकों के लिए पूरी तरह तैयार है। मैदान बड़ा होने से अब यहां जिला, राज्य और इंटर-यूनिवर्सिटी स्तर की खेल स्पर्धाएं सुचारु रूप से आयोजित की जा सकेंगी। उधर, कॉलेज प्रिंसिपल प्रो. राकेश पठानिया ने बताया कि पहले दिव्यांग बच्चों को आर्ट्स ब्लॉक तक जाने में काफी दिक्कत होती थी, जिसे हमने रैंप बनाकर हल कर दिया है। इसके अलावा, खेल मैदान में बैठने की सीढ़ियों की वजह से जगह कम पड़ती थी, जिन्हें हटाकर अब मैदान को चौड़ा किया गया है। अब हमारा कॉलेज राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट्स की मेजबानी के लिए पूरी तरह सक्षम है।

# केंद्रीय विश्वविद्यालय ने जिले में की स्थानीयकृत भूकंप जोखिम न्यूनीकरण एवं तैयारी पहल की शुरुआत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय ने कांगड़ा जिले में भूकंप जोखिम न्यूनीकरण और आपदा तैयारी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक स्थानीयकृत पहल की शुरुआत की है। यह पहल भारत में भूकंप के खतरे का आकलन और लचीलापन बढ़ाना शीर्षक से चल रही एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजना का हिस्सा है।

यह पांच वर्षीय शोध परियोजना, जो वर्ष 2030 के शुरुआत तक चलेगी, भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तथा यूनाइटेड किंगडम के नेचुरल एनवायरनमेंट रिसर्च काउंसिल (एनईआरसी) की ओर से यूके रिसर्च एंड इनोवेशन (यूकेआरआई) के तहत संयुक्त रूप से वित्तपोषित है। इस अंतरराष्ट्रीय शोध समूह में यूनिवर्सिटी ऑफ कैंब्रिज, एस्टन बिजनेस स्कूल (एबीएस), एस्टन यूनिवर्सिटी, लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च कोलकाता (आईआईएसईआर), श्री माता वैष्णो देवी यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ हिमाचल प्रदेश तथा नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हैं। इस परियोजना के दो प्रमुख अनुसंधान घटक हैं। पहला घटक पृथ्वी की सतह के भीतर सक्रिय भ्रंश रेखाओं (एक्टिव फॉल्टस) की पहचान और मानचित्रण पर केंद्रित है, जो भविष्य में भूकंप उत्पन्न कर सकती हैं। वैज्ञानिक हिमाचल प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में सतही भ्रंश रेखाओं का फील्ड मैपिंग कर रहे हैं तथा पृथ्वी के भीतर होने वाली हलचलों को मापने के लिए सिस्मोमीटर स्थापित कर रहे हैं। इस शोध के अंतर्गत यह अध्ययन किया जा रहा है कि स्थानीय समुदाय भूकंप जोखिम संबंधी जानकारी को किस प्रकार प्राप्त करते और समझते हैं तथा प्रभावी तैयारी में कौन-कौन सी बाधाएं आती हैं। सीयू के पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. दीपक पंत इस परियोजना के सह अन्वेषक के रूप में सामाजिक विज्ञान घटक का नेतृत्व कर रहे हैं। वे इस कार्य को यूनाइटेड किंगडम के एबीएस के डॉ. कोमल राज आर्याल के साथ मिलकर संचालित कर रहे हैं। प्रो. पंत ने बताया कि हम वर्तमान में स्थानीय पहाड़ी निवासियों तथा महिला मंडलों जैसे सामुदायिक संगठनों के साथ मिलकर यह समझने का प्रयास कर रहे हैं कि भूकंप जोखिम संबंधी जानकारी स्थानीय स्तर पर किस प्रकार संप्रेषित होती है और हिमाचल प्रदेश के बारह जिलों में आपदा तैयारी को किस प्रकार मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि डॉ. कोमल राज आर्याल के अकादमिक और तकनीकी सहयोग से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर बांगोटू गांव में एक महिला मंडल के अंतर्गत महिलाओं द्वारा संचालित स्थानीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण समिति का गठन किया। इस दौरान स्थानीय पर्वतीय महिलाओं को आपदा तैयारी के लिए प्रशिक्षित किया गया। इसी प्रकार की समितियां ऊना जिले में सरकारी तकनीकी कॉलेज के सहयोग से तथा अन्य जिलों में भी स्थापित की जाने की योजना है।

**प्रदर्शनी** धर्मशाला स्थित कांगड़ा कला संग्रहालय में कला प्रदर्शनी का आयोजन, आज होगा समापन

# कला के कद्रदानों को आकर्षित कर रही मंडला आर्ट प्रदर्शनी

◆ आध्यात्मिकता और कला का अनूठा संगम देख खुश हो रहे आगुंतक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा मुख्यालय धर्मशाला स्थित कांगड़ा कला संग्रहालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित की जा रही कला प्रदर्शनी का बुधवार को समापन होगा। मंडला आर्ट एग्जीबिशन में आध्यात्मिकता और कला का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। इस प्रदर्शनी में रिटायर्ड प्रिंसिपल और कलाकार शुभ्रा गुप्ता की करीब 150 से 200 मंडला कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है, जिन्हें अलग-अलग देवी-देवताओं को समर्पित किया गया है।

धौलाधार की वादियों में बसे धर्मशाला के कांगड़ा कला संग्रहालय में इन दिनों रंगों, आकृतियों और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरी मंडला कला दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। प्रदर्शनी में प्रदर्शित मंडला कलाकृतियां न केवल सौंदर्य का अद्भुत उदाहरण हैं बल्कि उनमें आध्यात्मिक संदेश भी छिपा है। इन चित्रों में आदिशक्ति, महादेव, श्रीकृष्ण और अन्य देवी-देवताओं को समर्पित विभिन्न प्रतीकात्मक आकृतियां बनाई गई हैं, जो दर्शकों को ध्यान और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव कराती हैं।



### कोविड में मिली थी मंडला आर्ट की प्रेरणा: शुभ्रा

**प्रदर्शनी** की कलाकार शुभ्रा गुप्ता ने बताया कि उन्हें मंडला आर्ट बनाने की प्रेरणा कोविड-19 के कठिन दौर में मिली थी। उस समय उन्होंने इसे एक रचनात्मक साधना के रूप में अपनाया और धीरे-धीरे यह उनके जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया। उन्होंने बताया कि रिटायरमेंट के बाद उन्होंने खुद को पूरी तरह से इस कला के लिए समर्पित कर दिया और लगातार नई-नई आध्यात्मिक कलाकृतियों का सृजन कर रही हैं। उनके द्वारा बनाई गई मंडला पेंटिंग्स में देवी-देवताओं के प्रतीक, आध्यात्मिक चिन्ह और रंगों का अनूठा संयोजन देखने को मिलता है।

### प्रदर्शनी के दीदार को उमड़ रहे आगुंतक : रीतू मलकोटिया

**कांगड़ा** कला संग्रहालय की क्यूरेटर रीतू मालकोटिया के अनुसार आयोजित मंडला आर्ट प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य कला के माध्यम से आध्यात्मिकता और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि मंडला आर्ट केवल सजावटी कला नहीं है, बल्कि यह ध्यान, एकाग्रता और आत्मिक शांति प्राप्त करने का एक प्रभावी माध्यम भी माना जाता है। इस कला शैली में बनाए गए गोलाकार डिज़ाइन जीवन की संतुलित ऊर्जा और आंतरिक शांति का प्रतीक होते हैं। रीतू मालकोटिया ने कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जीवनशैली में लोग मानसिक शांति और सकारात्मकता की तलाश में रहते हैं, ऐसे में मंडला आर्ट उन्हें सुकून और संतुलन का अनुभव कराती है। यही कारण है कि इस प्रदर्शनी को देखने के लिए कला प्रेमियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शोधार्थी और पर्यटक भी कांगड़ा कला संग्रहालय पहुंच रहे हैं। प्रदर्शनी में प्रदर्शित कलाकृतियां दर्शकों को न केवल आकर्षित कर रही हैं, बल्कि उन्हें भारतीय कला और संस्कृति की गहराई से भी परिचित करवा रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### घर में घुसकर व्यक्ति पर किया हमला

अनंत ज्ञान, संजीव चौहान, टौणी देवी। टौणी देवी क्षेत्र के पटनौण गांव में मंगलवार सुबह पेयजल पाइपलाइन को लेकर विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय निवासी निर्मला देवी ने बताया कि सुबह कुछ लोगों ने गांव की पेयजल पाइपलाइन को तोड़ दिया, जिससे उनके घर में पानी की आपूर्ति प्रभावित हो गई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। निर्मला देवी का आरोप है कि विवाद के बाद आरोपी उनके घर में घुस आए और उनके पति देवेंद्र कुमार पर हमला कर दिया। इस हमले में देवेंद्र कुमार घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए सिविल अस्पताल टौणी देवी ले जाया गया। घटना की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज करवाई गई है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### विवेक कटोच ने सीएम का जताया आभार



अनंत ज्ञान, नादौन। नवनियुक्त क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण सदस्य विवेक कटोच ने अपनी पत्नी निशा कटोच के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें धन्यवाद प्रकट किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा दी गई जिम्मेदारी के लिए आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि वह इस दायित्व को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाना, सड़क सुरक्षा को मजबूत करना और आम लोगों को सुविधाजनक परिवहन उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

### 24 को प्रस्तावित आरटीए की बैठक स्थगित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में 24 मार्च को प्रस्तावित क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) की बैठक स्थगित कर दी गई है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अंकुश शर्मा ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से इस बैठक को स्थगित कर दिया गया है। इस बैठक में एचआरटीसी द्वारा सरेंडर किए गए 18 रूटों से संबंधित मामलों पर विचार व निर्णय लिया जाना था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से इसे स्थगित कर दिया गया है।

### पीएनबी गाहली शाखा के नए परिसर का उद्घाटन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। पंजाब नेशनल बैंक की गाहली शाखा के नए परिसर का उद्घाटन मंगलवार को पंजाब नेशनल बैंक के शिमला जोन के क्षेत्रीय प्रमुख राजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर पीएनबी सर्किल हमीरपुर के प्रमुख नीरज कुमार आनंद भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने बैंक द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं और ग्राहकों से बातचीत की और ग्राहकों को सुविधा के लिए गाहली शाखा के अधिकारियों द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की। पीएनबी गाहली शाखा के शाखा प्रमुख सुभाष नेगी और उनकी टीम ने मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें शाखा की प्रगति तथा कार्यप्रदर्शन से अवगत कराया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में बैंक के ग्राहक उपस्थित रहे।

### महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में महिला शिकायत एवं निवारण प्रकोष्ठ की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अकुला शर्मा ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर ने की। कार्यक्रम की शुरुआत समन्वयक डॉ. सुमन शर्मा के स्वागत भाषण से हुई। डॉ. अकुला शर्मा ने अपने संघर्ष और आत्मनिर्भरता के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर ने महिला अधिकारों, समान अवसर और समानता को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। अंत में सभी ने महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अनन्या और शानवी ने बढ़ाया स्कूल का मान

अनंत ज्ञान, बदारन। पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बदारन की दो छात्राओं ने नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम (एनएमएमएस) 2025 की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा अनन्या, पुत्री बलवीर सिंह तथा शानवी ठाकुर, पुत्री वरिंद्र ठाकुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह सफलता हासिल की। इस उपलब्धि का श्रेय उनकी कड़ी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया जा रहा है। पुस्तकालय प्रभारी प्रवीण ने भारती एयरटेल फाउंडेशन के संसार चंद और उनकी टीम का आभार जताया, जिन्होंने विद्यार्थियों को एनएमएमएस की उपयोगी पुस्तकें उपलब्ध करवाईं। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. हरदीप ठाकुर, उपप्रधानाचार्य विजय सोनी सहित समस्त स्टाफ ने छात्राओं को बधाई दी।

### लड़की की शादी के लिए दी आर्थिक मदद

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला हमीरपुर की समाजसेवी संस्था प्रभात सुधार सभा ने दानी सज्जनों के दान से जरूरतमंदों की सहायता को जारी रखते हुए 9 मार्च को गांव कक्कयार की गरीब लड़की की शादी को बारातियों के स्वागत के लिए चाय के साथ नमकीन व मिठाई तथा कड़ी व मीठी सब्जी के लिए मटरी 6 किलो, गुलाब जामुन 6 किलो, बूंदी 5 किलो, वदाणा 6 किलो, फलेरियां 6 किलो, दही 10 किलो, पनीर 8 किलो तथा दूध पांच किलो दिया। गांव मरूढ़ा जिला बिलासपुर निवासी मुकेश कुमार के असाध्य रोग पर उसकी बेटी के खाते में 5000 रुपए गूगल करके भेजे।

### राशन ढुलाई के लिए निविदाएं 30 मार्च तक

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने जिला हमीरपुर में राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के विभिन्न थोक बिक्री केंद्रों एवं गोदामों से उचित मूल्य की दुकानों तक राशन की ढुलाई और थोक गोदामों में मजदूरी के कार्य हेतु 30 मार्च सुबह 10 बजे तक अलग-अलग ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक शिव राम ने बताया कि ये सभी निविदाएं वेब पोर्टल एचपी टेंडर.जीओवी.इन पर अपलोड होनी चाहिए। सभी निविदाएं 30 मार्च को ही निर्धारित प्रक्रिया के तहत खोल दी जाएंगी। निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला नियंत्रक कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### सिक्योरिटी गार्ड के साक्षात्कार कल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 70 पदों पर भर्ती के लिए 12 मार्च को सुबह साढे दस बजे उप रोजगार कार्यालय बड़सर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या दसवीं पास अथवा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिनकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 52 से 95 किलोग्राम के बीच हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 17,500 रुपए से लेकर 23,500 रुपए तक मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### दरिद्र नारायण कल्याण समिति हमीरपुर के प्रधान मिलाप सिंह को किया सम्मानित



अनंत ज्ञान, हमीरपुर। दरिद्र नारायण कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश की जिला बिलासपुर की घुमारवीं की इकाई द्वारा वार्षिक सम्मेलन में दरिद्र नारायण कल्याण समिति हमीरपुर के प्रधान मिलाप सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया।

# घरेलू गैस को लेकर मारामारी शुरू कमर्शियल की सप्लाई में लगी ब्रेक

## इसराइल–ईरान युद्ध के असर से हमीरपुर में भी गैस सिलेंडरों की सप्लाई में रुकावट

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। इसराइल–ईरान युद्ध को लेकर तेल और गैस की सप्लाई में आई रुकावट का असर हमीरपुर जिला में भी हुआ है। गैस सिलेंडरों की कमर्शियल सप्लाई पिछले दो दिनों से यहां के डीलर्स के पास नहीं पहुंच पाई है। जबकि डोमेस्टिक सप्लाई को लेकर अभी चिंता की बात तो नहीं है, लेकिन लोगों में सिलेंडर भरवाने के लिए मारामारी शुरू हो गई है। जिस कारण इसकी डिमांड और सप्लाई को लेकर हाए तौबा मचने लगी है।

हमीरपुर में पिछले कुछ दिनों से उपभोक्ता घरेलू गैस के सिलेंडर के लिए जो बुकिंग करवा रहे हैं, उसकी सप्लाई 4 से 6 दिनों के बाद मिल रही है। पहले ऐसा नहीं होता था। कम से कम शहर में इसकी सप्लाई बुकिंग करवाने के तुरंत बाद उपलब्ध करवा दी जाती थी। अब हो यह रहा है कि जिस भी लोडिंग अनलोडिंग कॉर्नर पर गैस की सप्लाई के लिए गाड़ी पहुंचती है, वहां सिलेंडरों की लंबी लाइन पहले से ही मौजूद रहती है। हालांकि अब मौसम भी चेंज हो गया है और सर्दी के मौसम के अचानक करवट लेने के बाद अब मौसम में गर्माहट भी आ गई है, फिर भी गैस की सप्लाई को लेकर लोग खाली सिलेंडरों को लेकर बुकिंग तुरंत करवा रहे हैं। ताकि किसी भी तरह भी देरी की वजह से उनके सिलेंडर खाली न रह जाएं। इसी वजह से अफरातफरी अब मचने लगी है।

### ढाबा, होटल व दुकानों में गैस की अनियमित आपूर्ति से अफरातफरी

कमर्शियल गैस की कमी निश्चित रूप में हमीरपुर शहर में ही नहीं, जिलाभर के अलग-अलग इलाकों में भी देखने को मिल रही है और ढाबों के अलावा अन्य दुकानों पर भी दिक्कत महसूस होने लगी है। कारण यह है कि डिमांड और सप्लाई के मुताबिक यह व्यवस्था बराबर नहीं बन पा रही है। पिछले दो दिनों से कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति जिला में नहीं आई है। जिस कारण यह सप्लाई अनियमित हो गई है। इसलिए दुकानदार, ढाबा मालिक और होटल मालिक भी परेशानी में दिख रहे हैं।

### रोजाना 3000 घरेलू सिलेंडर सप्लाई, घरेलू उपभोक्ताओं को नहीं परेशानी: डीएफएससी

डीएफएससी शिवराम का कहना है कि डोमेस्टिक सप्लाई में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं है और सप्लाई के साथ-साथ डिमांड बराबर चल रही है, लेकिन पैनिक की वजह से लोग खाली सिलेंडरों को फटाफट भरवाने की तरफ बढ़ रहे हैं। इसलिए शायद कुछ दिक्कत आ रही होगी, लेकिन उनका यह कहना है कि रोजाना इस जिला में 3000 घरेलू गैस उपभोक्ताओं की एवरेज सप्लाई के हिसाब से गैस सिलेंडर पहुंच रहे हैं और इसमें आपूर्ति और मांग में फिलहाल दिक्कत नहीं है, लेकिन कामर्शियल सिलेंडरों की दिक्कत हो सकती है, क्योंकि इसका लेखा-जोखा वे नहीं रखते, इसके लिए कंपनी अपने हिसाब से इसे देखती है। प्रशासन का मुख्य काम घरेलू उपभोक्ताओं की जरूरत के मुताबिक उनकी मांग और सप्लाई को बराबर बनाए रखना है।

# 29 मार्च से शुरू किया जाएगा एचपीवी टीकाकरण अभियान

- जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. प्रवीण चौधरी की अध्यक्षता में सीएमओ ऑफिस के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिलास्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय अत्री, जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. सुनील वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. पारस और सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य शिक्षक, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, लेखाकार, ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

उन्होंने बताया कि एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) टीकाकरण अभियान, जो 29 मार्च से 33 कोल्ड–चेन पॉइंट पर शुरू किया जाएगा, इसके लिए सभी खंड चिकित्सा अधिकारी अपने–अपने खंड स्तर पर पूरी तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी बताया कि एचबीएनसी (होम बेस्ड न्यूबॉर्न केयर) के तहत आशा कार्यकर्ता नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए घर पर सात बार दौरा करती हैं और आवश्यक सेवाएं प्रदान करती हैं। यह दौरे बच्चे के जन्म के तुरंत बाद, दो या तीन दिनों के भीतर शुरू कर दिए जाने चाहिए। साथ ही खंड स्तर पर आशा कार्यकर्ताओं के दौरों का पूरा ब्योरा भी रखा जाए। उन्होंने यह भी बताया कि खंड स्तर पर जितनी भी गर्भवती महिलाएं पंजीकृत होती हैं, उनका पंजीकरण पहले और समय पर होना चाहिए और प्रसव पूर्व अवधि के दौरान ही गर्भवती महिलाओं को परिवार नियोजन के तरीकों को अपनाने के लिए परामर्श दिया जाना चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा कहा गया कि उपलब्ध स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों का गहन विशलेषण करें तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम तत्काल उठाएं तथा विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत आबंटित धनराशी का समय पर खर्च करना भी सुनिश्चित करें।

# लगमन्वीं पंचायत की 25 महिलाएं बजौरा व बल्ह में सीखेंगी प्राकृतिक खेती के गुर

अनंत ज्ञान





25 महिलाओं का समूह रवाना होता हुआ। अनंत ज्ञान

जाहू। उपमंडल भोरंज की लगमन्वीं पंचायत की 25 महिलाओं का समूह दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर मंडी और कुल्लू जिला के विभिन्न स्थानों का दौरा करेगा। इस दौरान महिलाएं प्राकृतिक खेती की तकनीकों के साथ–साथ हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता का भी आनंद लेंगी। इस भ्रमण का आयोजन विधायक सुरेश कुमार के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा आत्मा प्रोजेक्ट के तहत करवाया जा रहा है। इस दल में शामिल सभी महिलाएं अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित हैं। मंगलवार को जाहू से रवाना हुआ महिलाओं का प्रतिनिधिमंडल मंडी जिला के बल्ह और कुल्लू के बजौरा में प्राकृतिक खेती से संबंधित जानकारी प्राप्त करेगा। इसके अलावा महिलाएं प्राकृतिक खेती से होने वाले लाभों और आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में भी जानकारी हासिल करेंगी। कुल्लू जिला के बजौरा में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र किसानों को कृषि संबंधी तकनीकी मार्गदर्शन और सलाह प्रदान करते हैं, जिससे महिलाओं को प्राकृतिक खेती के बारे में व्यापक जानकारी मिलेगी।

इस भ्रमण के दौरान महिला कृषक अटल टनल, हिडिंबा माता मंदिर, मनाली, बिजली महादेव जैसे प्रसिद्ध पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों का भी दौरा करेंगी। इसके साथ ही वे रिवालसर और नैना देवी मंदिर में माता के दर्शन भी करेंगी। लगमन्वीं पंचायत के कांग्रेस नेता केशव कौशल ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा आयोजित यह दो दिवसीय भ्रमण क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा। प्रतिनिधिमंडल में शामिल महिला कृषक रामकली, उर्मिला देवी, निर्मला देवी, चंद्रकिरण सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि यह भ्रमण उनके लिए काफी उत्साहवर्धक रहेगा और इससे उन्हें प्राकृतिक खेती के साथ–साथ प्राकृतिक सुंदरता के बारे में भी नई जानकारी प्राप्त होगी।

खंड भोरंज कृषि विभाग की एसएमएस मोनिका शर्मा ने बताया कि भोरंज क्षेत्र में प्राकृतिक खेती की अपार संभावनाएं हैं। इसे बढ़ावा देने के उद्देश्य से आत्मा प्रोजेक्ट के तहत महिलाओं का दो दिवसीय भ्रमण कुल्लू और मंडी जिला के बल्ह क्षेत्र में करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल के आने वाले समय में सकारात्मक और सार्थक परिणाम सामने आएंगे।

# करियर प्लेसमेंट के नए अवसरों की जानकारी दी

## राष्ट्रीय संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने करियर विकास में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बताई भूमिका

अनंत ज्ञान



हमीरपुर कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

हमीरपुर। वाणिज्य विभाग द्वारा वाणिज्य, बीबीए तथा बीसीए के विद्यार्थियों के लिए मंगलवार को 'वाणिज्य शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से करियर प्लेसमेंट का रूपांतरण' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक विशेषकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से करियर विकास और प्लेसमेंट के नए अवसरों से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सतीश सोनी ने किया। प्रातःकालीन सत्र में इकबाल सिंह (एचपीएफ–एएस), सहायक नियंत्रक, राज्य चयन आयोग, हमीरपुर ने मुख्य संसाधन व्यक्ति के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया।

उन्होंने सरकारी सेवाओं, करियर संभावनाओं तथा भर्ती प्रक्रिया में आधुनिक तकनीकों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बढ़ती भूमिका के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नरेश कुमार ने मुख्य अतिथि एवं संसाधन व्यक्तियों का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों के समक्ष संगोष्ठी के उद्देश्य और रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता करियर प्लेसमेंट की प्रक्रिया को बदल रही है और वाणिज्य के विद्यार्थियों के लिए नए अवसर उत्पन्न कर रही है। सायंकालीन सत्र में डॉ. रामनदीप सिंह, विभागाध्यक्ष, एमबीए विभाग, जीएनए विश्वविद्यालय, फगवाड़ा ने 'करियर प्लेसमेंट में एआई के उपयोग' विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में रोजगार के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी सत्र में इंजीनियर संसार चंद, अतिरिक्त निदेशक (शैक्षणिक), जीएनए विश्वविद्यालय, फगवाड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि औपचारिक शिक्षा के साथ–साथ उन्हें अतिरिक्त व्यावसायिक एवं कौशल आधारित शिक्षा को भी अपनाना चाहिए, जिससे उनके करियर के अवसर और अधिक सशक्त बन सकें। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. कनिका द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष दिनेश शर्मा, डॉ. संदेश, डॉ. भानु प्रिया तथा अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे। यह संगोष्ठी विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई और उन्हें आधुनिक तकनीक के साथ करियर योजना एवं प्लेसमेंट की नई संभावनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

### एनएमएमएस परीक्षा पास करने पर साहिल को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर। बड़सर उपमंडल के धंगोटा स्कूल के छात्र साहिल ने राष्ट्रीय साधन–सह–योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जानकारी के अनुसार यह परीक्षा एससीईआरटी सोलन द्वारा आयोजित की गई थी। कक्षा आठवीं के छात्र साहिल ने अपनी कड़ी मेहनत से इस प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार और समस्त स्टाफ सदस्यों ने साहिल को उसकी सफलता के लिए सम्मानित किया।

प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने साहिल को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि साहिल की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। स्टाफ सदस्यों ने भी छात्र की लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की।

# नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा में जाहू स्कूल के अमन ने प्रदेशभर में झटका प्रथम स्थान

अनंत ज्ञान



मेधावी छात्र अमन कपूर को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

- 180 में से 154 अंक हासिल कर स्कूल का नाम किया रोशन

जाहू। उपमंडल भोरंज की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू के आठवीं कक्षा के मेधावी छात्र अमन कपूर ने नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेशभर में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि अमन कपूर ने इस परीक्षा में 180 में से 154 अंक प्राप्त कर प्रथम रैंक हासिल करने का गौरव प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रमेश ठाकुर ने मेधावी छात्र अमन कपूर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप योजना मेधावी व आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी पढ़ाई जारी रखने में कठिनाई महसूस करते हैं। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में सफल होने पर अमन कपूर को कक्षा नौवीं से जमा दो तक प्रति वर्ष 12 हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। प्रधानाचार्य ने अमन कपूर, उसके परिवारजनों तथा अध्यापकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और विद्यालय के अन्य छात्रों से भी इस परीक्षा की तैयारी करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रवक्ता रविकांत, केआर शर्मा, मनजीत, राजेंद्र, सूरज पाल, अमृतांजना, चमन लाल, हंसराज, कमलजीत, अनुराग, किरण बाला, राजेश कुमार, जिनेंद्र, किरण रानी, पारुल, वंदना, अंजलि, शिल्पी, अरुणा शर्मा, अनिल और रमेश चंद सहित अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

# सूरत की महिला ने युवक पर लगाया एक करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप

अनंत ज्ञान

- गुजरात पुलिस ने नादौन के मण पंचायत के तरेटी गांव में दी दबिश
- दुबई में साथ काम करने के दौरान हुई पहचान

नादौन। गुजरात के सूरत की एक महिला ने नादौन क्षेत्र के युवक पर करीब एक करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। मामले में सूरत पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने मंगलवार को नादौन क्षेत्र की मण पंचायत के तरेटी गांव में स्थानीय पुलिस के सहयोग से दबिश दी, लेकिन आरोपी हाथ नहीं लग सका।

मिली जानकारी के अनुसार रक्कड़ चौली क्षेत्र के मूल निवासी अविनाश कुमार, जो इन दिनों तरेटी गांव में किराये के मकान में रह रहा है और वहीं जमीन खरीदकर घर का निर्माण कर रहा है, दुबई में एक हीरा कंपनी में नौकरी करता है। उसी कंपनी में काम करने वाली सूरत निवासी पूजाबेन ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने का आरोप लगाते हुए सूरत में मामला दर्ज करवाया है।

शिकायत के अनुसार दोनों की मुलाकात दुबई में नौकरी के दौरान हुई थी। महिला का आरोप है कि अविनाश ने धोखे से उसके कुछ फोटो ले लिए और बाद में उन्हें वायरल करने तथा जान से मारने की धमकी देकर पैसे मांगने लगा। बदनामी के डर से उसने किस्तों में आरोपी को पैसे दिए। महिला का कहना है कि उसने आरोपी के बताए विभिन्न बैंक खातों में पैसे जमा करवाए, जिनमें आरोपी की पत्नी का खाता भी शामिल बताया गया है।

मामले की पुष्टि करते हुए निर्मल सिंह ने बताया कि केस सूरत में दर्ज है और गुजरात पुलिस के अनुरोध पर स्थानीय पुलिस सहयोग कर रही है। आरोपी की तलाश जारी है।

**कार्यक्रम** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर एनजीओ भवन में जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# महिलाओं का सम्मान करना समाज की जिम्मेदारी: गर्ग

अनंत ज्ञान



एडीसी अभिषेक गर्ग आंगनबाड़ी कार्यकताओं को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

हमीरपुर। एडीसी हमीरपुर अभिषेक कुमार गर्ग ने कहा है कि महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी भागीदारी के बगैर हम किसी भी समाज और देश के विकास की कल्पना नहीं कर सकते हैं। अगर किसी समाज में महिलाएं किन्हीं कारणों से पीछे रह जाती हैं तो वह समाज पिछड़ जाता है। मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर यहां एनजीओ भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। वो चाहे मनरेगा में कार्य करने एवं आसमान में जहाज उड़ाने या मॉडलिंग तथा अभिनय की।

अभिषेक गर्ग ने कहा कि आधुनिक दौर में भी महिलाएं कहीं न कहीं असमानता, भेदभाव और अत्याचार का शिकार हो रही हैं। यही कारण है कि हमें आज भी महिला दिवस मनाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं हमारी आबादी का आधा हिस्सा हैं और अगर हम अपने आम जनजीवन में महिलाओं के योगदान को देखें तो हर दिन महिला दिवस ही लगता है। इसलिए हमें खुद में यह सोच विकसित करनी होगी कि महिलाओं के बगैर हमारा समाज अधूरा है और वे उच्च सम्मान की अधिकारी हैं। उन्होंने कहा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

महिलाओं का सम्मान करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है और समाज में उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं समान अवसरों को सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने तृतीय श्रेणी की सरकारी नौकरियों में भी महिलाओं को 25 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि वंशिका परमार मिस इंडिया अर्थ 2022 की विनर तथा हिमाचल प्रदेश इको टूरिज्म की ब्रांड एंबेसडर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान में पूरे विश्व में 8 मार्च को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं को चला रही है तथा उन योजनाओं का सभी महिलाओं को लाभ लेना चाहिए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया तथा महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कर्मचारियों, और अन्य महिलाओं ने जागरुकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके अलावा महिलाओं के लिए लेमन स्पून रेस, बैलून गेम ,म्यूजिकल चेयर, और मटका फोड़ प्रतियोगिता भी करवाई गई। एडीसी अभिषेक कुमार गर्ग ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी हमीरपुर सुनीता कुमारी , जिला पंचायत अधिकारी बबीता गुलेरिया, बाल विकास परियोजना अधिकारी टोणीदेवी कुलदीप सिंह चैहान, रिटायर्ड जिला कार्यक्रम अधिकारी कल्याण सिंह, रिटायर्ड बाल विकास परियोजना अधिकारी बलवीर सिंह बिड़ला सहित जिला की विभिन्न आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

### नौकरी लेने के लिए 17 को आएं नादौन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। उप रोजगार कार्यालय नादौन में 17 मार्च को मिनी रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इसमें तीन कंपनियां विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार लेंगी। नई दिल्ली की सुरक्षा कंपनी जी–4–एस सिक्योर सॉल्यूशंस (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड सिक्योरिटी गार्ड के 50 और सुपरवाइजर के 6 पदों के लिए भर्ती करेगी। इन पदों के लिए दसवीं पास उम्मीदवार 18 से 35 वर्ष की आयु और कम से कम 170 सेंटीमीटर लंबाई के साथ पात्र होंगे। श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड हमीरपुर में बीडीएम और सीनियर बीडीएम के दो पदों के लिए साक्षात्कार लेगी। उम्मीदवार का स्नातक या एमबीए (मार्केटिंग) होना आवश्यक है और आयु सीमा 18 से 40 वर्ष रखी गई है। चयनित उम्मीदवारों को 20,000 से 30,000 रुपए मासिक वेतन मिलेगा। हिमगिरि मल्टी लेवल मैजिक प्राइवेट लिमिटेड भोरंज में फील्ड ऑफिसर के 24 पदों को भरेगी। शैक्षणिक योग्यता बारहवीं, स्नातक, बीबीए या बीवॉक है और आयु 18 से 35 वर्ष रखी गई है। चयनित उम्मीदवारों को 13,500 रुपए मासिक वेतन मिलेगा।

# समय पर पंचायत चुनाव करवाने की उठाई मांग

◆ घुमंतू गुज्जर पशुपालकों की समस्याओं को लेकर प्रशासन से मिले हसनदीन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** घुमंतू गुज्जर पशुपालक समुदाय से जुड़े मुद्दों को लेकर गुज्जर कल्याण सभा चंबा के अध्यक्ष हसनदीन ने मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त अमित मेहरा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पंचायत राज चुनावों को समय पर कराने सहित समुदाय से जुड़ी कई अहम समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा।

हसनदीन ने बताया कि चंबा जिले की कई पंचायतें—रजिंडू, प्रोथा, साहू, कुरेना, पल्यूर, बरोर, केला, पलहुई, चंबी, जडेरा, सिल्लाघराट, घाघरोता कीड़ी, गुवाड़, सरहान, बाट, राजेरा, दाडवीं, बकानी, जांघी और खूनदेल—घुमंतू पशुपालक बहुल क्षेत्र हैं। इन पंचायतों में गुज्जर समुदाय की आबादी 20 से 40 और कही लगभग 60 प्रतिशत तक है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर पंचायत चुनाव दिसंबर माह में आयोजित किए जाते रहे हैं, लेकिन इस बार चुनाव तय समय से देरी से हो रहे हैं और इन्हें 31 मई से पहले करवाना अनिवार्य है। ऐसे में यदि चुनाव 15 मई के बाद होते हैं तो गुज्जर समुदाय की मतदान भागीदारी प्रभावित हो सकती है। हसनदीन ने बताया कि हर वर्ष परंपरा के अनुसार गुज्जर पशुपालक अपने पशुओं के साथ गर्मियों में ऊंची धारों और पहाड़ी क्षेत्रों की ओर पलायन कर जाते हैं।

इसके अलावा उन्होंने चंबा में अल्पसंख्यक समुदाय के लिए अलग कार्यालय स्थापित करने की मांग भी प्रशासन के समक्ष रखी। हस्सनदीन ने कहा कि वर्तमान में किसी भी कार्य के लिए लोगों को शिमला जाना पड़ता है, जहां चंबा से पहुंचने में 12 से 13 घंटे का लंबा समय लग जाता है। उन्होंने कहा कि चंबा एक आकांक्षी जिला है, इसलिए यहां अल्पसंख्यक समुदाय के लिए कार्यालय की सुविधा उपलब्ध करवाई जानी चाहिए

# धरवाला बाजार में पेयजल संकट दुकानदारों और लोगों में रोष

## चेतावनीः जल्द समस्या का समाधान न हुआ तो होगा धरना-प्रदर्शन

◆ लोग बोले- शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान

अनंत ज्ञान

**धरवाला (चंबा)।** उपतसील धरवाला बाजार में पानी की किल्लत के चलते लोगों और दुकानदार में भारी रोष है। पिछले तीन दिनों से बाजार में पानी की आपूर्ति बाधित होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि जहां यह समस्या पैदा हुई है, वहीं जल शक्ति विभाग का उप मंडल कार्यालय भी स्थित है।

पानी की कमी के चलते ढाबा मालिकों, दुकानदारों और स्थानीय लोग परेशान हो गए हैं। स्थानीय लोगों विक्रांत ठाकुर, मदन लाल, कमलेश ठाकुर, विशाल ठाकुर, विपन कुमार और अजय कुमार ने बताया कि धरवाला बाजार में पिछले तीन दिनों से पानी की भारी कमी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि बाजार में लगाए गए पानी के कूलर में भी पानी नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बाजारवासियों का कहना है कि जलशक्ति विभाग का उपमंडल कार्यालय होने के बावजूद यहां आए दिन पानी की समस्या बनी रहती है। उन्होंने बताया कि इस समस्या से अवगत करवाने के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

लोगों ने मांग की है कि धरवाला बाजार में पानी की समस्या को जल्द से जल्द दूर किया जाए और बाजार में लगाए गए पानी के कूलर के लिए स्थायी रूप से पानी की व्यवस्था की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बाजारवासी जल शक्ति विभाग के उप मंडल कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। सहायक अभियंता जल शक्ति विभाग उपमंडल धरवाला मनोज कुमार ने कहा कि उपतहसील धरवाला बाजार में पानी की कमी का मामला उनके ध्यान में आया है। संबंधित कर्मचारियों को समस्या का जल्द समाधान करने के निर्देश दे दिए गए हैं और जल्द ही पानी की आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी। अब सभी की निगाहें विभाग की कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि जल्द ही पानी की आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो स्थानीय लोगों में बढ़ रहा असंतोष कभी भी आंदोलन का रूप ले सकता है।

# सलूणी में स्कूल बसों में ओवरलोडिंग पर पुलिस की सख्ती, चलाया जांच अभियान



स्कूल बसों की जांच करती पुलिस टीम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुनील पहाड़ी, सलूणी।** चंबा जिले के सलूणी क्षेत्र में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस प्रशासन ने स्कूल बसों की ओवरलोडिंग और सुरक्षा मानकों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीम ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर स्कूल बसों को रोककर उनकी गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान बसों में बैठे बच्चों की संख्या, वाहन के आवश्यक कागजात, फिटनेस प्रमाणपत्र और सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की गई।

पुलिस अधिकारियों ने बस चालकों और संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बसों में न बैठाया जाए। पुलिस ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और ओवरलोडिंग जैसी लापरवाही को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पुलिस बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए भविष्य में भी ऐसे विशेष निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि स्कूल बसों में सभी सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन कराया जा सके।

# हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों को दी जरूरी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के मस्वाड़ी मदनी मदरसे में मंगलवार को हज कैंप का आयोजन किया गया। इसमें वर्ष 2026 में हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों को हज से संबंधित अहम मसाइल और जरूरी जानकारी दी गई। इस वर्ष हिमाचल प्रदेश से कुल 67 हाजी हज यात्रा पर जा रहे हैं। मस्वाड़ी कैंप में ज़िला चम्बा के चार हाजियों ने भाग लिया। मौलाना मोहम्मद रोशन क़ासमी ने हाजियों को एहराम पहनने का सही तरीका, तवाफ़-ए-काबा, सफा-मरवा की सई और मदीना शरीफ़ में हाज़िरी के आदाब के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने हाजियों से अपील की कि वे अपनी दुआ में प्रदेश और देशवासियों के लिए भी दुआ करें। कैंप में साहो सरकारी अस्पताल की मेडिकल टीम ने हाजियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक टीके लगाए। हज कमेटी के चेयरमैन दिलदार अली बट्ट उपस्थित नहीं रहे। हाजियों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि यह शिविर हज यात्रा को समझने और सही तरीके से अदा करने में सहायक है।

# पर्यटन स्थल खजियार में इस वर्ष रिकॉर्ड पर्यटक जुटने की उम्मीद

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, खजियार (चंबा)।** गर्मी के मौसम के जल्दी शुरू होने के साथ ही हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजियार में इस वर्ष पर्यटकों की रिकॉर्ड संख्या पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय पर्यटन व्यवसायियों और निवासियों का मानना है कि 15 अप्रैल के बाद जैसे ही पर्यटन सीजन पूरी तरह शुरू होगा, वैसे ही यहां सैलानियों की बड़ी आमद देखने को मिल सकती है।



गर्मियां शुरू होते ही कारोबारी में बधी उम्मीद। अनंत ज्ञान

प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर चंबा जिले को लंबे समय से कश्मीर के विकल्प के रूप में भी देखा जाता रहा है। यह क्षेत्र अपनी हरी-भरी वादियों, देवदार के घने जंगलों और शांत वातावरण के कारण पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। चंबा जिले की सीमाएं सीधे जम्मू और कश्मीर से भी लगती हैं। खजियार को 'मिनी स्विट्जरलैंड' कहा जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जो भी सैलानी यहां आता है, वह चंबा की खूबसूरती से मंत्रमुग्ध हो जाता है और बार-बार यहां आने की इच्छा रखता है।

बॉलीवुड भी इस स्थान की खूबसूरती से अछूता नहीं रहा है। पर्यटन से जुड़े स्थानीय कारोबारियों का मानना है कि इस बार गर्मी जल्दी पड़ने के कारण मैदानी इलाकों से लोग ठंडे और सुरक्षित पर्यटन स्थलों की तलाश में हिमाचल का रुख करेंगे। ऐसे में खज्जियार और चंबा जिला उनके लिए एक शांत, सुरक्षित और प्राकृतिक विकल्प बनकर उभर सकता है। अगर अनुमान सही साबित हुए तो इस साल गर्मियों के सीजन में खज्जियार और चंबा में पर्यटन के नए रिकॉर्ड बन सकते हैं।

# अनियंत्रित होकर कार खाई में गिरी, चालक गंभीर घायल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा के बालू-सरोल सड़क मार्ग पर एक मारुति कार अनियंत्रित होकर करीब डेढ़ सौ फीट गहरी खाई में गिरने के बाद रावी नदी किनारे जा गिरी। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के समय कार में केवल चालक ही सवार था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर बाद चंबा की ओर जा रही यह कार बालू और सरोल के बीच अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरी। हादसे के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद घायल चालक को कार से बाहर निकाला। इसके बाद उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्थानीय लोगों की तत्परता से समय रहते चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

# चंबा मेडिकल कॉलेज में मोबाइल चोरों का आतंक, एक ही रात में उड़ाए 10 फोन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** चंबा मुख्यालय स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल एक बार फिर गंभीर सवालों के घेरे में है। अस्पताल में चौबीसों घंटे सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी और जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरों के बावजूद यहां मरीजों और उनके तामीरदारों के मोबाइल फोन चोरी होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामले में सोमवार देर रात से तड़के सुबह के बीच करीब 8 से 10 मोबाइल फोन चोरी हो जाने से अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है।

बताया जा रहा है कि यह वारदातें अधिकतर सुबह चार से पांच बजे के बीच हो रही हैं। उस समय मरीजों के तामीरदार अपने मोबाइल फोन चार्जिंग पर लगाकर मरीजों के पास ही सो जाते हैं और इसी दौरान शातिर चोर वार्डों में घुसकर मोबाइल फोन पर हाथ साफ कर देते हैं। पीड़ितों ने बताया कि वे रात करीब एक से डेढ़ बजे के बीच अपने मरीजों के साथ सोए थे, लेकिन सुबह आंख खुलते ही मोबाइल फोन गायब मिले। वार्ड और आसपास काफी तलाश करने के बावजूद फोन का कोई सुराग नहीं मिल पाया।



मोबाइल चोरी होने से तमारदारों में भारी रोष। अनंत ज्ञान

एक ही रात में कई मोबाइल चोरी होने से मरीजों के परिजनों में भारी रोष और असुरक्षा का माहौल है। इस घटना को लेकर छात्र संगठन एसएफआई ने भी स्वास्थ्य प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। संगठन का कहना है कि एक ही रात में आधा दर्जन से अधिक मोबाइल चोरी होना बेहद शर्मनाक है। आरोप है कि जब इस बारे में अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों से सवाल किया गया तो उन्होंने जिम्मेदारी लेने के बजाय लोगों को ही अपने सामान की सुरक्षा करने की सलाह दे दी, जो बेहद गैर-जिम्मेदाराना रवैया है। वहीं स्वास्थ्य प्रशासन ने भी स्वीकार किया है कि मेडिकल कॉलेज की दूसरी और तीसरी मंजिल पर मरीजों और उनके तामीरदारों के मोबाइल फोन चोरी हुए हैं।

इस मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूछताछ व जांच शुरू कर दी है।

# होली में आईटीआई खोलने की मांग तेज

अनंत ज्ञान



◆ युवा कांग्रेस नेता श्याम ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**ओपी शर्मा, भरमौर।** भरमौर विधानसभा क्षेत्र की होली तहसील में आईटीआई खोलने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस नेता श्याम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन सौंपा। श्याम ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री ने मांग को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्रवाई शुरू करवाने का आश्वासन दिया है।

उन्होंने कहा कि होली क्षेत्र में आईटीआई खुलने से स्थानीय युवाओं के साथ-साथ बेटियों और लड़कियों को भी तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के बेहतर अवसर मिलेंगे। इससे उन्हें रोजगार के लिए दूर-दराज के शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री द्वारा इस मांग को सकारात्मक रूप से स्वीकार करना भरमौर क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्याम ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से उनका बहुत-बहुत धन्यवाद। गौरतलब है वर्तमान में तहसील भरमौर में एक आईटीआई मात्र भरमौर में ही चल रही है। पहाड़ी क्षेत्र वी पैसों के अभाव के चलते ग्रामीण परिवेश की कई लोग तकनीकी शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाए हैं। होली में आईटीआई खुलने से एक दर्जन से अधिक पंचायतों को इसका सीधा फायदा मिलेगा।

# छात्र हितों को लेकर बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान, चंबा।** एनएसयूआई जिला चंबा की इस सत्र की अंतिम बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में आने वाले समय में छात्र हितों के लिए किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा भी तैयार की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा, कैंपस अध्यक्ष आर्यन भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष तरुण कपूर और कार्तिक पॉल, कैंपस उपाध्यक्ष आर्यन ठाकुर, महासचिव विशाल ठाकुर सहित एनएसयूआई जिला चंबा के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, विद्यार्थियों की समस्याओं को प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा छात्र हित में निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प लिया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि एनएसयूआई हमेशा छात्रों के अधिकारों और उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी इसी तरह सक्रिय भूमिका निभाती रहेगी। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने तथा भविष्य में छात्र अधिकारों की आवाज को और अधिक बुलंद करने का भरोसा दिलाया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि विद्यार्थियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाकर उनके समाधान के लिए प्रशासन से निरंतर संवाद किया जाएगा।

# तागी में पशु औषधालय को करें बहाल

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** विधानसभा क्षेत्र भरमौर-पांगी के तागी गांव के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में स्थानांतरित किए गए पशु औषधालय के मुद्दे को लेकर एपीएमसी के अध्यक्ष ललित ठाकुर से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उनके माध्यम से सरकार और संबंधित मंत्री से मांग की कि तागी से पशु औषधालय को अन्यत्र स्थानांतरित न किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पशु औषधालय को यहां से शिफ्ट किया जाता है तो क्षेत्र के लोगों को अपने पशुओं के इलाज के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि पशु औषधालय को तागी में ही पुनः शुरू किया जाए। इस अवसर पर एपीएमसी के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे इस महत्वपूर्ण मांग को मुख्यमंत्री सुक्खू व पशुपालन मंत्री अनिरुद्ध सिंह के समक्ष जल्द उठाएंगे और पशु औषधालय को पुनः तागी में शुरू करवाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

# बतोट विद्यालय की स्कूल प्रबंधन समिति ने फिर लहराया परचम

## प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार हासिल किया प्रथम स्थान



विजेता स्कूल प्रबंधन समितियों को ट्रॉफी, चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, गैहरा (चंबा)।** शिक्षा खंड गैहरा में आयोजित उत्कृष्ट स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक पाठशाला बतोट की स्कूल प्रबंधन समिति ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान हासिल किया है।

इस प्रतियोगिता में केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला ब्रेही ने दूसरा स्थान और प्राथमिक पाठशाला नेरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। खंड शिक्षा अधिकारी गैहरा बजर सिंह ठाकुर ने विजेता स्कूल प्रबंधन समितियों को ट्रॉफी, चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बतोट स्कूल के एसएमसी अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने सभी एसएमसी सदस्यों और अभिभावकों के साथ अपने विचार साझा करते हुए स्कूल की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने प्रभारी अध्यापक रविंद्र सिंह राणा के प्रयासों की सराहना की। राजकीय प्राथमिक पाठशाला बतोट की एसएमसी अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शिक्षा खंड गैहरा का प्रतिनिधित्व करेगी। कार्यक्रम में विभिन्न केंद्रों से केंद्रीय मुख्य शिक्षक उपस्थित रहे। समग्र शिक्षा की ओर से मोनिका और हेमराज भारद्वाज भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इसके अलावा पीटीएफ अध्यक्ष टेक सिंह राणा, महासचिव सरन नरयाल और कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप 16 तक रहेंगे चंबा प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया मंगलवार से 16 मार्च तक चंबा प्रवास पर रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि वह 10 मार्च को सायं सिहुंता पहुंचेंगे। पठानिया 11 मार्च को स्थानीय कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे व बाद दोपहर 3:30 बजे सिविल हॉस्पिटल चुवाड़ी का निरीक्षण करेंगे। 12 मार्च को दोपहर 12:30 बजे विधानसभा अध्यक्ष ग्राम पंचायत मलुंदा के जाजड़ी से भटूंई संपर्क मार्ग का शिलान्यास करेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि 13 मार्च को विधानसभा अध्यक्ष चुराह विधानसभा क्षेत्र के जसोरगड में 11:30 बजे सरकार गांव के द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। 14 मार्च को कुलदीप सिंह पठानिया दोपहर 12:30 बजे डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भलेई में सरकार गांव के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। इसके पश्चात विधानसभा अध्यक्ष डलहौज़ी में होटल माउंट व्यू में निजी कार्यक्रम में शामिल होंगे और उनका रात्रि ठहराव डलहौजी में ही रहेगा। 15 मार्च को विधानसभा अध्यक्ष स्थानीय कार्यक्रमों में उपस्थित होंगे और 16 मार्च को सिहुंता से शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे।

# उपायुक्त मंडी ने किया क्षेत्रीय अस्पताल मंडी का दौरा

# डीसी ने व्यवस्थाओं में सुधार और मरीजों को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान



अस्पताल का निरीक्षण करते हुए डीसी मंडी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त अपूर्व देवगन ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्षेत्रीय अस्पताल मंडी का दौरा कर विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया व अस्पताल प्रशासन को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को सुगम, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना प्रशासन की प्राथमिकता है। दौरे के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल की फिजियोथैरेपी यूनिट, पर्ची (रजिस्ट्रेशन) काउंटर, कैश काउंटर, सामान्य वार्ड तथा विशेष वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नए पर्ची काउंटर पर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए वहां फोल्डेबल शटर व पंखे आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, ताकि मरीजों व कर्मियों को सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि मदर एंड चाइल्ड अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पुलिस की गुमटी स्थापित की जाएगी।

उपायुक्त ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा की जाए और जहां भी सुधार की आवश्यकता हो, वहां समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में व्यवस्था, स्वच्छता और मरीजों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश ठाकुर भी उनके साथ मौजूद रहे और उन्होंने उपायुक्त को अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन व शहर को पर्यावरण अनुकूल बनाने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट (एआईआईएलएसजी) तथा शहरी विकास विभाग हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को नगर परिषद सरकाघाट में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छ सर्वेक्षण विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर निकाय के अधिकारियों, स्वच्छता पर्यवेक्षकों, सफाई कर्मचारियों, स्वयं सहायता समूहों तथा अन्य हितधारकों सहित 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में 30 वर्षों से अधिक अनुभव रखने वाली विशेषज्ञ प्रशिक्षक डॉ. केतना मटकर ने किया। इस दौरान घर-घर कचरा पृथक्करण, गीले व सूखे कचरे का अलग संग्रहण, कम्पोस्टिंग, प्लास्टिक कचरे के सुरक्षित निपटान तथा एकल उपयोग प्लास्टिक में कमी जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। साथ ही सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा, पीपीई किट के उपयोग और जनभागीदारी की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन और शहर को स्वच्छ व पर्यावरण अनुकूल बनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर दिल्ली से अर्बन प्लानर सत्यम यादव, नितिन नायक, शिफाली धीमान, विरेंदर, मणिक गुप्ता, यषु प्रिय, अरूणा शर्मा, प्रेम लता, प्रेम लता डोगरा और दिपिका मौजूद रहे। व्यापार मंडल के अध्यक्ष ब्रह्मदास शर्मा, टैक्सी यूनियन के प्रधान ज्ञान चंद, स्वयं सहायता समूह की सदस्य, स्थानीय लोग और नगर परिषद के सफाई कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# करोड़पति को 'आम कार्यकर्ता' बताकर कांग्रेस ने जनता को किया गुमराहः भाजपा

◆ राज्यसभा टिकट पर कांग्रेस की दोहरी राजनीति उजागर, सच सामने आते ही उठे सवाल : भाजपा प्रवक्ता

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुरेंद्र ठाकुर और प्रताप ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पर राज्यसभा सीट को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जिस व्यक्ति को राज्यसभा का टिकट दिया, उसे बार-बार 'आम कार्यकर्ता' और 'गरीब परिवार से जुड़ा व्यक्ति' बताकर प्रचारित किया गया, जबकि वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है। भाजपा प्रवक्ताओं सुरेंद्र ठाकुर और प्रताप ठाकुर ने कहा कि राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाए गए अनुराग शर्मा करोड़ों रुपये की संपत्ति के मालिक हैं, लेकिन टिकट के समय कांग्रेस नेताओं ने उन्हें एक साधारण और आम कार्यकर्ता के रूप में प्रस्तुत किया। इससे कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतर साफ दिखाई देता है।

उन्होंने कहा कि राज्यसभा उम्मीदवार के शपथपत्र में लगभग 230 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति सामने आई है और वर्तमान सरकार में उनके पास करोड़ों रुपये के सरकारी ठेके भी बताए जा रहे हैं। यदि यही 'आम कार्यकर्ता' की परिभाषा है, तो वर्षों से पार्टी के लिए काम कर रहे अन्य कार्यकर्ताओं को ऐसा अवसर क्यों नहीं मिला—यह सवाल भी प्रदेश की राजनीति में चर्चा का विषय बन गया है।

भाजपा जिला प्रवक्ताओं सुरेंद्र ठाकुर और प्रताप ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस दिखाने के लिए कुछ और कहती है और करती कुछ और है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सीट को लेकर सामने आए तथ्यों ने कांग्रेस की नीतियों और निर्णय प्रक्रिया पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद खुद कांग्रेस के कार्यकर्ता भी ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। आज स्थिति यह है कि कांग्रेस के ही कार्यकर्ताओं के काम नहीं हो पा रहे हैं, जिससे पार्टी के भीतर असंतोष लगातार बढ़ रहा है।

**ब अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी एंव नायब तहसीलदार भवारना जिला कांगड़ा हि. प्र.।**
किस्म मुकदमा :- जन्म/मृत्यु पंजीकरण
रविन्द्र कुमार पुत्र श्री धनी राम निवासी महाल जलाख डाकघर डरोह उप-तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि.प्र. । *...प्रार्थीया*
**बनाम**
**आम जनता**
*...प्रत्यार्थी*
प्रार्थिया रविन्द्र कुमार पुत्र श्री धनी राम निवासी महाल जलाख डाकघर डरोह उप-तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि.प्र. ने अपने जन्म जोकि दिनांक 07-05-1966 को गाँव जलाख ग्राम पंचायत डरोह में हुआ है, का जन्म स्थानीय पंचायत में पंजीकृत करवाने हेतु प्रार्थना पत्र पेश किया। प्रार्थी के अनुसार अज्ञानता वश उसकी जन्म तिथि सम्बंधित पंचायत डरोह के अभिलेख में दर्ज न हो सकी है। अब प्रार्थी न्यायालय के आदेशों से उपरोक्त पंचायत में अपनी जन्म तिथि को पंजीकृत करवाना चाहता है।
अतः आम जनता को इश्तेहार / मुश्त्रीमनादी के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस बारे यदि किसी को कोई उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 23-04-2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकते है। अन्यथा उपरोक्त जन्म का पंजीकरण करने के आदेश पारित कर दिए जाएगें उसके उपरान्त कोई भी उजर व एतराज काबिले गौर न होगा।
आज दिनांक 10-03-2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ ।
**कार्यकारी दंडाधिकारी भवारना**

**व सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायव तहसीलदार, उप तहसील रे जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**
श्री पिरथी सिंह बाधोपला पुत्र सुरमी राम निवासी गांव टटवाली डा. टटवाली सब-तहसील रे जिला कांगड़ा (हि.प्र.)
*...प्रार्थी*
**वनाम**
**आम जनता**
*...फ्रीक दोयम*
प्रार्थन पत्र बावत नाम दरुस्ती जेर धारा 38 (2) हिमाचल प्रदेश भू राजस्व अधिनियम 1954 के अन्तर्गत करने बारे।
**ईश्तेहार-** श्री पिरथी सिंह बाधोपला पुत्र सुरमी राम निवासी गांव टटवाली डा. टटवाली व उप तहसील रे जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश (हि.प्र.) ने निवेदन किया है कि प्रार्थी का नाम राजस्व अभिलेख मैं पृथी सिंह दर्ज है । जो कि गलत दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य रिकार्ड में मेरा नाम पिरथी सिंह बाधोपला दर्ज है । प्रार्थी अपने आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों अनुसार राजस्व अभिलेख में नाम श्री 'परथी सिंह बाधोपला पुत्र सुरमी राम दरुस्त करवाना चाहता है।
अतः सर्वसाधारण को इस इश्तेहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को प्रार्थी के नाम दरुस्ती करने बारे कोई उजर एतराज हो तो वह दिनांक 21/03/2026 को प्रातः 10 बजे या उससे पूर्व असालतान या वकालतन हाजिर होकर अपना उजर एतराज प्रस्तुत कर सकता है। न आने की सूरत में प्रार्थी का नाम दरुस्ती बोरे आदेश पारित कर दिए जाएंगे। उसके उपरान्त कोई भी उजर व एतराज कावले समायतन होगा।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी रे जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**विनम्रता** की परीक्षा 'समृद्धि' में और स्वाभिमान की परीक्षा 'अभाव' में होती है।

–आदित्य चौधरी

## संपादकीय

# कोविड वैक्सीन और मुआवजा

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि यदि किसी व्यक्ति को कोविड-19 वैक्सीन के कारण गंभीर दुष्प्रभाव या नुकसान हुआ है, तो ऐसे मामलों में मुआवजा देने की व्यवस्था की जाए। यह निर्देश जनस्वास्थ्य, सरकारी जिम्मेदारी और नागरिकों के अधिकारों के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कोविड-19 महामारी ने पूरी दुनिया को गहरे संकट में डाल दिया था। लाखों लोगों की जान गई और करोड़ों लोग इससे प्रभावित हुए। ऐसे समय में वैज्ञानिकों ने तेजी से वैक्सीन विकसित की और सरकारों ने बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान शुरू किए। भारत में भी केंद्र और राज्य सरकारों ने मिलकर दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियानों में से एक को सफलतापूर्वक संचालित किया। इस अभियान के माध्यम से करोड़ों लोगों को टीका लगाया गया, जिससे संक्रमण की गंभीरता कम हुई और मृत्यु दर को नियंत्रित करने में मदद मिली।

यह भी सच है कि अधिकांश लोगों के लिए कोविड वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावी साबित हुई। चिकित्सा विशेषज्ञों और स्वास्थ्य संगठनों का मानना है कि टीकाकरण ने महामारी से लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लेकिन इसके बावजूद कुछ मामलों में टीकाकरण के बाद प्रतिकूल प्रभावों की शिकायतें सामने आईं। कुछ लोगों ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं या गंभीर दुष्प्रभावों का सामना करने की बात कही। हालांकि ऐसे मामले बहुत कम हैं, फिर भी उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस विषय पर गंभीरता दिखाते हुए सरकार को यह सोचने के लिए कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को वैक्सीन से नुकसान हुआ है, तो उसे उचित मुआवजा मिलना चाहिए। अदालत का मानना है कि जब सरकार जनहित में किसी स्वास्थ्य कार्यक्रम को व्यापक स्तर पर लागू करती है, तो उसकी यह जिम्मेदारी भी बनती है कि उससे प्रभावित नागरिकों की सहायता की जाए।

मुआवजा व्यवस्था का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं होता, बल्कि यह पीड़ित व्यक्ति और उसके परिवार के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भी प्रतीक होता है। यदि किसी परिवार ने वैक्सीन से जुड़े गंभीर दुष्प्रभावों के कारण अपने सदस्य को खो दिया है या उसे लंबे समय तक इलाज की जरूरत पड़ रही है, तो सरकार की ओर से सहायता मिलना उनके लिए बड़ी राहत हो सकती है। इसके साथ ही, ऐसी नीति जनता के विश्वास को भी मजबूत करती है। जब लोगों को यह भरोसा होता है कि सरकार उनकी सुरक्षा और अधिकारों के प्रति गंभीर है, तो वे सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में अधिक विश्वास के साथ भाग लेते हैं। भविष्य में यदि किसी नई बीमारी के खिलाफ टीकाकरण अभियान चलाया जाता है, तो यह विश्वास बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

हालांकि, मुआवजा नीति बनाते समय कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है। सबसे पहले, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि किसी दावे की जांच वैज्ञानिक और चिकित्सकीय आधार पर की जाए। यह स्पष्ट होना चाहिए कि नुकसान वास्तव में वैक्सीन से ही हुआ है या नहीं। इसके लिए विशेषज्ञों की समिति और पारदर्शी प्रक्रिया की आवश्यकता होगी।दूसरी बात यह है कि मुआवजा देने की प्रक्रिया सरल और त्वरित होनी चाहिए। कई बार सरकारी योजनाओं में कागजी कार्यवाही इतनी जटिल होती है कि जरूरतमंद लोगों को समय पर सहायता नहीं मिल पाती। इसलिए ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिससे पीड़ित व्यक्ति या उसका परिवार आसानी से आवेदन कर सके और उन्हें समय पर न्याय मिल सके।

अंततः सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश जनहित और संवेदनशील शासन की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा सकता है। यदि सरकार इस दिशा में ठोस और पारदर्शी नीति तैयार करती है, तो यह न केवल प्रभावित लोगों को राहत देने में सहायक होगा, बल्कि देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को अधिक जवाबदेह और भरोसेमंद बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस प्रकार, कोविड वैक्सीन से जुड़े संभावित नुकसान के लिए मुआवजा व्यवस्था बनाना न्याय, संवेदनशीलता और जिम्मेदार शासन का प्रतीक साबित हो सकता है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत के जानेमाने क्रिकेट खिलाड़ी

**विजय हजारे** भारत के प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी और भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान रहे। उनका जन्म महाराष्ट्र के सांगली में एक रोमन कैथोलिक परिवार में हुआ था। उन्होंने बहुत कम उम्र में ही क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया और मात्र 18 वर्ष की आयु में महाराष्ट्र की ओर से रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया। विजय हजारे को एक उत्कृष्ट और तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाज माना जाता था।



विजय हजारे
**जन्म :** 11 मार्च, 1915
**मृत्यु :** 18 दिसंबर, 2004

विजय हजार को टेस्ट क्रिकेट में प्रवेश के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा, क्योंकि द्वितीय विश्व युद्ध के कारण उनके क्रिकेट करियर के लगभग दस महत्वपूर्ण वर्ष प्रभावित हुए। अंततः 1946 में उन्हें इंग्लैंड के विरुद्ध टेस्ट क्रिकेट खेलने का अवसर मिला। अपने पहले टेस्ट मैच में उन्होंने 31 और 34 रन बनाए तथा दो विकेट भी लिए।

उनकी सबसे यादगार पारी 1946-47 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडीलेड ओवल मैदान पर देखने को मिली। इस टेस्ट मैच में उन्होंने दोनों पारियों में शतक बनाते हुए 116 और 145 रन बनाए। हालांकि, भारत यह मैच हार गया। विजय हजारे 1951 से 1953 तक भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रहे। उनकी कप्तानी में भारत ने पहली बार टेस्ट क्रिकेट में जीत हासिल की, जो भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। अपने क्रिकेट करियर में विजय हजारे ने कई उल्लेखनीय कीर्तिमान बनाए। 1946-47 में बड़ौदा की ओर से खेलते हुए उन्होंने होल्कर के खिलाफ गुल मोहम्मद के साथ चौथे विकेट के लिए 577 रन की साझेदारी की, जो उस समय विश्व रिकॉर्ड था। 18 दिसंबर, 2004 को उनका निधन हो गया। ■



कविता

### 'पापा'

नमिता शर्मा (शिक्षिका)
गांव सेराथाना, नगरोटा बगवां

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पापा-पापा करती थीं हर पल
चुप हैं अब वह बेटियां।
घर आंगन बाग-बगीचे
में छाई हैं अब बस खामोशियां।।
विदा आपको करनी थी
अपनी लाड़लियां।
पर पूरी हिम्मत से विदा कर आईं आपकी बेटियां।।
रोती सिसकती फिर समझाती अपनी मां को।
खामोशी से समझदार होती गईं आपकी बेटियां।।
बीमारी होती तो शायद ठीक हो जाती।
पर यह अथाह दर्द सहती आपकी बेटियां।
कैसे बताएं किसे पुकारें अब वो पापा।
कैसे कहूं बहुत याद करती हैं आपकी बेटियां।।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# वैश्विक शक्ति संरचना की चुनौतियां और समाधान



**विशाल कल्याण**
सहायक प्रोफेसर
महाराजा अग्रसेन विवि बद्दी,

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

वर्तमान समय में वैश्विक शक्ति संरचना तेजी से परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। शीत युद्ध के बाद उभरी एकध्रुवीय व्यवस्था धीरे-धीरे बहुध्रुवीय व्यवस्था में परिवर्तित हो रही है, जिसमें कई देश वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि इस परिवर्तन ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों को अधिक गतिशील बनाया है, लेकिन इसके साथ कई गंभीर चुनौतियां भी सामने आई हैं। इन चुनौतियों का समाधान किए बिना विश्व में स्थायी शांति, सुरक्षा और संतुलित शक्ति संरचना स्थापित करना कठिन होगा। ये चुनौतियां हैं-

**प्रमुख शक्तियों के बीच बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा:** आज विश्व राजनीति में शक्तिशाली देशों के बीच प्रभाव और प्रभुत्व की होड़ स्पष्ट दिखाई देती है। विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र अमेरिका और चीन के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित कर रही है। इसी प्रकार क्ह्ह्यह्यद्वड्ड और पश्चिमी देशों के बीच बढ़ते तनाव ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में अनिश्चितता को बढ़ाया है। इन शक्तियों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य प्रतिस्पर्धा कई बार क्षेत्रीय संघर्षों को भी जन्म देती है, जिससे वैश्विक स्थिरता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**वैश्विक संस्थाओं की सीमित क्षमता:** आधुनिक विश्व में जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, आर्थिक असमानता और महामारी जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए वैश्विक सहयोग आवश्यक है, लेकिन कई बार अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं प्रभावी और त्वरित निर्णय लेने में असफल दिखाई देती हैं। उदाहरण के लिए संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक और आई एम एफ जैसी संस्थाओं की संरचना अभी भी द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की शक्ति व्यवस्था को दर्शाती है। इससे विकासशील देशों को लगता है कि उनके हितों और विचारों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जा रहा है।

**वैश्विक शक्ति और संसाधनों के असमान वितरण:** विकसित और विकासशील देशों के बीच आर्थिक तथा राजनीतिक असमानता आज भी बनी हुई है। कई विकासशील देशों का मानना है कि वैश्विक निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सीमित है। इस असमानता के कारण अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में असंतोष और अविश्वास की भावना उत्पन्न होती है। यदि विश्व व्यवस्था को अधिक न्यायसंगत बनाना है, तो शक्ति और संसाधनों के वितरण में संतुलन स्थापित करना आवश्यक होगा।



**आधुनिक तकनीकें और सुरक्षा से संबंधित समस्याएं :** आज के युग में साइबर युद्ध, सूचना युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल तकनीक अंतरराष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित कर रहे हैं। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से गलत सूचनाएँ और दुष्प्रचार भी तेजी से फैलते हैं, जो कई बार देशों के बीच तनाव को बढ़ा देते हैं। पारंपरिक कूटनीति और सुरक्षा तंत्र इन नई चुनौतियों से निपटने में कई बार पर्याप्त नहीं होते, इसलिए नए वैश्विक नियमों और सहयोग की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

इन चुनौतियों के समाधान के लिए विश्व समुदाय को कई महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे। सबसे पहले वैश्विक संस्थाओं में सुधार की आवश्यकता है। विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं में संरचनात्मक बदलाव कर उन्हें अधिक प्रतिनिधिक और लोकतांत्रिक बनाया जाना चाहिए। दूसरा महत्वपूर्ण समाधान बहुपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना है। आज की वैश्विक समस्याएं किसी एक देश के प्रयासों से हल नहीं हो सकतीं। जलवायु परिवर्तन, वैश्विक स्वास्थ्य संकट और आर्थिक अस्थिरता जैसी समस्याओं के समाधान के लिए सभी देशों को मिलकर कार्य करना होगा। तीसरा समाधान जिम्मेदार नेतृत्व को बढ़ावा देना है। विश्व की प्रमुख शक्तियों को केवल प्रभुत्व स्थापित करने की बजाय सहयोग और संवाद की नीति अपनानी चाहिए। चौथा समाधान क्षेत्रीय संगठनों को मजबूत बनाना है। क्षेत्रीय संगठन अपने क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। पांचवां महत्वपूर्ण समाधान समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। वैश्विक आर्थिक असमानता को कम किए बिना स्थायी विश्व व्यवस्था की कल्पना नहीं की जा सकती। छठा समाधान वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों का सामूहिक रूप से सामना करना है। साइबर सुरक्षा, आतंकवाद और हथियार नियंत्रण जैसे मुद्दों पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग आवश्यक है। देशों के बीच विश्वास निर्माण, पारदर्शिता और निरंतर संवाद के माध्यम से वैश्विक तनाव को कम किया जा सकता है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि विश्व शक्ति संरचना का विकास मानव इतिहास के विभिन्न चरणों से होकर गुजरा है। आज विश्व धीरे-धीरे बहुध्रुवीय संरचना की ओर बढ़ रहा है, जहां कई देश और संस्थाएं वैश्विक प्रभाव साझा कर रहे हैं।

हालांकि इस परिवर्तन के साथ नई चुनौतियां भी सामने आ रही हैं, जैसे बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा, वैश्विक संस्थाओं की सीमाएं और आर्थिक असमानताएं। इन चुनौतियों का समाधान केवल सहयोग, सुधार और जिम्मेदार नेतृत्व के माध्यम से ही संभव है। यदि विश्व समुदाय मिलकर अधिक समावेशी और सहयोगात्मक व्यवस्था का निर्माण करता है, तो भविष्य में न्यायसंगत और संतुलित वैश्विक व्यवस्था स्थापित की जा सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आधुनिकता की दौड़ में विलुप्त होती ग्रामीण संस्कृति




**विक्रम वर्मा**
प्रवक्ता अंग्रेजी, गेहरा, जिला चंबा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

कभी-कभी अनायास ही बदलते परिवेश और आधुनिक जीवन व्यवहार, मानवीय संवेदनशीलता और पारिवारिक और सामाजिक पृष्ठभूमि में हो रहे परिवर्तन सोचने पर मजबूर कर देते हैं कि आगामी कुछ वर्षों में जीवन का अर्थ और अस्तित्व क्या होगा। पर्यावरण और प्रकृति का बदलता स्वरूप, जीवनशैली और व्यवहार के बदलते पैमाने ,मानवीय संवेदना में निरंतर गिरावट निस्संदेह आज यह सोचने पर मजबूर कर देते हैं कि भावी पीढ़ी का जीवन और जीवन की गुणवत्ता कैसी होगी।

हिमाचल प्रदेश को देवभूमि कहा जाता है। यहां की पहचान केवल ऊंचे पर्वतों, बर्फ से ढकी चोटियों और प्राकृतिक सौंदर्य से ही नहीं, बल्कि उसकी समृद्ध ग्रामीण संस्कृति, लोक परंपराओं, भाईचारे और प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन शैली से रही है। कभी हिमाचल के गांव केवल रहने का स्थान नहीं होते थे, बल्कि वे संस्कृति, संस्कार और सामूहिक जीवन के जीवंत केंद्र हुआ करते थे। आज आधुनिकता की तेज रफ्तार में वही ग्रामीण संस्कृति धीरे-धीरे विलुप्त होती दिखाई दे रही है। यह परिवर्तन केवल जीवनशैली का बदलाव नहीं, बल्कि हमारी जड़ों से दूर होने की चेतावनी भी है।

एक समय था जब हिमाचल के गांवों में जीवन प्रकृति की लय के साथ चलता था। सुबह का आरंभ मंदिर की घंटियों, पशुओं की आवाज़ों और चश्मों के निर्मल जल से होता था। प्राकृतिक चश्मों का पानी केवल प्यास बुझाने का साधन नहीं था, बल्कि वह जीवन की शुद्धता और प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक था। आज वही चश्मे सूख रहे हैं या उपेक्षित पड़े हैं। पाइपलाइन और बोतलबंद पानी ने सुविधा तो दी, पर प्रकृति से हमारा रिश्ता कमजोर कर दिया। ग्रामीण संस्कृति की सबसे बड़ी पहचान थी — भाईचारा और सामूहिकता। किसी के घर शादी हो, निर्माण कार्य हो या कोई संकट — पूरा गांव एक परिवार बन जाता था। 'सेवा' और 'सहयोग' शब्द व्यवहार में दिखाई देते थे। आज मोबाइल और सोशल मीडिया ने लोगों को जोड़ने के बजाय कई बार अलग-थलग कर दिया है। पड़ोसी का हाल पूछने की जगह लोग स्क्रीन पर व्यस्त रहते हैं।



पहले जहां चौपालों में बैठकर बुजुर्ग जीवन अनुभव साझा करते थे, आज वे परंपराएं लगभग समाप्त हो चुकी हैं। हिमाचल की लोक संस्कृति का सबसे सुंदर पक्ष उसके तीज-त्योहार और लोक उत्सव थे। फागली, लोहड़ी, बैसाखी, सैर, और स्थानीय देव मेलों में पूरा गांव एकत्र होता था। लोकगीतों की धुन, नाटी नृत्य की ताल और पारंपरिक वेशभूषा में झलकती सांस्कृतिक पहचान लोगों को जोड़ती थी। आज त्योहार औपचारिकता बनते जा रहे हैं। आधुनिक मनोरंजन और व्यस्त जीवनशैली ने सामूहिक उत्सवों की आत्मीयता को कम कर दिया है। त्योहारों की खुशी अब सोशल मीडिया पोस्ट तक सीमित होती जा रही है। एक और महत्वपूर्ण परिवर्तन भोजन और जीवनशैली में आया है।

पहले ग्रामीण जीवन में स्थानीय अनाज — मक्की, जौ, मंडुवा, राजमा और देसी सब्जियां प्रमुख थीं। ये केवल भोजन नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता का आधार थे। आज फास्ट फूड और बाजार पर निर्भरता बढ़ने से पारंपरिक खानपान पीछे छूट रहा है। इसके परिणामस्वरूप स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ रही हैं। आधुनिकता स्वयं में गलत नहीं है, लेकिन समस्या तब उत्पन्न होती है जब हम आधुनिकता अपनाते हुए अपनी पहचान ही भूल जाते हैं। यदि संस्कृति समाप्त हो जाए तो विकास केवल भौतिक रह जाता है, उसमें आत्मा नहीं बचती।

समय आ गया है कि हम आधुनिकता के साथ अपनी जड़ों को भी थामे रखें। फिर से चश्मों का पानी बहे, चौपालों में हंसी गूंजे, त्योहारों में सामूहिक नृत्य हो और गांव फिर से परिवार बन जाएं — यही हिमाचल की आत्मा का पुनर्जागरण होगा। संस्कृति को बचाना किसी एक व्यक्ति का कार्य नहीं, बल्कि सामूहिक संकल्प है। जब हर गांव, हर परिवार और हर युवा यह ठान ले कि अपनी परंपराओं को जीवित रखना है, तब हिमाचल की विलुप्त होती पहचान फिर से मुस्कुराने लगेगी। सही मायनों में सच्चा विकास वहीं होता है जहां आधुनिकता भी हो और अपनी मिट्टी की खुशबू है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बच्चों को मोबाइल और सोशल मीडिया से दूर रखना ही समझदारी



**केशव शर्मा रसिक**
स्वतंत्र लेखक, कोटला, घुमारवीं।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज का दौर डिजिटल क्रांति का दौर है। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया ने संचार, शिक्षा और मनोरंजन के तरीकों को पूरी तरह बदल दिया है। इंटरनेट के माध्यम से दुनिया की लगभग हर जानकारी अब कुछ ही सेकंड में उपलब्ध हो जाती है। यह तकनीक जितनी उपयोगी है, उतनी ही चुनौतीपूर्ण भी बनती जा रही है, खासकर बच्चों के लिए। आज बड़ी संख्या में बच्चे बहुत कम उम्र में ही मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के संपर्क में आ रहे हैं, जो उनके मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है।

पिछले कुछ वर्षों में मोबाइल फोन का उपयोग बच्चों के जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया है। कई घरों में बच्चे घंटों तक मोबाइल फोन पर गेम खेलते, वीडियो देखते या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करते नजर आते हैं। कई बार माता-पिता भी व्यस्तता के कारण बच्चों को शांत रखने के लिए मोबाइल थमा देते हैं, जिससे धीरे-धीरे यह आदत बच्चों की दिनचर्या का हिस्सा बन जाती है।यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब बच्चे वास्तविक जीवन की गतिविधियों जैसे खेलकूद, पढ़ाई, सामाजिक मेलजोल और रचनात्मक कार्यों से दूर होने लगते हैं। मोबाइल और सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग का सबसे बड़ा असर बच्चों की पढ़ाई और एकाग्रता पर पड़ता है। लगातार स्क्रीन पर समय बिताने से बच्चों का ध्यान जल्दी भटकने लगता है। वे पढ़ाई में उतनी रुचि नहीं लेते जितनी पहले लेते थे।

सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया इतनी आकर्षक होती है कि बच्चे उसमें खो जाते हैं और पढ़ाई को बोझ समझने लगते हैं। परिणाम स्वरूप उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों में गिरावट आने लगती है और उनकी सीखने की क्षमता भी प्रभावित होती है। लंबे समय तक मोबाइल स्क्रीन देखने से बच्चों की आंखों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। आंखों में जलन, सिरदर्द, नींद की कमी और शारीरिक थकान जैसी समस्याएं बढ़ने लगती हैं। इसके अलावा लंबे समय तक बैठकर मोबाइल चलाने से बच्चों की शारीरिक गतिविधियां कम हो जाती हैं, जिससे मोटापा और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है।सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालता है। दूसरों की जिंदगी को देखकर तुलना करने की प्रवृत्ति, लाइक्स और कमेंट्स की चिंता, और ऑनलाइन आलोचना जैसी चीजें बच्चों में तनाव, असुरक्षा और अवसाद की भावना पैदा कर सकती हैं।



सोशल मीडिया का एक बड़ा खतरा बुलिंग, फर्जी जानकारी और अनुचित सामग्री तक बच्चों की पहुंच भी है। कई बार बच्चे अनजाने में ऐसे लोगों के संपर्क में आ जाते हैं जो उनकी सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं। इसके अलावा इंटरनेट पर मौजूद गलत या भ्रामक जानकारी भी बच्चों के सोचने के तरीके को प्रभावित कर सकती है।इसलिए जरूरी है कि बच्चों को डिजिटल दुनिया के खतरों के बारे में जागरूक किया जाए और उन्हें सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की जानकारी दी जाए।

इस समस्या का समाधान केवल तकनीक को दोष देने से नहीं होगा। इसके लिए अभिभावकों, शिक्षकों और समाज को मिलकर प्रयास करने होंगे। माता-पिता को बच्चों के मोबाइल उपयोग पर नजर रखनी चाहिए और उन्हें सीमित समय के लिए ही मोबाइल इस्तेमाल करने की अनुमति देनी चाहिए। घर में ऐसा वातावरण बनाना भी जरूरी है जिसमें बच्चे खेलकूद, किताबें पढ़ने, कला और रचनात्मक गतिविधियों में रुचि लें। स्कूलों में भी डिजिटल साक्षरता और इंटरनेट सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए।

यह भी सच है कि मोबाइल फोन और इंटरनेट पूरी तरह से हानिकारक नहीं हैं। सही मार्गदर्शन और सीमित उपयोग के साथ ये बच्चों के लिए ज्ञान और सीखने का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकते हैं। ऑनलाइन शिक्षा, शैक्षणिक वीडियो, और नई तकनीकों की जानकारी बच्चों के बौद्धिक विकास में मदद कर सकती है।इसलिए जरूरी है कि बच्चों को तकनीक से दूर करने के बजाय उन्हें इसका संतुलित और जिम्मेदार उपयोग सिखाया जाए। वैसे तो मोबाइल फोन और सोशल मीडिया आधुनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं, लेकिन बच्चों के हित और भविष्य को ध्यान में रखते हुए इनके उपयोग पर नियंत्रण बेहद जरूरी है। यदि अभिभावक, शिक्षक और समाज मिलकर बच्चों को तकनीक के सही उपयोग के लिए प्रेरित करें, तो डिजिटल युग के लाभ उठाते हुए भी उनके स्वस्थ और संतुलित विकास को सुनिश्चित किया जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के कारण युवाओं में एकाग्रता का अभाव



**ठाकुर हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, जिला सिरमौर।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

सोशल मीडिया के जिस दौर में हम प्रवेश कर चुके हैं, उस दौर में खासकर युवा पीढ़ी बेहतर जानकारी कम और सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल अधिक करती नजर आती है। इससे सबसे अधिक प्रभावित अगर कोई वर्ग हो रहा है तो वह है युवा पीढ़ी। जिस प्रकार सोशल मीडिया माध्यमों फेसबुक, इंस्टाग्राम व्हाट्सऐप इत्यादि में अश्लीलता को परोसने का कार्य किया जा रहा है, उससे आज की युवा पीढ़ी इनकी ओकर ज्यादा आकर्षित हो रही है। जिस प्रकार सोशल मीडिया में एक के बाद एक जानकारी एवं मनोरंजन के साधन उपलब्ध हो रहे हैं, उससे युवाओं को पढ़ाई व अन्य कार्यों में एकाग्रता बनाए रखना एक बड़ी चुनौती और समस्या बनती जा रही है। इसमें कोई संदेह नहीं कि सोशल मीडिया घर बैठे हमारे जीवन और भविष्य के लिए अतिआवश्यक है। अगर हम सभी सदुपयोग करते हैं तो जहां समय की बचत हो रही है तो वहीं दूसरी ओर घर बैठे देशभर की पल-पल की खबर से जागरूकता मिल रही है। समाज के बुद्धिजीवियों और राजनीतिज्ञ के अनुभव अनुसार आज के युवाओं में एकाग्रता का अभाव देखने एवं सुनने को मिलता जो कि भविष्य के लिए चिंता का विषय माना जाता है, तो वहीं उनका मानना है कि हमारे जीवन को बेहतर और सफल बनाने में किताबों की सबसे बड़ी भूमिका मानी जाती है, तो वहीं प्रतिदिन विभिन्न अखबारों के माध्यम से अधिक ज्ञान अर्जित करना चाहिए। आज की युवा पीढ़ी को सोशल मीडिया पर जरूरत से अधिक समय व्यतीत नहीं करना चाहिए, क्योंकि जिस प्रकार आज सोशल मीडिया तेज रफ्तार के साथ अनेकों प्रकार की पल पल की खबरों और देश-विदेश की जानकारियों से अवगत करवाने का प्रयास कर रही है, जिसको संजोकर रखना एक बड़ी चुनौती मानी जाती है, उस परिप्रेक्ष्य में युवा पीढ़ी शिक्षा पर ध्यान कम केंद्रित कर रही है और सोशल मीडिया पर अधिक समय व्यतीत कर रही हैं। इस प्रकार आज युवाओं और समाज को इस गंभीर विषय पर आत्मचिंतन और विश्लेषण करने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में युवा पीढ़ी सोशल मीडिया की बुरी लत से दूर रहे और अपना किमती समय शिक्षा और अपने भविष्य को संवारने में ईमानदारी और मेहनत से कार्य करतीं रहे। इसकी शुरुआत हमें अपने परिवार और बच्चों से करनी होगी तभी हम समाज को भी संदेश और सुझाव दे सकते हैं। आज हर घर का युवा और बच्चे सोशल मीडिया की गिरफ्त में आ चुके हैं, इसलिए आज मीडिया बंधुओं के माध्यम से समाज तक जनहित में एक छोटा सा सुझाव और निवेदन है कि हमें आज इंटरनेट का सदुपयोग और जरूरत के मुताबिक प्रयोग करने की आवश्यकता है। इसका कारण यह है कि इंटरनेट पर परोसी जा रही अश्लीलता इत्यादि के कारण युवा पीढ़ी अपना किमती समय बर्बाद कर अनेकों प्रकार की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। इंटरनेट पर परोसी जा रही अश्लीलता पर भारत सरकार को समय रहते प्रतिबंध लगाने की परम आवश्यकता है अन्यथा हमारी युवा पीढ़ी संस्कारहीन और दिशाहीन होती जाएगी।



**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# ब्यास किनारे पेयजल योजनाओं की पाइपलाइनें टूटीं, व्यर्थ बह रहा पानी

## गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को पेयजल संकट का करना पड़ रहा सामना

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**सरकाघाट।** धर्मपुर उपमंडल में ब्यास नदी के किनारे बनी जल शक्ति विभाग की विभिन्न पेयजल योजनाओं की पाइपलाइनें टूटने से जगह-जगह पानी के फव्वारे फूट रहे हैं और बड़ी मात्रा में पानी व्यर्थ बह रहा है। टिहरा-चोलथरा को जाने वाली मुख्य सप्लाई लाइन कई दिनों से क्षतिग्रस्त पड़ी है, जिससे एक ओर गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर लीकेज के कारण पानी लगातार बर्बाद हो रहा है। धर्मपुर पुल से आगे बनवार सड़क के पास तथा नीलकंठ महादेव लघु हरिद्वार कांडापतन क्षेत्र में ब्यास नदी किनारे पाइपलाइनें कई स्थानों पर फटी हुई हैं, जिससे पानी बहने के साथ-साथ आसपास भूस्खलन का खतरा भी बढ़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि धर्मपुर उपमंडल में बह रही ब्यास नदी से सरकाघाट, टिहरा, गोपालपुर, मंडप, चोलथरा व हमीरपुर क्षेत्रों के लिए पेयजल योजनाएं संचालित हैं, जो जल शक्ति मंडल धर्मपुर व सरकाघाट के अधीन आती हैं। अधिशाषी अभियंता जल शक्ति मंडल सरकाघाट विवेक हाजरी तथा अधिशाषी अभियंता धर्मपुर कमलजीत ने बताया कि मीडिया के माध्यम से पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली है और इन्हें शीघ्र ठीक कराया जाएगा।



पेयजल योजना की पाइपलाइन टूटने से व्यर्थ बह रहा पानी। अनंत ज्ञान

# मुख्यमंत्री की सोच पर खरा उतरना मेरे लिए बड़ा चैलेंज: अनुराग शर्मा

अनंत ज्ञान

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** राज्यसभा सांसद बनने के बाद पहली बार जोगिंदनगर पहुंचे अनुराग शर्मा का कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने जोरदार स्वागत किया। उनके जोगिंदनगर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया और जोरदार नारों के साथ उन्हें सभा स्थल तक लेकर आए। इस दौरान सांसद अनुराग शर्मा को शाल और हिमाचली टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने उनसे आग्रह किया कि जोगिंदनगर क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र स्तर पर भी विशेष सहयोग प्रदान किया जाए, ताकि क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को और अधिक मजबूत किया जा सके।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था कि उन्हें इतना बड़ा दायित्व मिलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उनके लिए गर्व की बात है और वे इस विश्वास को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निभाने का प्रयास करेंगे उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की सोच और अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनके लिए एक बड़ा चैलेंज है, लेकिन वे पूरी लगन और समर्पण के साथ इस चुनौती को स्वीकार करते हुए प्रदेश और क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जोगिंदनगर सहित पूरे हिमाचल प्रदेश के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे और जनता की आवाज को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का काम करेंगे। अनुराग शर्मा ने कहा कि राज्यसभा में हिमाचल प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा, ताकि प्रदेश को केंद्र स्तर पर अधिक से अधिक सहयोग मिल सके और विकास कार्यों को नई दिशा मिल सके। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों को संसद में प्रभावी ढंग से उठाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी ताकत के बल पर संगठन को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे संगठन और क्षेत्र की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर राकेश चौहान, रंजन शर्मा, प्रशांत ठाकुर सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# सिविल सेवाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए कार्यशाला 18 को

◆ अभ्यर्थियों को परीक्षा से संबंधित जानकारी देंगे उपायुक्त मंडी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला प्रशासन मंडी द्वारा सिविल सेवाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए 'भविष्य सेतु' कार्यक्रम के अंतर्गत सिविल सर्विसिज प्रीमियर वर्कशॉप फॉर आईएएस/एचपीएएस एस्पीरेंट्स का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 18 मार्च को दोपहर 12.30 बजे उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में यहां उपायुक्त कार्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की जाएगी।

इस कार्यशाला का उद्देश्य भारतीय प्रशासनिक सेवाएं (आईएएस) तथा हिमाचल प्रशासनिक सेवाएं (एचपीएएस) जैसी सिविल सेवा से जुड़ी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी, मार्गदर्शन तथा रणनीति प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान अभ्यर्थियों को सिविल सेवा परीक्षा के पाठ्यक्रम, परीक्षा पैटर्न, उत्तर लेखन कौशल, वैकल्पिक विषय चयन आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला में अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन अपूर्व देवगन, भाप्रसे व डॉ. जितेन्द्र चंदेल, हिप्रप्र सेवा/भाप्रसे द्वारा किया जाएगा। कार्यशाला में डाउट क्लियरिंग सेशन, प्रश्न-उत्तर तथा आईएएस व एचपीएएस अधिकारियों के प्रेरणादायक अनुभव भी शामिल होंगे, जिससे अभ्यर्थियों को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए सही दिशा और मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

जिला प्रशासन ने सिविल सेवाओं की तैयारी कर रहे इच्छुक अभ्यर्थियों से इस कार्यशाला में भाग लेने का आह्वान किया है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि आने वाले समय में 'भविष्य सेतु' कार्यक्रम के अंतर्गत ऐसी कार्यशालाएं जिला मण्डी के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों व आईटीआई में आयोजित की जाएंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### दिव्यांग बच्चों की देखभाल पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** बाल विकास परियोजना गोपालपुर के अंतर्गत 'पोषण भी पढ़ाई भी' कार्यक्रम का तीसरा बैच 9 मार्च से 11 मार्च तक आयोजित किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) तथा कुपोषण प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विशेष सत्रों में नवचेतना (0-3 वर्ष) और आधारशिला (3-6 वर्ष) के राष्ट्रीय पाठ्यक्रम शामिल हैं। प्रशिक्षण में खेल आधारित गतिविधियों, संतुलित आहार, स्वच्छता, विकास की निगरानी, पोषण ट्रैकर और दिव्यांग बच्चों की देखभाल पर जोर दिया जा रहा है। बाल विकास परियोजना अधिकारी वंदना शर्मा ने कहा कि पोषण और शिक्षा का समन्वय बच्चों के समग्र विकास की आधारशिला है। विभिन्न पर्यवेक्षक और मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

### कार से 10 पेटियां अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना करसोग की टीम ने क्षेत्र में गश्त के दौरान केलोधार-छतरी सड़क पर एक कार (ऑल्टो 800) को जांच के लिए रोका। तलाशी लेने पर वाहन की पिछली सीट और डिक्की से देसी शराब ऊना बांबर-1 की 10 पेटियां बरामद हुईं, जिनमें कुल 120 बोतलें थीं। चालक से शराब ले जाने संबंधी कोई वैध परमिट या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया जा सका। पुलिस ने मौके पर शराब की पेटियां और वाहन कब्जे में लेकर आरोपी प्रेम सिंह पुत्र ज्ञान चंद निवासी तहसील करसोग, जिला मंडी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि एसपी मंडी विनोद कुमार ने की है।

### नाकाबंदी के दौरान 315 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना औट की टीम ने एंटी चिट्टा/ड्रग ड्राइव के तहत झीड़ी में जोगणी माता मंदिर के पास एनएच-03 पर नाकाबंदी के दौरान कुल्लू की ओर से पैदल आ रहे एक युवक को जांच के लिए रोका। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 315 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान दौलत सिंह पुत्र पारस मल निवासी जिला पाली, राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और न्यायालय में पेश कर तीन दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। इसकी पुष्टि एसपी मंडी विनोद कुमार ने की है।

### नियम तोड़ने पर वसूला 1800 रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला मंडी पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए मोटर वाहन अधिनियम के तहत 318 चालान किए हैं। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू सेवन व धूम्रपान पर रोक संबंधी सीओटीपीए अधिनियम के तहत 18 चालान किए गए और 1800 रुपए जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू उत्पादों के सेवन से बचने की अपील की है। मामले की पुष्टि एसपी मंडी विनोद कुमार ने की है।

### एल्युमनी एसोसिएशन ने भेंट की उद्घाटन ज्योति

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एल्युमनी एसोसिएशन वल्लभ महाविद्यालय मंडी द्वारा महाविद्यालय को फुल साइज उद्घाटन ज्योति भेंट की। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हेमराज राणा की अगुवाई में उपाध्यक्ष डॉ. तारा सेन, कोषाध्यक्ष डॉ. रितेश वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. राधिका जंवाल व डॉ. जितेंद्र कुमार ने मां सरस्वती के सम्मान में लगभग 10000 रुपए लागत की यह भेंट प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार को सौंपी। सनद रहे कि गत सर्दियों में एसोसिएशन ने लाइब्रेरी के लिए लगभग 30000 रुपए लागत के आयल फिल्ड रेडिएटर भी भेंट किए हैं।

# निहरी कॉलेज का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित

## पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने नवाजे मेधावी

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर उपमंडल के स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय निहरी में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। महाविद्यालय प्रबंधन, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस दौरान सोहन लाल ठाकुर ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। महाविद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कॉलेज की शैक्षणिक, खेल और अन्य उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।शैक्षणिक गतिविधियों में महाविद्यालय कीवार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कला संकाय की टॉपर अंजना कुमारी को सम्मानित किया गया। इसके अलावा हर्षा कुमार, महक चौहान, वनिता, संतोष कुमार, गीता देवी, थानेश्वरी, उर्वशी, वनिता, आकृति, तृष्णा कुमारी, पुनीत कुमार, लीना देवी, देविन्द्रा कुमारी, ईशा कुमारी, चंचल, चमेली और जीवती को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।

एमटीटी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रेणुका, ऐश्वर्या, वेदिका, स्नेहा, ट्विंकल, हिमांशी वर्मा, रक्षा, महेंद्र ठाकुर, अंजलि, लज्जा, भूमिका, रितु और लेश्मा को सम्मानित किया गया। समारोह में डिला राम चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी, एसडीओ लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, वन विभाग, तहसीलदार तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निहरी के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापकों प्रो. शशि कुमार इतिहास, प्रो. रूपेश ठाकुर वाणिज्य, प्रो. करम सिंह राजनीति विज्ञान, प्रो. ऋषभ भारद्वाज संगीत और डॉ. लीलाधर अंग्रेजी सहित गैर-शिक्षण स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।



सम्मानित करते हुए पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर। अनंत ज्ञान

# प्रदेश में 400 करोड़ से बनेंगे 6 नए मिल्क प्लांट: बुद्धि सिंह

## दुग्ध उत्पादकों का प्रशिक्षण शिविर, डेयरी को मजबूत करने पर दिया जोर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ (मिल्क फेडरेशन) के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में जिला मंडी के नाचन विधानसभा क्षेत्र के चैलचौक में एक दिवसीय दुग्ध उत्पादक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र की सहकारी दुग्ध सोसायटियों से जुड़े सैकड़ों किसानों और पशुपालकों ने भाग लिया। दुग्ध उत्पादकों को संबोधित करते हुए बुद्धि सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सुक्खू ने कुशल नेतृत्व में किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए डेयरी क्षेत्र को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दे रही है।

उन्होंने कहा कि मिल्क फेडरेशन के माध्यम से दूध उत्पादकों को बेहतर विपणन सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। उन्होंने पशुपालकों से आधुनिक तकनीकों को अपनाकर दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और डेयरी व्यवसाय को आय का सशक्त माध्यम बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने जानकारी दी कि दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार मिल्क फेडरेशन के माध्यम से प्रदेश में छह नए मिल्क प्लांट स्थापित करेगी। करीब 400 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इन प्लांटों से प्रदेश के हजारों दुग्ध उत्पादकों और किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

बुद्धि सिंह ने बताया कि धर्मशाला में एक बड़े मिल्क प्लांट की स्थापना की जाएगी, जिससे कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर और ऊना जिलों के दुग्ध उत्पादकों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा लगभग 35.35 करोड़ रुपए की लागत से नाहन और नालागढ़ में भी मिल्क प्लांट स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने नाचन क्षेत्र के पशुपालकों की बढ़ती मांग के अनुसार चिलिंग सेंटर खोलने के लिए भूमि चिन्हित करने के लिए कहा और आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार दवारा जल्द ही चिलिंग सेंटर खोल दिया जाएगा।

इस अवसर पर गोहर से नवनियुक्त हिमाचल मिल्क फेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर अमृत पाल, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के एनआरडीडीसी जालंधर से डॉ. सत्यपाल कुरिये (प्रिंसिपल) तथा डॉ. दामिनी आर्य (साइंटिस्ट), मिल्क फेडरेशन प्लांट चक्कर के यूनिट इंचार्ज विश्वकांत शर्मा, प्रोक्योरमेंट इंचार्ज लाभ सिंह ठाकुर, विभागीय प्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति व बड़ी संख्या में पशुपालक उपस्थित रहे।



दूध उत्पादक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। अनंत ज्ञान

# आईआईटी मंडी में भूस्खलन जोखिम आकलन व रोकथाम पर अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मंडी (आईआईटी मंडी) में एलआरएएम कोर्स 2026 (लैंडस्लाइड रिस्क असेसमेंट एंड मिटिगेशन) का शुभारंभ हुआ। छह दिवसीय यह अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भूस्खलन आपदा जोखिम को कम करने के लिए वैश्विक ज्ञान और व्यावहारिक समाधान विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित एलआरएएम स्कूल इटली का यह कार्यक्रम भारत में दूसरी बार भौतिक रूप में आयोजित हो रहा है। एलआरएएम स्कूल की स्थापना वर्ष 2005 में यूनिवर्सिटी ऑफ सेलर्नो के जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग ग्रुप द्वारा की गई थी व यह पीएचडी शोधार्थियों, युवा शोधकर्ताओं व सिविल इंजीनियरिंग, पर्यावरण इंजीनियरिंग और भूविज्ञान सहित विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवरों के लिए उन्नत प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। इससे पहले इसके संस्करण इटली, चीन और स्विट्जरलैंड में आयोजित किए जा चुके हैं।

आईआईटी मंडी में आयोजित एलआरएएम कोर्स 2026 में स्विट्जरलैंड, इटली, नॉर्वे और भारत के 10 विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं, जो 40 प्रतिभागियों को व्याख्यान और प्रशिक्षण देंगे। कार्यक्रम का आयोजन सेंटर फॉर क्लाइमेट चेंज एंड डिजास्टर रिडक्शन (सीओडीआरए) द्वारा किया जा रहा है तथा इसे टाटा ट्रस्ट, नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीएमए) व अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन का सहयोग प्राप्त है। इस अवसर पर एलआरएएम स्कूल के अध्यक्ष और यूनिवर्सिटी ऑफ सेलर्नो के संकाय सदस्य सेटीमियो फ़रलीसी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य भूस्खलन जोखिम को कम करने के लिए युवा शोधकर्ताओं को मजबूत अंतरराष्ट्रीय समुदाय तैयार करना है। एलआरएएम कोर्स 2026 के समन्वयक और सीओडीआरए के अध्यक्ष कला वेंकटा उदय ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र में नाजुक भूगर्भीय संरचना और बदलते जलवायु पैटर्न के कारण भूस्खलन की चुनौतियां बढ़ रही हैं, ऐसे में यह कार्यक्रम ज्ञान के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण मंच सिद्ध होगा।



एलआरएएम कोर्स 2026 में चार देशों के विशेषज्ञ शोधार्थियों और पेशेवरों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। अनंत ज्ञान

# नगर परिषद सरकाघाट में क्रेच सेंटर वर्कर व हेल्पर के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** निदेशालय महिला एवं बाल विकास, शिमला के निर्देशानुसार बाल विकास परियोजना अधिकारी गोपालपुर (सरकाघाट) के अंतर्गत नगर परिषद सरकाघाट के डबरेहल क्षेत्र में एक क्रेच सेंटर स्थापित किया जाएगा। इस क्रेच सेंटर के संचालन के लिए एक क्रेच वर्कर व एक क्रेच हेल्पर की नियुक्ति की जानी है। इन पदों के लिए इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थी सादे कागज पर बाल विकास परियोजना अधिकारी गोपालपुर, सरकाघाट के कार्यालय में 27 मार्च शाम 5 बजे तक अपने आवेदन जमा करवा सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर साक्षात्कार 30 मार्च को प्रातः 10 बजे उपमंडलाधिकारी (ना.) सरकाघाट के कार्यालय में आयोजित किए जाएंगे। सभी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के दिन अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों सहित उपस्थित होना अनिवार्य होगा। क्रेच वर्कर पद के लिए अभ्यर्थी संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र व क्रेच के लाभान्वित क्षेत्र का सामान्य निवासी होना आवश्यक है तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10+2 निर्धारित की गई है। वहीं क्रेच हेल्पर पद के लिए 10वीं पास अनिवार्य है। दोनों पदों के लिए अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन की तिथि तक 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी के परिवार की वार्षिक आय 50 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिए। आय प्रमाणपत्र नायब तहसीलदार, तहसीलदार या कार्यकारी मजिस्ट्रेट द्वारा प्रमाणित होना आवश्यक है।

# एलपीजी गैस सुरक्षा जांच अभियान आज से होगा शुरू

◆ अभियान में सहयोग करें उपभोक्ता: संजीव वर्मा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड द्वारा गैस उपभोक्ताओं की सुरक्षा और जन जागरूकता को ध्यान में रखते हुए एलपीजी गैस सुरक्षा जांच अभियान 11 मार्च से शुरू किया जाएगा। यह जानकारी क्षेत्रीय प्रबंधक, हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड मंडी संजीव वर्मा ने देते हुए बताया कि अभियान के तहत अधिकृत गैस वितरक और कर्मचारी उपभोक्ताओं के घरों में गैस सिलेंडर, रेगुलेटर, रबर पाइप, गैस चूल्हा तथा संभावित गैस लीकेज की जांच करेंगे और गैस के सुरक्षित उपयोग से संबंधित आवश्यक जानकारी भी प्रदान करेंगे।

उन्होंने बताया कि यह अभियान इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के सहयोग से संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान उपभोक्ताओं को गैस पाइप की एक्सपायरी तिथि, उसकी स्थिति और लंबाई की जांच के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। यदि पाइप में कट, दरार या अत्यधिक पुराना होने के संकेत मिलते हैं या उसकी अवधि 3 से 4 वर्ष पूरी हो चुकी होती है, तो उसे बदलने की सलाह दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिला मंडी में यह अभियान निगम की गैस एजेंसियों सरकाघाट, बल्हाड़ा, करसोग, पधर और जोगिंदरनगर के माध्यम से संचालित किया जाएगा, जबकि जिला कुल्लू में कुल्लू और मनाली स्थित एजेंसियों के माध्यम से भी यह अभियान चलाया जाएगा। संजीव वर्मा ने उपभोक्ताओं से इस सुरक्षा जांच अभियान में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि इससे गैस से संबंधित संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी और घरेलू गैस के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।

# शहरी कर्मियों को सिटीजन सेवा पोर्टल के संचालन व उपयोग की जानकारी दी



कार्यशाला के दौरान उपस्थित अधिकारी व कर्मचारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी में शहरी विकास विभाग द्वारा सिटीजन सेवा पोर्टल पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसका शुभारंभ नगर निगम आयुक्त रोहित राठौर ने किया। कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नगर निकायों की सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और सुलभ बनाने के उद्देश्य से इस पोर्टल को शुरू किया गया है, जिससे शहरी क्षेत्र के लोगों को घर बैठे विभिन्न नागरिक सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लगभग सभी विभाग डिजिटल माध्यम से कार्य कर रहे हैं, इसलिए शहरी निकायों की कार्यप्रणाली को भी डिजिटल रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक जिले में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि संबंधित कर्मचारियों को पोर्टल के संचालन और उपयोग की पूरी जानकारी मिल सके।

कार्यशाला में बतौर प्रशिक्षक पधारीं मिस राधिका और मिस दिव्या ने प्रतिभागियों को सिटीजन सेवा पोर्टल की कार्यप्रणाली, विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं और उसके उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी नगर निकायों के कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी सुंदरनगर ललित कुमार भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

# 16 को होने वाली रैली को लेकर मंथन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल पेंशनर्स फेडरेशन की जिला स्तरीय विशेष बैठक सरकाघाट में जिला मंडी जिला अध्यक्ष प्रभु राम वर्मा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष हिम्मत राम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पेंशनर्स खण्ड गोपालपुर के महासचिव जगदीश नरयाल की पत्नी के आकस्मिक निधन पर शोक जताते हुए परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। बैठक में पेंशनर्स की मांगों को लेकर 16 मार्च को मंडी में संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले होने वाली जिलास्तरीय रैली को सफल बनाने पर चर्चा की गई। प्रभु राम वर्मा ने मुख्यमंत्री से संयुक्त संघर्ष समिति के 14 सूत्रीय मांग पत्र को बजट में शामिल करने का आग्रह किया। पेंशनर्स ने चेतावनी दी कि मांगें न मानी गईं तो सरकार को 30 मार्च को शिमला में विरोध झेलना पड़ेगा। बैठक में राज्य मुख्य संगठन सचिव मेहर चंद गारला, प्रैस सचिव अश्वनी शर्मा, जिला मंडी महासचिव दलीप ठाकुर, रूप लाल ठाकुर, रमेश ठाकुर, जय चंद ठाकुर, भाग सिंह, राम लाल शर्मा, लक्ष्मण सिंह वर्मा व मीडिया सहयोगी रमेश चंद भारद्वाज मौजूद रहे।

# नाचन विधानसभा क्षेत्र में राकेश कुमार को आम आदमी पार्टी अध्यक्ष की कमान

अनंत ज्ञान

**सुनील शर्मा, गोहर।** नाचन विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए समाजसेवी राकेश कुमार को विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। राकेश कुमार लंबे समय से क्षेत्र में सड़क, पानी और अन्य सामाजिक मुद्दों को उठाने के साथ-साथ लोगों की हर जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए जाने जाते हैं। राकेश कुमार के अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। जनता का कहना है कि उनके नेतृत्व में नाचन विधानसभा में संगठन को नई मजबूती मिलेगी। जब राकेश कुमार को बधाई दी गई तो उन्होंने कहा कि बधाई उन्हें नहीं बल्कि नाचन की जनता को है, 'हम तो केवल जनता के सेवादार हैं।'

राकेश कुमार ने बातचीत में कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य आम आदमी पार्टी के संगठन को प्रत्येक बूथ स्तर तक मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी केवल राजनीति नहीं बल्कि जनता की सेवा करने की सोच के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी झूठे वादों की राजनीति में विश्वास नहीं करती। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि आज पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने कई बड़े वादे पूरे किए हैं, जिनमें मुफ्त बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लाखों रुपये तक की सुविधा शामिल है। इसके साथ ही महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को हर माह आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी की गई है।

### प्राथमिकता से उठाए जाएंगे जनता के मुद्दे

**राकेश** कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में वर्षों से सत्ता में रही पार्टियों भाजपा और कांग्रेस ने जनता से कई वादे किए, लेकिन वे आज तक पूरे नहीं किए गए। उनका कहना है कि इन दलों ने भोली-भाली जनता को केवल आश्वासन दिए, जबकि आम आदमी पार्टी का लक्ष्य जमीनी स्तर पर काम करना और जनता की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नाचन विधानसभा क्षेत्र में संगठन को और मजबूत किया जाएगा तथा जनता के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा।

# सेरी मंच में तिब्बती विरोध दिवस, तिब्बत की आजादी के लिए उठी आवाज

## शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, एक दिन तिब्बत होगा स्वतंत्र: वीरेंद्र भट्ट शर्मा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी के सेरी मंच में तिब्बती समुदाय द्वारा तिब्बती विरोध दिवस मनाया गया, जिसमें तिब्बत की आज़ादी और शहीदों के बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर मंडी नगर के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने 10 मार्च को विरोध दिवस के दौरान शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि तिब्बत की आजादी के लिए दिए गए बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि तिब्बती समुदाय वर्षों से अपने अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहा है और एक दिन ऐसा अवश्य आएगा जब तिब्बत स्वतंत्र होगा तथा तिब्बत के लोग अपने ही देश में आजादी की सांस लेंगे। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और तिब्बत की स्वतंत्रता की भावना हमेशा जीवित रहेगी।

इस अवसर पर उन्होंने परम पावन दलाई लामा के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए लोगों से उनके शांति, करुणा और अहिंसा के विचारों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भारत तिब्बत सहयोग मंच के उपाध्यक्ष विशाल ठाकुर, सचिव दिनेश शर्मा, सदस्य राजेंद्र कुमार सहित अन्य तिब्बती अधिकारी तथा तिब्बती समुदाय के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और सभी ने तिब्बत की स्वतंत्रता के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की।



विरोध दिवस पर गणमान्य व तिब्बती समुदाय के लोग। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### बैक करते समय बस खाई में फिसली, हादसा टला

गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान, झंडूता। बिलासपुर जिले में गौतम-बस घुमारवीं से भगेड रोड पर एक बस हादसे का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बस को पीछे करते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया व वह सड़क से नीचे खाई की ओर फिसल गई। आसपास मौजूद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे व राहत कार्य शुरू किया। बताया जा रहा है कि बस खाई में फिसलने के बाद कुछ दूरी पर जाकर रुक गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस घटना में किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस व संबंधित विभाग को भी सूचित किया गया। फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### गेहूं ढुलाई के लिए 23 तक मांगी ऑनलाइन निविदाएं

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले ऊना राजीव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के गेहूं खरीद केंद्रों से जिले के विभिन्न स्थानों में ढुलाई कार्य तथा चयनित मंडियों टकारला व रामपुर में गेहूं खरीद के लिए मजदूरी कार्य के लिए निविदाएं 23 मार्च तक ऑनलाइन आमंत्रित की गई हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति निविदाएं ऑनलाइन पोर्टल httpN//hptender.gov.in पर 23 मार्च सायं 5 बजे तक अपलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्राप्त निविदाएं 24 मार्च को दोपहर 12 बजे खोली जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में के दूरभाष नंबर 01975-226016 पर संपर्क किया जा सकता है।

### साक्षी का नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप में चयन

अनंत ज्ञान, दयोल। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पता की साक्षी का चयन नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप के लिए हुआ है। साक्षी हाल ही में बनी ग्राम पंचायत छंदोह के ग्राम डोहरू की निवासी है। पाठशाला के मुख्याध्यापक सुरेंद्र पाल ने बताया कि साक्षी अपने विद्यालय की एक होनहार छात्रा है। उन्होंने अपने संदेश में साक्षी व उसके परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय व आसपास क्षेत्र के लिए भी बहुत गर्व की बात है। सुरेंद्र पाल ने इस छात्रवृत्ति योजना की जानकारी देते हुए कहा कि इस छात्रवृत्ति के अनुसार इस छात्रा को प्रतिवर्ष 12000 मिलेंगे, जो इस छात्रा को प्लस टू तक की पढ़ाई तक मिलते रहेंगे जो 4 साल में 48000 मिलेंगे। सुरेंद्र पाल ने पाठशाला के अध्यापकों मनोहर लाल, मंजुला शर्मा तथा राहुल को इस कार्य के लिए बधाई दी।

### 14 वरिष्ठ नागरिकों के मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन किए

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला बिलासपुर में अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग द्वारा जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से क्षेत्रीय अस्पताल में 14 वरिष्ठ नागरिकों के मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन किए गए। यह जानकारी डीसी राहुल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत जिले में मोतियाबिंद से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों की पहचान कर उन्हें निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी ऑपरेशनों में आधुनिक तकनीक से उच्च गुणवत्ता के लेंस लगाए गए हैं तथा लाभार्थियों को चश्मे भी प्रदान किए जाएंगे। डीसी ने बताया कि प्रति ऑपरेशन करीब 13 हजार रुपए का खर्च विभाग द्वारा वहन किया जा रहा है व लाभार्थियों को आवागमन के लिए एक हजार रुपए की सहायता भी दी जा रही है। 60 वर्ष से अधिक आयु के इच्छुक वरिष्ठ नागरिक स्क्रीनिंग के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं।

### अर्थशास्त्र व सांख्यिकी के महत्व पर दिया व्याख्यान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय श्री नयना देवी जी के अर्थशास्त्र व वाणिज्य विभाग द्वारा मंगलवार को सांख्यिकी के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की सांख्यिकीय सुदृढ़ीकरण योजना के तहत प्रायोजित था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रविंद्र कुमार ने की। इस अवसर पर एसोसिएट प्रो. श्याम लाल ने अर्थशास्त्र और सांख्यिकी के महत्व पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में भाषण, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। निबंध लेखन में खुशी प्रथम, रेखा द्वितीय व वैशाली तृतीय रहीं। पोस्टर मेकिंग में विशाल प्रथम, मधु द्वितीय व अंकिता तृतीय रहीं। कार्यक्रम के आयोजन में महाविद्यालय स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

### कौशल विकास व स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित

अनंत ज्ञान, बड्डू। राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में कौशल व उद्यमिता विकास विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख कौशल, स्वरोजगार के अवसरों तथा उद्यमिता के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर एसईडी इंस्टीट्यूट ऊना से आए रिसोर्स पर्सन रमेश ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कौशल विकास योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और स्वरोजगार के संभावित क्षेत्रों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शैक्षणिक योग्यता के साथ व्यावहारिक कौशल और उद्यमशीलता भी सफलता के लिए आवश्यक है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बलविंदर सिंह राणा ने विद्यार्थियों से ऐसे कार्यक्रमों से लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में इको क्लब, एनएसएस, रेड रिबन, रेड क्रॉस व अन्य क्लबों के सदस्यों ने भाग लिया।

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद आरटीए की बैठक स्थगित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेशों के बाद क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) बिलासपुर की 17 मार्च को प्रस्तावित बैठक स्थगित कर दी गई है। यह बैठक नए स्टेज कैरिज रूट परमिट के आवेदनों पर विचार के लिए आयोजित की जानी थी। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार कौशल ने बताया कि अगली तिथि अदालत से अगले निर्देश मिलने के बाद ही तय की जाएगी।

### यूएई में हैवी ड्राइवर की नौकरी का सुनहरा अवसर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। हिमाचल सरकार प्रदेश के युवाओं को विदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवा रही है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारी वाहन चालक (हैवी ड्राइवर) के पदों के लिए 12 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने बताया कि इच्छुक 24 से 45 वर्ष के अभ्यर्थी गूगल फॉर्म लिंक httpsN//forms.gle/N~MAzrp|FvPdTCy~~ पर पंजीकरण कर सकते हैं। चयनितों को 2400 एईडी मासिक वेतन दिया जाएगा।

### सरकारी डाक भेजने की प्रक्रिया सिखाई

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला प्रशासन बिलासपुर द्वारा कार्यालयी कार्यों को डिजिटल बनाने के तहत मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में ई-डिस्पैच मॉड्यूल पर प्रशिक्षण दिया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर और सहायक आयुक्त राज कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में अधिकारियों व कर्मचारियों को डिजिटल माध्यम से सरकारी डाक भेजने की प्रक्रिया सिखाई गई। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अखिल कुमार द्वारा दिए गए इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यप्रणाली को त्वरित और पारदर्शी बनाना है।

### मोटर साइकिल की नीलामी 16 मार्च को

अनंत ज्ञान, ऊना। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) कार्यालय ऊना में 16 मार्च को सुबह 11.30 बजे मोटर साइकिल की नीलामी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। आरटीओ ऊना अशोक कुमार ने बताया कि नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले बोलीदाता वाहन का निरीक्षण नीलामी वाले दिन सुबह 10 से 11 बजे के बीच कर सकते हैं। नीलामी समिति की ओर से वाहन का आरक्षित मूल्य केवल 18,500 रुपये निर्धारित किया गया है। बोलीदाता को नीलामी में भाग लेने के लिए एक हजार रुपए की सिक्योरिटी के रूप में जमा करवाने होंगे, जो कि नीलामी प्रक्रिया पूर्ण होने पर असफल बोलीदाता को वापस कर दिए जाएंगे। साथ ही, सफल बोलीदाता की सिक्योरिटी को भुगतान राशि में समायोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त इस कार्यालय द्वारा बिना कोई कारण बताए बोली को स्वीकार और अस्वीकार करने का अधिकार है। अधिक जानकारी के लिए आरटीओ कार्यालय ऊना या कार्यालय के दूरभाष नंबर 01975-203020 पर संपर्क किया जा सकता है।

### चालक, परिचालक व प्रिंसिपल पर दर्ज हो मामला: भुट्टो

अनंत ज्ञान, ऊना। कुटलैहड़ के पूर्व विधायक और भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो ने मंगलवार को रैंसरी पहुंचकर स्कूल बस हादसे में जान गंवाने वाली छात्रा के घर परिजनों से मुलाकात की और गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने घायल दूसरी बच्ची का हालचाल भी जाना और परिवार को ढांढस बंधाया। भुट्टो ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि हादसे के बाद न तो प्रधानाचार्य और न ही कोई प्रतिनिधि पीड़ित परिवार से मिले। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि स्कूल बस के चालक, परिचालक, मालिक और प्रिंसिपल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। भुट्टो ने चेतावनी दी कि प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो भाजपा इस मामले में सड़कों पर उतर सकती है। उन्होंने स्कूल की ट्रांसपोर्ट व्यवस्था की निष्पक्ष जांच की भी मांग की।

# तकनीक से बदल रही खेती की तस्वीर, 39 हजार किसान डिजिटल रजिस्ट्री से जुड़े

अनंत ज्ञान

ऊना। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश में कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीक से जोड़ने व किसानों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी व सरल तरीके से पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहलें की जा रही हैं। इसी क्रम में एग्रीस्टैक पोर्टल के माध्यम से किसानों की डिजिटल रजिस्ट्री तैयार करने का कार्य जिला ऊना में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस पहल के तहत किसानों का एकीकृत डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जा रहा है, जिससे उनकी भूमि, फसल व सरकारी योजनाओ से जुड़ी जानकारी एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो सके और योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पारदर्शी तरीके से पहुंच सके।

### अधिक पारदर्शी से मिलेगा योजनाओं का लाभ: डीसी



डीसी जतिन लाल ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे एग्रीस्टैक पोर्टल पर अपना पंजीकरण अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि डिजिटल किसान रजिस्ट्री बनने से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक पारदर्शी और सरल तरीके से मिल सकेगा। उन्होंने संबंधित विभागों को किसानों को इस पहल के प्रति व्यापक रूप से जागरूक करने के निर्देश दिए हैं, ताकि कोई भी पात्र किसान इस सुविधा से वंचित न रहे।

### डिजिटल क्रॉप सर्वे से मिल रही सटीक जानकारी

उन्होंने बताया कि जिले में डिजिटल क्रॉप्स सर्वेक्षण प्रक्रिया भी जारी है। इसके तहत अब तक 71,444 सर्वेक्षण किए जा चुके हैं, जिनमें से 27,498 सर्वे स्वीकृत हो चुके हैं। इस सर्वेक्षण में मोबाइल ऐप और जीपीएस तकनीक के माध्यम से फसलों की मैपिंग की जा रही है, ताकि किसानों की भूमि के रिकॉर्ड को फसल संबंधी जानकारी से जोड़ा जा सके। इस प्रक्रिया से कृषि योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र किसानों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाना संभव होगा। उपनिदेशक ने बताया कि जिन किसानों का अभी तक इस पोर्टल पर पंजीकरण नहीं हुआ है, वे जल्द से जल्द अपना ऑनलाइन फार्मर रजिस्ट्रेशन करवा लें।

### योजनाओं के लाभ में आएगी अधिक पारदर्शिता

प्रेम सिंह ठाकुर ने बताया कि यह पंजीकरण प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य कृषि योजनाओं के लाभार्थियों के लिए भी महत्वपूर्ण है। एग्रीस्टैक पोर्टल के माध्यम से किसानों से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी, जिससे योजनाओं का लाभ प्रदान करने की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुगम बन सकेगी। उन्होंने बताया कि इससे किसानों को अलग-अलग योजनाओं के लिए बार-बार दस्तावेज जमा कराने की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी, क्योंकि उनका पूरा विवरण डिजिटल रूप में सुरक्षित रहेगा।

### तेजी से बढ़ रहा पंजीकरण

ऊना जिले के कृषि विभाग के उपनिदेशक प्रेम सिंह ठाकुर ने बताया कि एग्रीस्टैक पोर्टल के माध्यम से जिले में अब तक 39,373 किसानों को किसान रजिस्ट्री के तहत जोड़ा जा चुका है। उन्होंने बताया कि किसानों के लिए ऑनलाइन फार्मर रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य किया गया है। इस प्रक्रिया के तहत प्रत्येक किसान को एक विशिष्ट पहचान संख्या (यूनीक फार्मर आईडी) प्रदान की जाएगी, जिससे किसान का पूरा रिकॉर्ड डिजिटल रूप में सुरक्षित रहेगा और भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करना और भी आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल किसान रजिस्ट्री बनने से किसानों से जुड़ी जानकारी व्यवस्थित रूप से उपलब्ध होगी और विभिन्न योजनाओं के लाभ वितरण की प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी बनेगी।

# मिनर्वा स्कूल के पूर्व छात्र सौरभ बने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट

अनंत ज्ञान



घुमारवीं। मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं से शिक्षा ग्रहण कर चुके उपमंडल के गांव पन्याली के सौरभ सिंह ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर क्षेत्र व स्कूल का नाम रोशन किया है। सौरभ की इस उपलब्धि पर मंगलवार को स्कूल परिसर में एक सादे समारोह का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल प्रबंधन व अध्यापकों ने उन्हें सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने सौरभ सिंह व उनके माता-पिता को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सौरभ ने अपने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए कहा कि मिनर्वा स्कूल ने उनके जीवन को सही दिशा देने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि स्कूल में बिताए गए दिन आज भी उन्हें प्रेरणा देते हैं। शिक्षकों का मार्गदर्शन, अनुशासन व प्रतिस्पर्धा का माहौल ही उन्हें आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रेरित करता रहा। सौरभ सिंह ने बताया कि भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनने का सफर आसान नहीं था। भोपाल में आयोजित चयन प्रक्रिया में देशभर से आए सैकड़ों प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो व मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रहता। उन्होंने कहा कि आज भी उन्हें स्कूल के वे दिन याद आते हैं जब वे अपने दोस्तों के साथ पढ़ाई, खेलकूद और विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेते थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने कहा कि सौरभ सिंह की उपलब्धि पूरे स्कूल परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि सौरभ ने पांचवीं कक्षा से ही मिनर्वा स्कूल में पढ़ाई शुरू की थी और वर्ष 2018 में जमा दो की परीक्षा यहीं से उत्तीर्ण की। प्रवेश चंदेल ने कहा कि सौरभ बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं। उन्होंने दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। इसके लिए उन्हें लैपटॉप भी पुरस्कार स्वरूप मिले थे। उनकी बहन शीतल ने भी इसी स्कूल से शिक्षा प्राप्त की है और वर्तमान में आईआईटी जम्मू से केमिस्ट्री विषय में पीएचडी कर रही हैं।

# 11 मार्च को होगा मॉक अभ्यास

## एडीसी की अध्यक्षता में आयोजित हुई टेबल टॉप बैठक

अनंत ज्ञान



एडीसी विभागीय कर्मचारियों से भेंट करते हुए। अनंत ज्ञान

ऊना। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) बॉटलिंग प्लांट, रायपुर सहोडां, मैहतपुर में 11 मार्च (बुधवार) को औद्योगिक आपदा से संबंधित मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा।

यह मॉक अभ्यास जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना द्वारा राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 14वीं बटालियन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष व अतिरिक उपायुक्त (एडीसी) ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने इस मॉक एक्सरसाइज के सफल आयोजन को लेकर आयोजित हुई टेबल टॉप एक्सरसाइज में दी। इस दौरान सभी विभागों के साथ मॉक अभ्यास की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में एनडीआरएफ टीम, अग्निशमन विभाग, होमगार्ड, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। एडीसी ने बताया कि इस मॉक अभ्यास का मुख्य उद्देश्य जिले में औद्योगिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा करना, विभिन्न विभागों की आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली व मानक संचालन प्रक्रियाओं का परीक्षण करना है। इसके साथ ही पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य, होमगार्ड तथा अन्य संबंधित विभागों के बीच समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें व घबराएं नहीं। मॉक अभ्यास के दौरान प्लांट क्षेत्र में सायरन अथवा हूटर बजने की संभावना हो सकती है, जो केवल सुरक्षा व आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं की जांच के उद्देश्य से किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पूरी तरह से पूर्व निर्धारित अभ्यास है।

# तीन पीढ़ियों से देशभक्ति की मिसाल कायम करते हुए कर्णवीर सेना में बने लेफ्टिनेंट

अनंत ज्ञान



बरमाना। सदर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत निचली भटेड़ के खंगड़ गांव के निवासी कर्णवीर सिंह ठाकुर ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर अपने परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कर्णवीर सिंह ठाकुर ने 7 मार्च 2026 को ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, चेन्नई से प्रशिक्षण पूरा करने के बाद भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर कमीशन प्राप्त किया, अब वे असम रेजीमेंट में अपनी सेवाएं देंगे।

उनकी इस उपलब्धि से गांव सहित आसपास के क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। कर्णवीर सिंह ठाकुर एक ऐसे परिवार से संबंध रखते हैं, जहां तीन पीढ़ियों से देश सेवा की गौरवशाली परंपरा चली आ रही है। उनके पिता कर्नल विक्रम सिंह ठाकुर भारतीय सेना में सेवाएं दे रहे हैं, जबकि उनकी माता नरिशा ठाकुर गृहिणी हैं। उनके दादा कर्नल रामधन वर्मा भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं और उनके चाचा ग्रुप कैप्टन अजय सिंह ठाकुर भारतीय वायुसेना में उच्च पद पर कार्यरत हैं। दादा कर्नल रामधन वर्मा ने बताया कि कर्णवीर बचपन से ही सेना में जाकर देश सेवा करने का सपना देखते थे। अपनी मेहनत, अनुशासन व लगन के दम पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। कर्णवीर की इस सफलता पर परिवार, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नीलम बनी संयुक्त संघर्ष मोर्चा महिला विंग की प्रधान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। ग्राम पंचायत तियून खास में हिप्र अजा, जजा, ओबीसी व अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रदेश बौद्धिक प्रकोष्ठ प्रमुख विपन बंसल ने कहा कि मातृ शक्ति के बिना सभ्य समाज की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज को संस्कारित बनाने में महिलाओं का योगदान अतुलनीय है। बंसल ने बताया कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारत की महिलाओं का वास्तविक मुक्तिदाता माना जाता है। इसी उद्देश्य से मोर्चा द्वारा महिला विंग का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में नीलम कुमारी को सर्वसम्मति से प्रधान, आशा देवी को सचिव, सीमा देवी को कोषाध्यक्ष, शीतल देवी को सलाहकार तथा सरोज कुमारी को वरिष्ठ उपप्रधान नियुक्त किया गया। बैठक में मोर्चा के कई पदाधिकारी व महिलाएं मौजूद रहीं।

# युवक की मौत पर परिजनों ने जताया हत्या का संदेह

अनंत ज्ञान

गगरेट। मवा सिंधिया गांव के 34 वर्षीय युवक की रहस्यमय सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। मृतक के परिजनों ने इसे साधारण हादसा मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है।

इस संबंध में मृतक के पिता ने डीएसपी गगरेट को शिकायत पत्र सौंपकर मामले की गहन व निष्पक्ष जांच की मांग की है। मृतक की पहचान धीरज ठाकुर निवासी मवा सिंधिया के रूप में हुई है, जो टटेहाड़ा में रेडीमेड कपड़ों की दुकान करता था। मृतक के पिता ओम प्रकाश ने डीएसपी को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा रोजाना की तरह दुकान बंद कर रात करीब साढ़े नौ बजे घर लौटता था। अठारह अक्तूबर की रात भी वह बाइक पर घर के लिए निकला, लेकिन काफी देर तक घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने जब उसे फोन किया, तो फोन किसी ने नहीं उठाया। बाद में उन्हें पता चला कि घर से करीब सौ मीटर की दूरी पर उसका मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गया है, जब तक परिजन मौके पर पहुंचे, तब तक कुछ लोग उसे उठाकर सिविल अस्पताल गगरेट ले जा चुके थे। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक बताई, जिस पर परिजन उसे उपचार के लिए होशियारपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। अस्पताल में जब उसे थोड़ा होश आया, तो उसने इशारे से 'दो' बताया। ओम प्रकाश के अनुसार उन्हें घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पता चला कि हादसे के समय वहां दो बाहरी लोग भी थे, जो बाद में वहां से चले गए। डीएसपी अनिल पटियाल ने बताया कि परिजनों की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पड़ताल की जाएगी।

# जगत सिंह नेगी 13-14 मार्च को ऊना के दौरे पर

अनंत ज्ञान, ऊना। राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी 13 व 14 मार्च को ऊना जिले के दौरे पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि जगत सिंह नेगी 13 मार्च सायं ऊना पहुंचेंगे तथा उनका रात्रि विश्राम सर्किट हाउस ऊना में रहेगा। नेगी अपने प्रवास के दौरान 14 मार्च को ऊना श्र बंगाणा उपमंडलों में पीसीडीओ व एचपी शिवा क्लस्टर इकाइयों का दौरा करेंगे। इसके अंतर्गत वे ऊना में एक प्रगतिशील किसान की मशरूम यूनिट का दौरा कर उत्पादन गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करेंगे। इसके अतिरिक्त फ्रंट लाइन डेमोनस्ट्रेशन (एफएलडी) कठोह तथा एचपी शिवा क्लस्टर, सिरथ का भी दौरा करेंगे। उनका सायं 3 बजे शिमला प्रस्थान का कार्यक्रम है।

# भाखड़ा विस्थापितों की समस्या का समाधान न हुआ, तो होगा आंदोलन: देशराज शर्मा

अनंत ज्ञान





ब्यूरो, बिलासपुर। जिला ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति की बैठक शिव मंदिर आनंद घाट झंडूता में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रधान देश राज शर्मा ने की, जबकि संचालन समिति के सचिव चिरंजी लाल शर्मा ने किया।

बैठक में सबसे पहले 23 फरवरी को जिला मुख्यालय बिलासपुर में भाखड़ा विस्थापितों द्वारा किए गए प्रदर्शन की विस्तृत समीक्षा की गई। सदस्यों ने आंदोलन में बड़ी संख्या में विस्थापितों की भागीदारी पर संतोष व्यक्त किया व कहा कि लंबे समय से लंबित मांगों के समाधान के लिए यह संघर्ष लगातार जारी रहेगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि एक माह के भीतर भाखड़ा विस्थापितों की मांगों पर प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो समिति आंदोलन को और तेज करेगी। इसके तहत बड़े स्तर पर प्रदर्शन, धरना व जन आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। समिति के प्रधान देश राज शर्मा ने कहा कि भाखड़ा परियोजना के कारण विस्थापित हुए लोगों को आज भी कई मूलभूत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सरकार से बार-बार मांग उठाने के बावजूद इन मुद्दों का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है, जिससे विस्थापितों में रोष बढ़ता जा रहा है। बैठक में भाखड़ा विस्थापितों की प्रमुख मांगों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इनमें विस्थापित परिवारों को भूमि व आवासीय प्लॉट उपलब्ध करवाना, लंबित मुआवजे का भुगतान करना, पात्र परिवारों को रोजगार में प्राथमिकता देना, विस्थापित क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य व शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना तथा विस्थापितों के पुनर्वास से जुड़े लंबित मामलों का जल्द निपटारा करना शामिल है। समिति के प्रधान देश राज शर्मा ने कहा कि भाखड़ा विस्थापितों के अधिकारों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो विस्थापितों को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। इस बैठक में समिति के उपाध्यक्ष बलदेव ठाकुर, श्रीराम चैहान, बाबू राम, सदा राम, अनिता कुमार, लता देवी व शर्मिला देवी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

**आयोजन** जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने मुख्यातिथि के रूप में की शिरकत

# कल्लर में गुरु नानक देव उद्योग में सजी कवियों की महफिल

अनंत ज्ञान



गोष्ठी में उपस्थित मुख्यातिथि एवं साहित्यकार। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। कल्याण कला मंच बिलासपुर हिमाचल प्रदेश की मासिक संगोष्ठी ग्राम पंचायत बैहना जट्टा के कल्लर गांव में गुरु नानक देव उद्योग में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने मुख्यातिथि के रूप में की।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इस पावन अवसर पर महिला मंडल भजवाणी की अध्यक्ष मीरा देवी व उनकी पूरी टीम तथा महिला जागृति सोसायटी कल्लर व कल्याण कला मंच बिलासपुर के सम्माननीय साहित्यकारों व कलमकारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का आगाज सरस्वती वंदना व काले बाबा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मंगल ध्वनि से किया गया। साहित्यकार जगदीश सहोता ने मंगल ध्वनि से पंडाल को भक्ति मय बना दिया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर इसके इतिहास के बारे में मंच के महासचिव बाबू राम धीमान ने विस्तार से प्रकाश डाला। कल्याण कला मंच बिलासपुर की अध्यक्षा तृप्ता कौर मुसाफिर ने मंच की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। महिला मंडल भजवाणी की अध्यक्ष मीरा देवी व उनकी टीम द्वारा मेरे पिता दे पिछवाड़े दी मेहंदी रंगलीय सुहाग गाना पेश किया। मंच के निदेशक सुरेंद्र मिन्हास ने कहा कि जिला बिलासपुर में महिला मंडल भजवाणी क्रियाशील महिला मंडल है, जो हमेशा कुछ न कुछ नई गतिविधियों को शुरू करता रहता है। इस महिला मंडल का सामाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान रहता है। इस अवसर पर कल्याण कला मंच बिलासपुर के निदेशक सुरेंद्र मिन्हास ने मंच के उद्देश्यों पर विस्तृत जानकारी दी। युवा कवयित्री प्रिया ने मंदिर बांटे मस्जिद बांटी मत बांटो इंसान को पेश कर अपनी प्रस्तुति दी, कर्मवीर कंडेरा ने लो आ गया नलवाड़ी मेला जगदीश सहोता ने दिल दियां गल्ला दिल बिच रही गईयां संयुक्त निदेशक उच्चतर शिक्षा सुशील पुंडीर ने मातृ शक्ति तुम्हें प्रणाम पूर्व प्रधानाचार्य एवं मंच के मुख्य संयोजक अमर नाथ धीमान ने 'इस दुनियां से जाने वाले फिर लौट कर नहीं आते 'राज कुमार कौंडल' पुरुष है मान जगत का तो नारी है संस्कार शालू ने 'पारले जे रोपे इक शौकण उतरी, ओ कंता माणुआ शौकण होर लियाई दे रवींद्र नाथ भट्टा ने 'इक तो मैनू अपणीबर्दी प्यारी दूजा तेरा प्यार कूड़े, कीनू लावां कीनू पांवा अबका है सवाल कूड़े' बृज लाल लखनपाल ने तीन बहनों दो भाई का भाई, मौत आई, सरदार भगत सिंह ने महिला दिवस पर अपना संबोधन पेश किया, सुमन चड्ढा ने 'कहीं नहीं पढ़ाया जाएगा खुद ही समझना पड़ेगा', कैप्टन सुरेंद्र शर्मा ने 'मोबाइल की लत', रबिंद्र कमल ने 'सभी को बराबर तोलता हूं बंद आंखों को खोलता हूं', गायत्री शर्मा ने 'मेरे आंसुओं का गवाह बन 'मीरा ने' एक तपती दोपहर है औरत की जिंदगी 'मनीषा भाटिया ने 'समाज को सुधारने का जिम्मा नारी का', मंच की अध्यक्षा तृप्ता कौर मुसाफिर ने हत्था लैंदी लोटकु देबकू काच्छा पांदी धोती 'पूर्व प्रधान औहर पंचायत रणजीत वर्धन नारी तू अभिमान 'बाबू राम धीमान ने 'आई गई म्यां देख अप्पू ई। बिलासपुरा री नलवाड़ी,' कड्डु दिल्ला रे बट्ट', सुरेंद्र मिन्हास ने 'डूबी नगरी व्यास हमारी 'मनोरमा ने 'भरिया बंदूका राजे होय तैयार' पूजा कुमारी ने 'काली घघरी ले आयां ' कोमल ने 'कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती' रीता सहगल ने औरतों का योगदान 'नीलम चंदेल ने मम्मी सास प्रेरणा स्रोत', प्रस्तुति देकर वाहवाही बटोरी। मंच का संचालन कल्याण कला मंच बिलासपुर के महासचिव बाबू राम धीमान द्वारा किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल भजवाणी, जागृति सोसायटी कल्लर के सभी सम्माननीय सदस्य गणों सहित इलाका के गण मान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# महंगाई की मार: गैस की किल्लत व बढ़ते दामों ने महिलाओं को फिर धकेला चूल्हे की ओर

अनंत ज्ञान



चिंतपूर्णी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान, इजरायल व अमेरिका के बीच बढ़ते युद्ध के तनाव का असर अब हिमाचल प्रदेश के शांत ग्रामीण अंचलों में भी महसूस किया जाने लगा है। वैश्विक उथल-पुथल के कारण गैस की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति में अनिश्चितता ने चिंतपूर्णी धार क्षेत्र के ग्रामीण जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है।

बढ़ती महंगाई के कारण अब ग्रामीण महिलाएं गैस सिलेंडर छोड़कर एक बार फिर पारंपरिक चूल्हों की ओर रुख कर रही हैं। मंगलवार को चिंतपूर्णी क्षेत्र में कई महिलाएं जंगलों से लकड़ी काटकर लाती हुई दिखाई दीं। सरकार द्वारा नए सिलेंडर की बुकिंग के लिए 21 से 25 दिनों की समयावधि तय करने से ग्रामीणों में डर का माहौल है। लोगों को लग रहा है कि आने वाले समय में ईंधन का संकट और गहरा सकता है, जब इन महिलाओं से बात की गई, तो उन्होंने अपनी बेबसी जाहिर करते हुए कहा: 'सिलेंडर इतना महंगा हो गया है कि अब उसे भरवाना आम आदमी के बस की बात नहीं रही। ऊपर से युद्ध की खबरों के बीच सिलेंडर मिलने में देरी हो रही है, ऐसे में सीमित संसाधनों और जंगल की लकड़ियों पर निर्भर रहना ही अब आखिरी रास्ता बचा है। आजकल के डिजिटल दौर में युद्ध और गैस की कमी की खबरें आग की तरह फैल रही हैं। इससे ग्रामीणों में भविष्य को लेकर आशंकाएं बढ़ गई हैं, जिसके परिणामस्वरूप वे समय रहते लकड़ी का स्टॉक जमा करने में जुट गए हैं।

# बिजली महादेव रोपवे का विरोध करने वाले अब लगा रहे डीसी कार्यालय के चक्कर: सुंदर ठाकुर

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि बिजली महादेव रोपवे प्रोजेक्ट को स्थानीय लोगों के विरोध के चलते अब महाराजा घाटी की ओर शिफ्ट करने की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अब बिजली महादेव रोपवे का विरोध करने वाले कुछ लोग डीसी कार्यालय के चक्कर काटने लग गए हैं और कह रहे हैं कि अभी रोपवे को महाराजा घाटी की ओर मत बदलें।

विधायक ने यह बात मंगलवार को कुल्लू में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि अब यह लोग कह रहे हैं कि हमें सोचने का समय दें कि बिजली महादेव में लगाया जाए या नहीं। विधायक ने उन लोगों पर तंज कसते हुए कहा कि राजनीतिक मंशा के चलते यह लोग लोग विकास कार्यों का विरोध कर रहे हैं लेकिन हम इनकी मंशा को पूरा नहीं होने देंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन योजनाओं के पूरा होने से कुल्लू जिला पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा। सुंदर ठाकुर ने कहा कि कुल्लू की लग घाटी स्थित गोरुड़ु स्की स्लोप को भविष्य में देश की बेहतरीन स्की स्लोपों में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में कुल्लू के उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा ने क्षेत्र का दौरा कर यहां पर्यटन विकास की संभावनाओं का जायजा लिया है। विधायक सुंदर ठाकुर ने कहा कि गोरुड़ु की स्की स्लोप सोलंग नाला की स्की स्लोप से भी अधिक लंबी और चौड़ी है, जिससे यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्कीइंग आयोजन करवाने की बड़ी संभावनाएं हैं। भविष्य में इस स्थल को विकसित कर यहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिताएं आयोजित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिले के कई ऐसे पर्यटन स्थल हैं, जो अब तक अनछुए हैं। सरकार इन स्थलों को इको टूरिज्म के माध्यम से विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। इसके तहत लग घाटी, रतोचा, काइसधार, बिजली महादेव की पहाड़ियां, चंबा गढ़ सहित कई क्षेत्रों को पर्यटन मानचित्र पर लाया जाएगा।

### कुल्लू के पहाड़ों में दौड़ेगी ईको ट्रेल



कुल्लू के पहाड़ों पर ईको ट्रेल योजना को लागू किया जाएगा। इससे पर्यटकों को प्राकृतिक सुंदरता के बीच ट्रैकिंग और एडवेंचर का अनुभव मिलेगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इको ट्रेल शुरू होने से कुल्लू में पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने आगे बताया कि भुभू जोत टनल की डीपीआर के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस टनल के बनने से कुल्लू और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन की अपार संभावनाएं खुलेंगी और आवागमन भी आसान होगा।

### नदी-नालों के किनारे सटे गांवों को किया जा रहा सुरक्षित

**बैठक** के दौरान विधायक ने चल रहे विकास कार्यों की भी जानकारी दी। नदी-नालों के किनारे बसे गांवों को सुरक्षित रखने के लिए ड्रेजिंग के माध्यम से बड़े स्तर पर कार्य किया जा रहा है। 100 करोड़ रुपए की लागत से ड्रेजिंग का काम चल रहा है व अन्य योजनाओं के लिए भी बजट लाने की प्रक्रिया जारी है।

### कुल्लू क्षेत्र को कई नई सड़कें मिली

**प्रधानमंत्री** ग्राम सड़क योजना के तहत कुल्लू क्षेत्र को कई नई सड़कें मिली है, जिनके बनने से दूरदराज के गांवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सरकार लगातार काम कर रही है।

## प्रदेश में तीसरे मोर्चे से भाजपा को ही होगा नुकसानः सुंदर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि कुल्लू में आयोजित हुई गुप्त बैठक में कांग्रेस के नहीं, बल्कि भाजपा के बागी नेता शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में यदि तीसरे मोर्चे का गठन होता है और वह चुनाव में उतरता है, तो उससे कांग्रेस को कोई खतरा नहीं, बल्कि भाजपा को ही नुकसान होगा। वहीं, उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर तंज कसते हुए कहा कि पूर्व सीएम जयराम भी दबाव में ही काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश में पांच गुट बन गए हैं और भाजपा के अंदर सब कुछ सही नहीं है। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर कितना भी बाहर से दिखाएं की पार्टी में सब सही है, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की बॉडी लैंग्वेज बता रही है, जिस प्रकार से विधानसभा में उनका व्यवहार रहा, उससे ऐसा लग रहा है और उनके ऊपर बहुत ज्यादा प्रेशर है और भाजपा में कुछ सही नहीं है।

## कुल्लू कांग्रेस की बैठक में पंचायत चुनावों को लेकर बनी रणनीति

# पंचायत चुनावों में मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी कांग्रेस

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि आगामी पंचायत चुनावों को लेकर कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों में कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी। कांग्रेस पार्टी कुल्लू की मासिक बैठक मंगलवार को आयोजित की गई।

इसमें कुल्लू सदर के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने विशेष रूप से शिरकत की। मंगलवार को कुल्लू कांग्रेस की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी पंचायत चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई व पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की रणनीति बनाई गई। इस मौके पर विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने बताया कि पार्टी की यह बैठक काफी लंबे समय के बाद आयोजित हुई है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों में यह प्रयास किया जाएगा कि अधिक से अधिक कांग्रेस विचारधारा से जुड़े लोग पंचायतों में चुनकर आएं। इसके लिए कार्यकर्ताओं को अभी से सक्रिय होकर संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं।



भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए कार्यकर्ताओं का पटका पहनाकर स्वागत करते हुए कुल्लू के विधायक। अनंत ज्ञान

### भाजपा छोड़ तीन नेताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

**जिला** कुल्लू में पूर्ण चंद (गांव चेहड़ा), जीत राम (गांव सुआ, ग्राम पंचायत भूलंग) और भीम सेन वोहर बाग प्रेम, कुल्लू शहर ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया है। तीनों नेताओं ने कांग्रेस की नीतियों और विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया। मंगलवार को कुल्लू के विधायक ने उन्हें कांग्रेस का पटका पहनाकर पार्टी में विधिवत स्वागत किया। विधायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में सभी कार्यकर्ताओं को सम्मान व काम करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि नए साथियों के जुड़ने से पार्टी और मजबूत होगी तथा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी। इस अवसर पर कांग्रेस के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। उन्होंने पार्टी में शामिल हुए नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि उनके अनुभव से संगठन को मजबूती मिलेगी।

# पतलीकूहल में लिव-इन पार्टनर पर हत्या का आरोप

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के पतलीकूहल क्षेत्र में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक की पहचान रंजीत सिंह (54), निवासी गांव लोमच, लाहौल-स्पीति के रूप में हुई है, जो राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहलमा में चपरासी के पद पर कार्यरत थे।

पुलिस को दी गई शिकायत में मृतक की पत्नी टशी पालमो ने आरोप लगाया है कि उनके पति की लिव-इन पार्टनर नम्रता ने आपसी झगड़े के दौरान किसी नुकीली चीज से वार कर हत्या की है। टशी पालमो के अनुसार, उन्हें सुबह पुलिस के माध्यम से सूचना मिली थी कि उनके पति की तबीयत खराब है, लेकिन जब वे परिजनों सहित मौके पर पहुंचीं, तो रंजीत सिंह का शव कमरे में बेड पर पड़ा था। शरीर के निरीक्षण के दौरान मृतक के गले, छाती व नाभि के पास चोट व खरोंच के निशान पाए गए हैं, जिससे मामला पूरी तरह से संदिग्ध नजर आ रहा है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रजत और एएसआई बीरबल सिंह ने पुलिस टीम के साथ मौके का मुआयना किया।

प्रारंभिक जांच में परिस्थितियां संदिग्ध पाए जाने पर मंडी से फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी महिला नम्रता ने स्वयं थाने आकर बताया था कि 9 मार्च की रात रंजीत शराब के नशे में उसके पास आया था और उनके बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद वह सो गया और सुबह नहीं उठा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ा रही है ताकि मौत के असली कारणों का खुलासा हो सके।

# प्रदेश में न लगाएं जाए स्मार्ट मीटर: भारद्वाज

## सिविल एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन कुल्लू मंडल की बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन कुल्लू मंडल की मासिक बैठक महिला मंडल शास्त्री नगर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जय बिहारी भारद्वाज द्वारा की गई।

बैठक गायत्री मंत्र द्वारा शुरू हुई। बैठक में सभी पेंशनर्स एंड पारिवारिक पेंशनर्स द्वारा सरकार पर बहुत रोष प्रकट किया गया। सभी ने एक मत से सरकार को झूठी सरकार कहा। जय बिहारी भारद्वाज ने कहा कि 8-12-2025 व 17-12-2025 को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू द्वारा 40 दिन में चिकित्सा के सभी बिलों को पास किया जाएगा, जो कि अभी तक नहीं पास हुए। इसके अतिरिक्त क्लास फोर कर्मचारियों को 70 परसेंट लीव इन केशमेंट एवं ग्रेजटी जारी करने पर कहा गया था, लेकिन उसमें भी कोई काम नहीं हुआ बाकी जो 2016 से 2022 तक जो हमारा बकाया है, उसकी तो सरकार बात करने से परहेज करती है। बैठक में मंडल वरिष्ठ उपप्रधान तेजा सिंह ठाकुर, उपप्रधान दुगले राम ठाकुर, जोगी राम जिला अध्यक्ष सेस राम ठाकुर, वरिष्ठ उपप्रधान गिरधारी लाल डोगरा तथा अन्य ने अपने-अपने विचार रखे। बैठक का संचालन मंडल महासचिव अमर सिंह ठाकुर द्वारा किया गया।



बैठक के दौरान पेंशनर्स चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

इस मौके पर सभी पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनरों द्वारा सरकार पर बहुत रोष व्यक्त करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में कोई भी स्मार्ट मीटर नहीं लगाया जाए। उन्होंने बताया कि इससे पहले की प्रदेश की जनता सड़कों पर उतर जाए, इससे पहले सरकार को अपना इरादा छोड़ना चाहिए। अपर शास्त्री नगर के पेंशनर्स ने अपने-अपने विचार रखे कि गैस एजेंसी के कर्मचारी हमारे मुहल्ले में सिलेंडर नहीं पहुंचाते हैं। उन्होंने गैस एजेंसी के मालिक से आग्रह किया कि अपर शास्त्री नगर में गैस सिलेंडर को डिलीवर किया जाए। बैठक में अजय शर्मा दुर्वासा, नंद रूप, चंद ठाकुर, पिंटा देवी, मनमोहन शर्मा, चंपा देवी, तीर्थ राणा, गुप्त राम, अमर चंद, ढाबे राम, मोहिंदर डोगरा, खीमा राम, ईश्वरी राम, पार्वती, जंगलों राम, कुंदी तथा अन्य पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# 19 से 21 मार्च तक धूमधाम से मनाया जाएगा शमशी विरशू मेला

अनंत ज्ञान

**भुंतर।** जिला कुल्लू के शमशी क्षेत्र में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शमशी विरशू मेला 19 से 21 मार्च तक बड़ी धूमधाम व श्रद्धा के साथ आयोजित किया जाएगा।

मेले के दौरान धार्मिक परंपराओं के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताएं व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें क्षेत्र के लोगों की बड़ी भागीदारी रहने की उम्मीद है। मेला समिति द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 19 मार्च को दोपहर 12:30 बजे वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे से माता की लाड्ड़ी निकाली जाएगी, जो शाम 8 बजे तक चलेगी। 20 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे से शाम 7 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसमें स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। मेले के अंतिम दिन 21 मार्च को सुबह 10 बजे से कबड्डी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। साथ ही महिला मंडलों की रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। इसके बाद दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण समारोह के साथ मेले का समापन किया जाएगा।

आयोजन समिति के अनुसार कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता को 31 हजार रुपए, उपविजेता को 15 हजार रुपए, जबकि रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता के विजेता को 3100 रुपए और उपविजेता को 1500 रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। मेला समिति ने क्षेत्र के लोगों और श्रद्धालुओं से मेले में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने और माता का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

## विधायक भुवनेश्वर गौड़ करेंगे आरसीसी दीवार का शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक भुवनेश्वर गौड़ आगामी दिनों में दो महत्वपूर्ण आरसीसी दीवार निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार 12 मार्च को पतलीकूहल के जटेहड़ बिहाल गांव में आरसीसी दीवार का शिलान्यास किया जाएगा।

इसके बाद 14 मार्च को विधायक भुवनेश्वर गौड़ एक अन्य स्थान पर आरसीसी दीवार निर्माण कार्य की आधारशिला रखेंगे। विधायक ने कार्यक्रम की पुष्टि करते हुए कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए ऐसे निर्माण कार्य लगातार किए जा रहे हैं, ताकि स्थानीय लोगों को सुविधाएं मिल सकें।वहीं उक्त गांव के लोगों ने विधायक भुवनेश्वर गौड़ के निवास पर जाकर उनका आभार भी जताया है।

## आनी में 12 मार्च को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से होगा प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, आनी।** भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की लोकल कमेटी आनी के सचिव गीता राम ने बताया कि 12 मार्च को आनी उपमंडल मुख्यालय में केंद्र की भाजपा सरकार और प्रदेश की कांग्रेस सरकार की आम जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। यह कार्यक्रम नए बस स्टैंड आनी में सुबह 11 बजे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आयोजित होगा। प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कॉमरेड नेता राकेश सिंघा करेंगे। सीपीआई(एम) जन आक्रोश जत्थे के माध्यम से लोगों को इन नीतियों के बारे में जागरूक किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान चार लेबर कोड रद्द करने, बिजली विधेयक 2025 वापस लेने, स्मार्ट मीटर हटाने, गरीबों को पांच बीघा भूमि देने, किसानों की बेदखली रोकने, आनी अस्पताल में एक्स-रे मशीन की व्यवस्था करने, सब्जी मंडी का काम शुरू करने और दूध भुगतान नियमित करने की मांग उठाई जाएगी। साथ ही बढ़ती महंगाई के खिलाफ भी आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इन मुद्दों को लेकर 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में जन आक्रोश रैली आयोजित होगी।

# अलेऊ गांव में पानी की समस्या के समाधान को लेकर ग्रामीणों संग हामटा पहुंचे अधिकारी

अनंत ज्ञान

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के साथ लगते अलेऊ गांव में स्वच्छ पानी की आपूर्ति को लेकर जल शक्ति विभाग के अधिकारी ग्रामीणों के साथ हामटा क्षेत्र में पहुंचे।

अधिकारी व ग्रामीण खड़ी चढ़ाई चढ़कर मौके पर पहुंचे। विभाग के अधिकारियों ने हालात का जायजा लिया और ग्राम कमेटी के सदस्यों के साथ मिलकर साफ पानी की आपूर्ति करने को लेकर योजना बनाई। गौर हो कि सोमवार को अलेऊ गांव के ग्रामीण रोष प्रकट करने जल शक्ति विभाग मनाली के कार्यालय पहुंचे थे। विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि 31 मार्च से पहले पहले इस गम्भीर समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। इसी संदर्भ में मंगलवार को जल शक्ति विभाग के अधिकारी ग्रामीण कमेटी अलेऊ के सदस्यों के साथ मिलकर मुख्य स्रोत हामटा पहुंचे। जल शक्ति विभाग मनाली के एसडीओ दीक्षांत शर्मा ने बताया कि वह अलेऊ गांव की कमेटी के सदस्यों के साथ हामटा स्रोत पर गए थे। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने स्वयं वहां का निरीक्षण किया है। ग्रामीण स्वयं हालात से परिचित हुए है। ग्रामीणों को साफ पानी उपलब्ध करवाने के प्रयास लगातार जारी है। विभाग लगातार इस समस्या के समाधान में जुटा हुआ है।



हामटा में हालातों की जानकारी जुटाते हुए अधिकारी। अनंत ज्ञान

उन्होंने बताया कि विभाग अतिरिक्त स्रोत से गांव को साफ पानी देने का प्रयास कर रहा है। पानी के भंडारण को लेकर टैंक का निर्माण कार्य जारी है। गांव को अतिरिक्त लाइन भी बिछाई जा रही है। ग्रामीण आज हालात से स्वयं परिचित हुए है। 31 मार्च तक ग्रामीणों को साफ पानी मिलने की उम्मीद है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि जब तक समस्या का हल नहीं हो जाता तब तक ग्रामीण पीने के पानी का सही तरीके से प्रयोग करें। टंकियों को ओवर फॉलो न होने दें और न ही पीने का पानी खेतों व फूल की क्यारियों में इस्तेमाल करें। इन सभी बातों का कोई व्यक्ति उलंघन करता हुआ पाया गया तो विभाग कड़ी कार्रवाई अमल में लाएगा।

## समाज के समग्र विकास में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी, स्थित हरिपुर में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर निर्माण तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महिला प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. संगीता नेगी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम' राइट्स, जस्टिस, एक्शन, फॉर ऑल वूमेन एंड गर्ल्स' के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों, न्याय तथा सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दायक राम ठाकुर ने अपने संदेश में कहा कि समाज के समग्र विकास में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर समाज में सशक्त भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्रा रनिका ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया।

# लाहौल घाटी के मडग्रां में योर उत्सव की धूम

## ग्रामीणों ने शिवलिंग के चारों ओर लोक नृत्य कर किया परंपराओं का निर्वहन

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, केलांग।** जनजातीय लाहौल-स्पीति जिला के मडग्रां गांव में इन दिनों योर उत्सव की खूब धूम मची हुई है।

योर उत्सव की सांस्कृतिक-पारंपरिक अनुष्ठान के रूप में अपनी विशिष्टताएं हैं। मडग्रां योर में लगभग 15 फीट ऊंचा बर्फ का शिवलिंग बनाया जाता है व हर साल की तरह इस बार भी पारंपरिक रूप से इसकी पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही सामूहिक रूप से पारंपरिक नृत्य शैली में इसके चारों तरफ परिक्रमा करते हुए पारंपरिक वेशभूषा में मुखौटा पहनकर प्रकृति की पूजा की जाती है। इसमें प्रार्थना के साथ यौरा ( जौ कि अंकुरित डालियों) फेंकी जाती है। यह परंपरा दोपहर तक पूरी की गई। दोपहर बाद दोबारा लोग एकत्र होते हैं तथा पुरातन वाद्य यंत्रों की ताल पर सामूहिक नृत्य करते हैं। मडग्रां का योर सर्दियों के मौसम की विदाई समारोह के रूप में लोगों ने भविष्य के लिए अच्छी साल फसल व खुशहाली की कामना के रूप में भी मनाया जाता है। योर उत्सव सदियों से मनाते आ रहे हैं। यह उत्सव पहले मूलिंग गांव से शुरू होकर मडग्रां में समाप्त होता है। लाहौल घाटी के मडग्रां में योर उत्सव की धूम मची हुई है। ग्रामीण वीर देवता, काली मां, मृकुला भवानी मां, बुहारी देवता और नाग देवता की पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद के रहे हैं। हर साल की तरह इस बार भी बखूबी यहां पर रस्मों की अदायगी हुई। यह देव कार्यक्रम सबके आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान मुखौटा नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे। ग्रामीणों ने बर्फ के शिवलिंग के चारों ओर वाद्य यंत्रों की धुन पर थिरकते हुए परिक्रमा की। इसके साथ ही ईष्ट देवी-देवताओं सहित पितरों का नाम पुकार कर उन्हें जूब (यौरा) भी समर्पित किया। लाहौल के इतिहासकार मोहन लाल रेलिंग्पा ने कहा कि विरासत में मिली इस अमूल्य व विचित्र सांस्कृतिक धरोहर को आज संरक्षण प्रदान करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि मड़ग्रां यौर गांव के में बर्फ का विशाल शंकु, जिसे राश कहा जाता है, बना कर मनाया गया। लोगों ने अपनी वंशावली की सूचियां लेकर शुर यौरा अर्पित किया। नृत्य के दौरान डोमणी बोमणी ताल वाद्य तथा पाऊंन बजाया गया। यौर त्योहार के बारे मान्यता है कि माघ पूर्णिमा के दौरान जोगणियों को भगाने के लिए मनाया जाता है। एडवोकेट सुदर्शन ठाकुर ने बताया कि अगर हम अपने जिला लाहौल-स्पीति की संस्कृति की बात करें, तो अक्सर समाज में पुरुष वर्चस्व देखने को मिलता है। जिले के अंदर और बाहर होने वाले गेट-टुगेदर, खासकर फागली और हलडा जैसे त्योहारों के समय कुल्लू-मनाली में आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं की उपस्थिति अक्सर बहुत कम दिखाई देती है, लेकिन 'मडग्राम योर' इस परंपरा से अलग एक खूबसूरत उदाहरण पेश करता है। यहां महिलाओं को पुरुषों के बराबर आजादी और भागीदारी मिलती है।



## 13 से 15 मार्च तक सेऊबाग में धूमधाम से मनाया जाएगा माता दशमी बराड़ा का स्वर्ण जयंती समारोह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के सेऊबाग क्षेत्र में माता दशमी बराड़ा की कृपा से आयोजित होने वाला प्रसिद्ध जवाड़ी मेला इस वर्ष विशेष रूप से स्वर्ण जयंती समारोह के रूप में मनाया जाएगा।

13 से 15 मार्च तक तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में धार्मिक आस्था, खेल प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहेंगे। मेला आयोजन समिति के अनुसार इस अवसर पर क्षेत्र में कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें पंडित लक्ष्मीकांत मेमोरियल वॉलीबाल प्रतियोगिता (पुरुष), पार्थ ठाकुर मेमोरियल कबड्डी प्रतियोगिता (पुरुष), पहाड़ी दौड़, महिला चेयर रेस व घड़ा-फोड़ प्रतियोगिता शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। कार्यक्रम की शुरुआत 13 मार्च को माता दशमी बराड़ा के आगमन के साथ होगी। इसी दिन मुख्यातिथि द्वारा जवाड़ी मेले व खेल प्रतियोगिताओं का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। दिनभर कबड्डी प्रतियोगिता के मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि शाम 7 बजे से जागरण (कीर्तन) का आयोजन किया जाएगा। 14 मार्च को सुबह 9 बजे से विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जारी रहेंगी। शाम 4 बजे कबड्डी प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। इसके बाद शाम 7 बजे माता दशमी बराड़ा भजन मंडली सेऊबाग के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मेले के अंतिम दिन 15 मार्च को भी खेल प्रतियोगिताएं जारी रहेंगी। दोपहर 1 बजे से कुल्लवी लोक नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा, जबकि शाम 7 बजे से सांस्कृतिक संध्या, पुरस्कार वितरण समारोह और मेले का समापन होगा। सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध कलाकार धर्मेंद्र शर्मा, आशा शर्मा और डीडी नेगी अपनी प्रस्तुतियां देंगे, जिनके साथ सूत्रधार बैंड और कोटखांडा साउंड भी कार्यक्रम में रंग जमाएंगे।

**एकजुटता** तिब्बत की आजादी व संस्कृति की रक्षा को लेकर कुल्लू में तिब्बती समुदाय एकजुट

# 67वीं वर्षगांठ पर निकाली रैली, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** तिब्बती राष्ट्रीय विद्रोह दिवस की 67वीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को कुल्लू में तिब्बती समुदाय द्वारा रैली निकाली गई। यह रैली गेमल पुल रामशीला से शुरू होकर ढालपुर मैदान तक पहुंची। इसमें बड़ी संख्या में तिब्बती समुदाय के लोग, युवा व भिक्षु शामिल हुए।

इस दौरान तिब्बती समुदाय के अध्यक्ष टेंजिन मिफाम व यूथ प्रेजिडेंट टेंजिन खेनसे ने बताया कि 10 मार्च 1959 को तिब्बत के तीनों प्रांतों के लोगों, भिक्षुओं व आम नागरिकों ने तिब्बत की राजधानी ल्हासा में एकजुट होकर चीन के कब्जे का विरोध किया था और चौदहवें दलाई लामा की सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक विद्रोह किया था। इस अवसर पर तिब्बत, धर्म व अपने लोगों की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने कहा कि तिब्बती समुदाय आज भी तिब्बत के भीतर रहने वाले अपने भाइयों व बहनों के साथ एकजुटता से खड़ा है।



तिब्बती राष्ट्रीय विद्रोह दिवस की 67वीं वर्षगांठ पर कुल्लू में निकाली गई रैली। अनंत ज्ञान

उन्होंने आरोप लगाया कि चीन की सरकार द्वारा तिब्बत में लगातार दमनकारी नीतियां लागू की जा रही हैं, जिससे तिब्बती भाषा, संस्कृति और पहचान को खतरा पैदा हो रहा है। इस अवसर पर कशाग (तिब्बती निर्वासित सरकार) के वक्तव्य का भी उल्लेख किया गया, जिसमें कहा गया कि पिछले वर्ष परम पावन दलाई लामा के 90वें जन्मदिवस के अवसर पर 'करुणा वर्ष' की शुरुआत की गई थी। इस पहल के माध्यम से दलाई लामा की करुणा व शांति की शिक्षाओं को पूरी दुनिया तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि तिब्बत में बड़ी संख्या में बच्चों को बोर्डिंग स्कूलों में रखा जा रहा है, जहां तिब्बती भाषा व संस्कृति पर प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। साथ ही किसानों व खानाबदोशों के जबरन पुनर्वास जैसी नीतियों पर भी चिंता व्यक्त की गई।

उन्होंने कहा कि तिब्बती पठार, जिसे एशिया का 'वॉटर टॉवर' भी कहा जाता है, वहां बड़े स्तर पर बुनियादी ढांचा व खनन परियोजनाएं पर्यावरण के लिए खतरा बन रही हैं। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने प्रार्थना की कि परम पावन 14वें दलाई लामा दीर्घायु हों व तिब्बत में शांति, स्वतंत्रता और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा हो सके। उन्होंने कहा कि तिब्बती समुदाय दुनिया भर में शांति, करुणा और अहिंसा के मार्ग पर चलकर अपने अधिकारों की आवाज उठाता है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी स्टूडेंट्स को नवाजा

अनंत ज्ञान



**आनी।** राजकीय महाविद्यालय, निरमंड में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर कुलजीत सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर समारोह की शोभा बढ़ाई। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन और उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर पीटीए उपाध्यक्ष निर्मला देवी ने गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया, जबकि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निरमंड के प्राचार्य जनकेश शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सात विभिन्न श्रेणियों अकादमिक, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियां, एनसीसी, एनएसएस, सीएससीए तथा क्लब्स एवं सोसाइटीज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों और उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शैक्षणिक सत्र 2024-25 की वार्षिक परीक्षा के टॉपर्स को सम्मानित किया गया। बीए तृतीय वर्ष में सुष्मिता ने प्रथम तथा गुलशन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बीए द्वितीय वर्ष में संजिता प्रथम व दीपक कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। बीए प्रथम वर्ष में सुनीता ने प्रथम तथा अमीषा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं, बीकॉम द्वितीय वर्ष में स्नेहलता ने प्रथम और सुरजीत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा शैक्षणिक सत्र 2025-26 की मिड-टर्म परीक्षाओं के टॉपर्स को भी सम्मानित किया गया।

# प्रदेश भाजपा 'हिमाचल द्रोही' : नेगी

## आरडीजी, आपदा प्रबंधन के मुद्दों पर भाजपा को घेरा, कहा-प्रदेश हितों के साथ किया खिलवाड़

अनंत ज्ञान

**सोलन।** राजस्व एवं बागबानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने सोमवार को सोलन पहुंचकर भाजपा पर हिमाचल प्रदेश के हितों के साथ खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया। आरडीजी और आपदा प्रबंधन के मुद्दों पर भाजपा को घेरते हुए उन्होंने प्रदेश भाजपा को 'हिमाचल द्रोही' करार दिया। नेगी ने कहा कि भाजपा ने राज्य के विकास और जनहित के मामलों में लापरवाही बरती है, जिससे हिमाचलवासी प्रभावित हुए हैं।

◆ बोले-भाजपा ने राज्य के विकास और जनहित मामलों में बरती लापरवाही

मंत्री ने मीडिया को संबोधित करते हुए भाजपा की नीतियों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और प्रदेश स्तर पर भाजपा सरकार ने हिमाचल के प्राकृतिक संसाधनों और आपदा प्रभावित क्षेत्रों की अनदेखी की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हिमाचल के हितों के साथ खिलवाड़ किया है।



सोलन में मीडिया को संबोधित करते राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी। अनंत ज्ञान

### तहसीलों में कैमरों की खराबी पर सख्त चेतावनी

**प्रश्नों** के जवाब में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने प्रदेशभर की तहसीलों में लगे सीसीटीवी कैमरों और फिंगरप्रिंट मशीनों की खराबी पर सख्त रुख अपनाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कैमरे बंद पाए गए तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिंगरप्रिंट मशीनों के न चलने से रजिस्ट्री में देरी हो रही है। इसके अलावा, ऑनलाइन सर्टिफिकेट और जमाबंदी जैसी डिजिटल सुविधाओं के उपलब्ध होने पर भी लोग पटवारियों के चक्कर लगा रहे हैं। मंत्री ने इन लापरवाहियों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि मामला सामने आते ही दोषी पटवारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी उपकरण तत्काल ठीक कराए जाएं।

### बजट में किसानों-बागवानों को राहत के संकेत

**सोलन** दौरे के दौरान मंत्री नेगी ने आगामी बजट में किसानों और बागवानों को बड़ी राहत देने के संकेत दिए। हिमाचल की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा बागवानी से जुड़ा है। बजट में हर वर्ग सहित बागवानों की मांगों को पूरा किया जाएगा।

## बागवानी मंत्री ने कृषि विज्ञान केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह ने सोलन के कंडाघाट के ढेढ़घराट स्थित कृषि विज्ञान केंद्र का औचक निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जगत सिंह नेगी ने इस अवसर पर आधुनिक बागवानी विषय में प्रशिक्षण ले रहे बागवानों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने बागवानों से आग्रह किया कि आधुनिक कृषि एवं बागवानी के बारे में प्राप्त जानकारी को अन्य बागवानों के साथ साझा करें, ताकि सभी आधुनिक कृषि एवं बागवानी तकनीक, पौधरोपण एवं अन्य विषयों के बारे में जागरूक हो सकें। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश में एचपी शिवा परियोजना के तहत वर्ष 2025-26 में 100 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं, ताकि सेब के अतिरिक्त अन्य फलों की बागवानों को प्रोत्साहित किया जा सके।

## बीपीएल में चयन के लिए 12 मार्च तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, कसौली।** कसौली -बीपीएल परिवार के चयन के लिए 12 मार्च तक अंतिम तिथि रखी गई है। पिछले वित्तीय वर्ष में जिस भी व्यक्ति ने 50 दिन का काम किया है, वे ही इसके लिए अप्लाई कर सकता है। 12 मार्च के बाद सभी आवेदन ब्लाक स्तर की कमेटी के लिए भेजे जाएंगे। ब्लाक कमेटी एसडीएम बद्दी की अध्यक्षता में बनेगी, जिसमें सदस्य सचिव बीडीओ पट्टा कुलदीप सिंह होंगे। पंचायतों में बीपीएल परिवार के चयन के लिए आवेदन के बाद यह सूची पंचायतों की ओर से ब्लॉक कमेटी को भेजी जाएगी। ब्लाक कमेटी द्वारा सूची की जांच की जाएगी। जांच के बाद सभी पात्र लोगों की सूची तैयार करके उसे प्रदर्शित किया जाएगा। यह सूची सभी पंचायतों घरों, एसडीएम कार्यालय व बीडीओ कार्यालय में प्रकाशन के लिए रखी जाएगी।

## मेहनत : ऋत्विक सिरमौर जिला में एनएमएमएस परीक्षा में प्रथम

अनंत ज्ञान

**सोलन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटला बरोग के तीन विद्यार्थियों ने वर्ष 2025-26 की राष्ट्रीय माध्यमिक मेरिट छात्रवृत्ति (एनएमएमएस) परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की है। चयनित छात्रों में ऋत्विक, रितिका ठाकुर और माही शामिल हैं। विशेष रूप से छात्र ऋत्विक ने सिरमौर जिला में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के प्रिंसिपल बंसी लाल नेगी को जाता है, जिन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग की विशेष पहल शुरू की। इस कोचिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को नियमित रूप से अध्ययन सामग्री, अभ्यास प्रश्न, मॉक टेस्ट तथा विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया।

### सुहानी व वैष्णवी ने उत्तीर्ण की एनएमएमएस परीक्षा

**अनंत ज्ञान, सराहां।** पच्छाद उपमंडल के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराहा की दो छात्राओं सुहानी शर्मा व वैष्णवी ने राष्ट्रीय स्तर की एनएमएमएस परीक्षा उत्तीर्ण की तथा विद्यालय का नाम रोशन किया । 2 नवंबर, 2025 को आयोजित इस परीक्षा में वैष्णवी ने 87 प्रतिशत तथा सुहानी शर्मा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि अपने नाम की। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अभिलाष शर्मा ने छात्राओं की इस कामयाबी का श्रेय छात्राओं की लग्न व परिश्रम अभिभावकों की कर्तव्य निष्ठा व अध्यापको के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने विद्यालय की अन्य छात्राओं को भी प्रेरित करते हुए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद व अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों मे भी बढ़-चढ़कर भाग लेने को प्रेरित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### 11 मार्च को विद्युत आपूर्ति बाधित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड कंडाघाट से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 11 मार्च को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता कंडाघाट चंदन शर्मा ने दी। चंदन शर्मा ने कहा कि 11 मार्च को दोपहर 12.00 बजे से सांय 3.00 बजे वाकनाघाट तथा विद्युत उप केंद्र कंडाघाट के अंतर्गत आने वाले औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### विनोद सुल्तानपुरी 12 मार्च को कसौली प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी 12 मार्च को कसौली विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। वह 12 मार्च को प्रातः 10.00 बजे विभिन्न विकासात्मक कार्यों का लोकार्पण करेंगे। विधायक तदोपरांत नगर परिषद परवाणू के मैदान में नवनिर्मित मंच पर 105 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज भी फहराएंगे।

### जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के बचत भवन नाहन में आज उपायुक्त सिरमौर एवं प्रधान जनगणना अधिकारी प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में जनगणना-2027 के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला के जनगणना चार्ज लेवल अधिकारी जिसमें उपमंडल अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा शहरी निकाय के अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपायुक्त ने बताया कि यह जनगणना दो चरणों में संचालित की जाएगी, जिसमें प्रथम चरण में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना होगी तथा दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि सिरमौर जिला में प्रथम चरण की जनगणना 12 मई से 10 जून के मध्य की जाएगी तथा द्वितीय चरण 9 फरवरी से 5 मार्च, 2027 के मध्य होगा। उन्होंने बताया कि जिला के बर्फीले क्षेत्रों में द्वितीय चरण की जनगणना को इसी वर्ष 11 सितंबर से 30 सितंबर, 2026 में ही कर दिया जाएगा। उपायुक्त ने जिला वासियों से आग्रह किया कि वह जनगणना कार्य में अपना सहयोग दें।

### शूलिनी विवि में एएमआर-बायोग्लोबल 2026 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एएमआर-बायोग्लोबल 2026 का शुभारंभ हुआ। यह सम्मेलन वैश्विक स्वास्थ्य के लिए रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) और जैव प्रौद्योगिकी से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित है। इसमें भारत और विदेशों से आए प्रमुख वैज्ञानिक, शिक्षाविद, नीति निर्माता और उद्योग विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं, जो एएमआर से निपटने की उभरती चुनौतियों और अभिनव समाधानों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी संकाय द्वारा आयोजित यह सम्मेलन 21वीं सदी की सबसे गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक, रोगाणुरोधी प्रतिरोध, से निपटने के लिए वैज्ञानिक प्रगति और सहयोगात्मक रणनीतियों पर चर्चा का वैश्विक मंच प्रदान कर रहा है। सम्मेलन में एंटीबायोटिक प्रतिरोध, उन्नत जैव प्रौद्योगिकी तकनीकों, जीनोमिक अनुसंधान और नई उपचार पद्धतियों जैसे विषयों पर विशेषज्ञ अपने विचार साझा कर रहे हैं। उद्घाटन सत्र में शिक्षा और अनुसंधान जगत के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### पझौता कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** बीते एक सप्ताह से राजकीय महाविद्यालय पझौता में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शिवानी शर्मा रहीं। उन्होंने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अध्यक्ष नीरज ने मुख्य अतिथि तथा शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक स्टाफ का कार्यक्रम में स्वागत किया। प्राचार्या महोदया को विद्यार्थियों ने तीन राष्ट्रीय एकीकरण शिविरों तथा एक राष्ट्रीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम व एक अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग तथा झलकें दिखाई गईं। इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अध्यक्ष नीरज ने राष्ट्रीय सेवा योजना पझौता इकाई की वार्षिक गतिविधियों का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया। मंच संचालन बीए प्रथम वर्ष की छात्रा कविता ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

## शिलाई में पेड़ों के अवैध कटान की हो उच्चस्तरीय जांच : एबीवीपी



अवैध तरीके से काटे गए 300 से अधिक चीड़ के पेड़ अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नाहन।** गत दिनों सिरमौर जिला के शिलाई में सामने आए अवैध पेड़ कटान मामले में छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय नाहन में मंगलवार को वन अरण्यपाल को मांग पत्र सौंपा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनीष बिरसांटा ने कहा कि शिलाई में अवैध तरीके से 300 से अधिक चीड़ के पेड़ों का एक ही दिन में अवैध तरीके से कटान किया गया है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद द्वारा इस मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की जा रही है साथ ही दोषी वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ बर्खास्तगी की मांग की जा रही है।

गौर हो कि अवैध कटान के वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुए थे जिसके बाद वन विभाग की टीम ने मौके का दौरा किया था और अवैध कटान पाए जाने के बाद मामले में एफआईआर भी दर्ज की गई है।

## स्टाफ नर्स के पदनाम को नर्सिंग ऑफिसर में बदलने की सीएम से की मांग

**अनंत ज्ञान, नाहन।** 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मेडिकल कॉलेज नाहन दौरे के दौरान नर्सिज एसोसिएशन मेडिकल कॉलेज नाहन इकाई द्वारा अध्यक्ष कमलेश शर्मा की अगुआई में मुख्यमंत्री से 'स्टाफ नर्स' के पदनाम को 'नर्सिंग ऑफिसर' में बदलने की मांग की गई। अध्यक्ष कमलेश शर्मा ने बताया की उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि 'स्टाफ नर्स' के पदनाम को बदल कर 'नर्सिंग ऑफिसर' करें। इससे उनकी पेशेवर प्रतिष्ठा और जिम्मेदारियों को उचित सम्मान मिलेगा। भारतीय नर्सिंग परिषद (आईएनसी) और कई राज्य सरकारों ने पहले ही इस बदलाव को लागू किया है और हिमाचल प्रदेश में भी लागू करने का मुख्यमंत्री से आश्वासन मिला है। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने मेडिकल कॉलेज नाहन में नर्सिंग स्टाफ के रिक्त पदों को भरने का भी आश्वासन दिया है।

# सुक्खू सरकार के दावे व जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर: विनय गुप्ता

## प्रदेश की महिलाओं से किया वादा, 3 साल बाद भी अधूरा

अनंत ज्ञान

**नाहन।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विनय गुप्ता ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हालिया सिरमौर दौरे और नाहन में आयोजित कार्यक्रमों को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार बड़े-बड़े दावे और घोषणाएं तो कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति इन दावों से अलग नजर आती है।

विनय गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री ने नाहन स्थित डॉ. यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और हाई-एंड तकनीक लाने की बात कही है, लेकिन अस्पताल की मौजूदा स्थिति सरकार के दावों पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल में कई जरूरी सुविधाओं का अभाव है और मरीजों को जांच व उपचार के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में लगभग 3000 करोड़ रुपये खर्च करने का दावा कर रही है, लेकिन नाहन मेडिकल कॉलेज सहित प्रदेश के कई स्वास्थ्य संस्थानों में उपकरणों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी अब भी बनी हुई है। ऐसे में सरकार के दावे केवल कागजों और मंचों तक सीमित दिखाई देते हैं।

भाजपा प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री द्वारा की गई 500 करोड़ रुपये की घोषणा पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि यह राशि वास्तव में आगामी बजट में शामिल की जाएगी या यह भी केवल एक राजनीतिक घोषणा बनकर रह जाएगी।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सहायता की योजनाएं स्वागत योग्य हैं, लेकिन उनका लाभ समय पर पात्र महिलाओं तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय महिलाओं को हर माह 1500 रुपये देने का वादा किया गया था, लेकिन तीन साल बाद भी यह योजना लागू नहीं हो पाई है।

विनय गुप्ता ने कहा कि प्रदेश की लाखों महिलाएं इस सहायता राशि का इंतजार कर रही हैं और पिछले वर्षों के बकाये की उम्मीद भी लगाए बैठी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अधिकतर उन परियोजनाओं का श्रेय ले रही है जो पूर्व भाजपा सरकार के समय शुरू हुई थीं।

# खाद्यान्न की गुणवत्ता और वितरण व्यवस्था पर सख्त निगरानी के निर्देश

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के नियमों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय नाहन में राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष डॉ. एसपी कात्याल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर एवं जिला शिकायत निवारण अधिकारी एल.आर. वर्मा ने अध्यक्ष का शॉल व टोपी भेंट कर स्वागत किया।



समीक्षा बैठक में भाग लेते पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

बैठक में जिले में आवश्यक खाद्यान्न वस्तुओं की उपलब्धता, गुणवत्ता, शिकायतों के निवारण तथा विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। अध्यक्ष डॉ. कात्याल ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि पीडीएस के तहत खाद्यान्न की सप्लाई चेन से लेकर लाभार्थियों तक वितरण के प्रत्येक स्तर पर गुणवत्ता और मात्रा का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उचित मूल्य की दुकानों, आंगनबाड़ी केंद्रों, मिड-डे-मील देने वाले विद्यालयों तथा थोक गोदामों का निरंतर निरीक्षण करने पर भी जोर दिया। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा ने बताया कि जिले में पिछले एक वर्ष के दौरान खाद्य सुरक्षा से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। बैठक में बताया गया कि जिले में 1,35,550 राशन कार्डों के माध्यम से 5,30,490 लाभार्थियों को पीडीएस के तहत खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं 1852 स्कूलों के 55,549 विद्यार्थियों को मिड-डे-मील तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों को पोषणयुक्त आहार प्रदान किया जा रहा है।

## 12 मार्च को उपरोजगार कार्यालय पांवटा साहिब में कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, पावंटा/नाहन।** मैसर्ज नंज मेड साइंस फार्मा प्राइवेट लिमिटेड रामपुरघाट, पांवटा साहिब में अप्रेंटिस के 50 पदों को एक वर्ष के लिए भरा जाना है। इन पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 12 मार्च को उपरोजगार कार्यालय पांवटा साहिब में प्रात: 11 बजे से आयोजित किए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी देविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अप्रेंटिस पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं/12वीं/आईटीआई तथा आयु 18-20 वर्ष, वेतन 9600 तथा मुफ्त यात्रा व खाना सहित मेडिकल इंश्योरेंस भी दिया जाएगा। अभ्यर्थी 12 मार्च को शैक्षणिक प्रमाण पत्र, हिमाचली प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो तथा अन्य सभी प्रमाण पत्रों सहित भर्ती शिविर में भाग ले सकते हैं।

## सोलन कॉलेज के छात्रों ने सड़क सुरक्षा फिल्म महोत्सव में जीते पुरस्कार



**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश के परिवहन विभाग के रोड सेफ्टी सेल द्वारा हिमाचल प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में आयोजित सड़क सुरक्षा फिल्म महोत्सव में राजकीय महाविद्यालय सोलन के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार हासिल किए हैं। महाविद्यालय के छात्र अजय जायसवाल ने 18-25 आयु वर्ग में अपनी शॉर्ट फिल्म लाइफ एंड सांग के लिए पुरस्कार अर्जित किया। वहीं महाविद्यालय के पूर्व छात्र प्रज्वल ने भी इसी आयु वर्ग में अपनी शॉर्ट फिल्म टू फैट्स के लिए पुरस्कार प्राप्त किया। इस सड़क सुरक्षा फिल्म महोत्सव में सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित विषयों पर देशभर के प्रतिभागियों ने विभिन्न श्रेणियों में अपनी शॉर्ट फिल्में प्रस्तुत कीं। इनमें राजकीय महाविद्यालय सोलन के इन दोनों छात्रों की शॉर्ट फिल्में टॉप-5 फिल्मों में चयनित हुईं। विजेताओं को हिमाचल प्रदेश के परिवहन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र तथा पांच-पांच हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

### नशा मुक्त भविष्य के लिए जागरूकता दौड़

## अंतरराष्ट्रीय एथलीट वीरेंद्र सिंह पहुंचे इटरनल यूनिवर्सिटी

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** अंतरराष्ट्रीय एथलीट वीरेंद्र सिंह बीते कल सांय ईटरनल यूनिवर्सिटी, बड़ू साहिब पहूंचे, जहां पर कलगीधर ट्रस्ट और इटरनल यूनिवर्सिटी के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस मौके पर गुरदास हॉल में नशा मुक्त भविष्य के लिए जागरूकता रन नामक एक अत्यंत प्रेरणादायक एवं सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया। ईटरनल यूनिवर्सिटी के डीन एकेडमिक्स डॉ. टीएस बनिपाल तथा एडमिशन के डायरेक्टर बलराज सिंह ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को सम्मान प्रदान किया और सभी गणमान्य व्यक्तियों का औपचारिक स्वागत किया। अंतरराष्ट्रीय एथलीट वीरेंद्र सिंह ने छात्रों से आग्रह किया कि जीवन में सबसे बड़ा उत्साह नशे से नहीं, बल्कि कड़ी मेहनत, उपलब्धि तथा उद्देश्य से प्राप्त होता है।

उन्होंने दृढ़ विश्वास के साथ कहा कि नशे का सेवन, विशेष रूप से चिट्टा, आज हमारे राष्ट्र के युवाओं के लिए सबसे खतरनाक खतरा बन चुका है। उन्होंने जोर दिया कि कोई भी सपना, कोई भी भविष्य तथा कोई भी परिवार नशे की छाया में जीवित नहीं रह सकता। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे परिवर्तन के दूत बनें स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने समुदायों में दूसरों को इस विनाशकारी मार्ग से रोकें।

**उत्साहवर्धन** फ्लोरीकल्चर को बढ़ावा देने और किसानों को नई तकनीकों से जोड़ने की पहल

# नौणी में ट्यूलिप एवं ऑर्किड महोत्सव सह पुष्प प्रदर्शनी आयोजित

अनंत ज्ञान

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के फ्लोरीकल्चर एवं लैंडस्केपिंग विभाग द्वारा ट्यूलिप एवं ऑर्किड महोत्सव सह पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों, किसानों तथा पुष्प प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

महोत्सव का उद्देश्य फ्लोरीकल्चर को बढ़ावा देना, सजावटी पौधों की विविधता को प्रदर्शित करना तथा शोधकर्ताओं और किसानों के बीच संवाद को प्रोत्साहित करना था। यह कार्यक्रम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा प्रायोजित परियोजना 'सजावटी पुष्प बल्बों के बड़े पैमाने पर उत्पादन हेतु नवाचारी प्रौद्योगिकियों का विकास एवं प्रसार: आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम' के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसे फ्लोरीकल्चर पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के सहयोग से संपन्न किया गया।



### बढ़ेगी किसान की आय : डॉ. देविना वैद्य

**डॉ. देविना वैद्य** ने अपने संबोधन में हिमालयी क्षेत्र में फ्लोरीकल्चर के विकास के लिए अनुसंधान और नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया। ट्यूलिप और ऑर्किड राज्य के फ्लोरीकल्चर उद्योग के लिए अत्यंत संभावनाशील फसलें हैं और इन उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती किसानों की आय बढ़ाने में सहायक हो सकती हैं। किसानों के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

### डीसी सोलन ने की प्रशंसा

**इस** अवसर पर उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। विश्वविद्यालय की निदेशक अनुसंधान डॉ. देविना वैद्य विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुईं। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने विश्वविद्यालय तथा फ्लोरीकल्चर एवं लैंडस्केपिंग विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विज्ञान, शिक्षा और किसानों के बीच की दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विभाग के संकाय सदस्यों और शोधार्थियों के प्रयासों की भी प्रशंसा की, जो हिमाचल प्रदेश में व्यावसायिक फ्लोरीकल्चर और नवाचारी लैंडस्केप विकास को बढ़ावा देने में सक्रिय हैं।

### एक दशक से ट्यूलिप पर अनुसंधान कर रहा विवि : डॉ. पूजा शर्मा

**प्रधान** अन्वेषक डॉ. पूजा शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय पिछले एक दशक से ट्यूलिप पर अनुसंधान कर रहा है तथा ऑर्किड को भी व्यावसायिक फसल के रूप में प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों के प्रदर्शन और प्रशिक्षण के लिए हाल ही में 29 किस्मों के 4,000 से अधिक बल्ब लगाए गए हैं, जिन्हें आने वाले वर्षों में और विस्तार दिया जाएगा।

## 15 मार्च को नाहन में होगा हिंदू सम्मेलन

**अनंत ज्ञान नाहन।** आगामी 15 मार्च को जिला मुख्यालय नाहन में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस हिंदू सम्मेलन में हिंदू समाज के हित के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन के आयोजन को लेकर जिला मुख्यालय नाहन में आयोजक सनातन चैरिटेबल सोसाइटी के सचिव राजीव शर्मा ने बताया कि हिंदू सम्मेलन में विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग हिस्सा लेंगे और हिंदू समाज से जुड़ी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू फोर्स दीपक सिंह हिंदू बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे और बड़ी संख्या में लोग इस सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे। उन्होंने कहा कि समारोह के दौरान हिंदू समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 लोगों को हिन्दू शौर्य सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत ने बांग्लादेश को भेजा 5000 टन डीजल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में संघर्ष और वैश्विक ईंधन संकट के बीच भारत ने पड़ोसी बांग्लादेश के प्रति सहयोग का महत्वपूर्ण उदाहरण पेश किया है। इसके तहत भारत बांग्लादेश को आज 5,000 टन डीजल पाइपलाइन के माध्यम से भेजा जा रहा है, जो आपूर्ति समझौते के तहत छह महीने की जरूरतों का हिस्सा है। तेल को लेकर वैश्विक चिंताओं के बीच भारत का यह कदम न सिर्फ क्षेत्रीय ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करता है, बल्कि सहयोग और भरोसे की मिसाल भी पेश करता है। बता दें कि यह डीजल परबतिपुर सीमा के रास्ते बांग्लादेश में प्रवेश करेगा। यह जानकारी बांग्लादेश पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (बीपीसी) के चेयरमैन मुहम्मद रेजानुर रहमान ने दी। चेयरमैन रेजानुर रहमान ने एएनआई से बातचीत में बताया कि हमारा भारत के साथ एक समझौता है। इसके तहत भारत हर साल 1,80,000 टन डीजल बांग्लादेश को पाइपलाइन के माध्यम से भेजेगा। आज जो 5,000 टन डीजल आ रहा है, वह उसी समझौते का हिस्सा है। (अनंत ज्ञान)

### ईरान के हमलों से प्रभावित देशों की रक्षा करेगा फ्रांस

**एजेंसी, पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने कहा है कि उनका देश ईरान के हमलों का सामना कर रहे देशों की सुरक्षा में सहयोग करेगा। इसके लिए फ्रांस ने पूर्वी भूमध्यसागर और लाल सागर क्षेत्र में अपनी नौसैनिक तैनाती बढ़ाने का फैसला किया है। मैक्रों के अनुसार फ्रांस आठ फ्रिगेट, दो एम्फीबियस हेलीकॉप्टर कैरियर और अपने प्रमुख विमानवाहक पोत चार्ल्स डी गॉल को तैनात करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कदम पूरी तरह रक्षात्मक उद्देश्य से उठाया जा रहा है और इसका लक्ष्य क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखना है। राष्ट्रपति ने कहा कि फ्रांस उन देशों के साथ खड़ा रहेगा जो ईरान की संभावित जवाबी कार्रवाई का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांस की कोशिश क्षेत्र में तनाव कम करने और सहयोगी देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की है। मैक्रों ने यह भी कहा कि फ्रांस अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों की सुरक्षा बनाए रखने के लिए काम करेगा। जरूरत पड़ने पर स्ट्रेट ऑफ होरमुज में जहाजों की आवाजाही सामान्य बनाए रखने के लिए भी कदम उठाए जा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### 3-4 दिन में डिस्चार्ज हो सकते हैं सलीम खान

**एजेंसी, मुंबई।** सलमान खान के पिता सलीम खान को अस्पताल से 3-4 दिन में



छुट्टी मिल सकती है। 17 फरवरी से मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती 88 साल के सलीम खान अब तेजी से रिकवर हो रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है और अगर सब कुछ ठीक रहा, तो उन्हें इसी हफ्ते डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। इससे पहले हालत गंभीर होने के कारण सलीम को कुछ समय के लिए आईसीयू और वेंटिलेटर पर रखा गया था। पिछले कुछ दिनों से शाहरुख-आमिर समेत खान परिवार के सभी सदस्य अस्पताल पहुंचकर उनका हालचाल ले रहे हैं। सलीम 21 दिन से लीलावती हॉस्पिटल में एडमिट हैं। (अनंत ज्ञान)

### एमपी में सड़क हादसे में चार युवकों की मौत

**एजेंसी, कटनी।** मध्य प्रदेश के कटनी जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर जगतपुर उमरिया के पास तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत इतनी भीषण थी कि बाइक सवार चारों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसा सोमवार देर रात करीब 12 बजे चपहनी मोड़ के पास हुआ। बाइक पर सवार चार युवक कटनी से उमरिया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से उमरिया की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार से उनकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चारों युवक सड़क पर जा गिरे। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे। घटना के बाद कुछ समय के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर यातायात भी बाधित हो गया। सूचना मिलने पर बड़वारा थाना पुलिस और 108 एंबुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची। (अनंत ज्ञान)


# रक्षा मंत्री ने सेना के लिए जारी किया 'मिलिट्री विजन डॉक्यूमेंट' रोडमैप

## इंडियन आर्मी को आधुनिक, इंटीग्रेटेड और तकनीक से लैस करने पर जोर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को साउथ ब्लॉक में भारतीय सेना के लिए 'डिफेंस फोर्सेज विजन' रोडमैप जारी किया। यह बड़ा ब्लूप्रिंट हेडक्वार्टर इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ ने रक्षा बलों को आधुनिक, इंटीग्रेटेड और तकनीक से लैस सेना में बदलने के लिए तैयार किया है, जो 2047 तक भारत के विकसित देश बनने के सपने को पूरा करने में मदद कर सके।

यह डॉक्यूमेंट भविष्य की युद्ध चुनौतियों के लिए ढलने वाली सेना बनाने के लिए इनोवेशन, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और मॉडर्न ट्रेनिंग फ्रेमवर्क के महत्व पर भी जोर देता है। इस विजन डॉक्यूमेंट में सशस्त्र बलों में जरूरी सामरिक सुधारों, क्षमता बढ़ाने और संगठनात्मक बदलावों के बारे में बताया गया है, ताकि बदलते भू-रणनीतिक, तकनीकी और सुरक्षा माहौल से अच्छे से निपटा जा सके। इसमें सेना को एक इंटीग्रेटेड, मल्टी-डोमेन और फुर्तीली फोर्स में बदलने की सोची गई है, जो दुश्मनों को रोकने, हर तरह के झगड़े में जवाब देने और तेजी से बदलते ग्लोबल और रीजनल हालात के बीच बढ़ते स्ट्रेटेजिक हितों की रक्षा करने में काबिल हो। इस विजन का एक मुख्य हिस्सा सेनाओं के बीच



तालमेल और तालमेल पर जोर देना है, जिससे प्लानिंग, ऑपरेशन और क्षमता विकास में ज्यादा तालमेल को बढ़ावा मिलेगा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस विजन में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर ध्यान केन्द्रित किया गया है, जो देश की खास सुरक्षा जरूरतों के हिसाब से स्वदेशी तकनीक और समाधान अपनाने को बढ़ावा देता है।

विजन डॉक्यूमेंट में शॉर्ट-टर्म, मिड-टर्म और लॉन्ग-टर्म टाइमलाइन में साफ तौर पर प्राथमिकता वाले क्षमता लक्ष्यों के साथ एक कैलिब्रेटेड रोडमैप अपनाया गया है। यह विश्व स्तरीय डिफेंस फोर्स बनाने के लिए जरूरी सैन्य क्षमताओं, संस्थागत सुधारों और रणनीतिक साझेदारी के विकास में सहयोग करेगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों की जटिलता को पहचानते हुए यह विजन डॉक्यूमेंट पूरे देश के नजरिए की जरूरत पर जोर देता है, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा पक्की करने के लिए सैन्य ताकत को कूटनीतिक, तकनीकी और आर्थिक ताकत के साथ जोड़ा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# तेल रिफाइनरियों ने 10% बढ़ाया एलपीजी का उत्पादन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस (एलपीजी) की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए देश की तेल रिफाइनरियों ने एलपीजी का उत्पादन करीब 10 प्रतिशत बढ़ा दिया है। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, तेल रिफाइनरियों में एलपीजी उत्पादन लगभग 10 प्रतिशत बढ़ाया गया है और सभी रिफाइनरियां 100 प्रतिशत क्षमता पर काम कर रही हैं।

गुजरात सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर औद्योगिक गैस के उपयोग में 50 फीसदी की कटौती की है। राज्य के ऊर्जा मंत्री ऋषिकेश पटेल ने घरेलू एलपीजी वितरण में कोई बाधा न आने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि राज्य और केंद्र सरकार मिलकर काम कर रही हैं ताकि घरों में खाना पकाने वाली गैस की कमी न हो। सरकार ने घरेलू खपत को प्राथमिकता देने के लिए कुछ औद्योगिक उपयोगों पर प्रतिबंध लगाए हैं।

उद्योगों को गैस आपूर्ति में 50 फीसदी की कटौती की गई है। उर्वरक और दूध प्रसंस्करण के लिए गैस आपूर्ति में करीब 40 फीसदी की कटौती है। मंत्री ने राजकोट से वाणिज्यिक गैस सिलिंडरों पर प्रतिबंध की खबरों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक गैस सिलिंडरों पर कोई कटौती या प्रतिबंध नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### गैस सिलेंडर की बुकिंग का समय भी बढ़ाया

**उत्पादन** बढ़ाने के इस कदम से संभावित आपूर्ति बाधित होने को लेकर उठ रही चिंताओं को कम करने में मदद मिली है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार ने घरेलू एलपीजी के दुरुपयोग और अनियमितताओं को रोकने के लिए नए गैस सिलेंडर की बुकिंग के बीच प्रतीक्षा अवधि भी 21 दिनों से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया है।

# सेंसेक्स 640 अंक चढ़कर 78,205 के स्तर पर बंद

## कच्चा तेल 9% सस्ता होकर 92 डॉलर प्रति बैरल पर आया

**एजेंसी, मुंबई**

शेयर बाजार में 10 मार्च को तेजी रही। सेंसेक्स 640 अंक (0.82%) की तेजी के साथ 78,205 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी करीब 233 अंक (0.97%) की तेजी रही, ये 24,262 पर बंद हुआ। आज बैंकिंग, ऑटो और एफएमसीजी शेयर्स में ज्यादा बढ़त है। वहीं, ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई हैं। ब्रेंट क्रूड करीब 9% गिरकर 92.50 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक दिन पहले यह 115 डॉलर के पास चला गया था। अमेरिकी तेल भी करीब 9% टूटकर 88.60 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गया है।

तेल की कीमतों में यह कमी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक बयान के बाद आई है। ट्रंप ने कहा कि मौजूदा युद्ध 'बहुत जल्द' खत्म हो जाएगा। उनके इस बयान से ग्लोबल सप्लाई चेन को लेकर बनी अनिश्चितता में कमी आई है। हालांकि, मौजूदा कीमतें अब भी युद्ध शुरू होने से पहले के स्तर के मुकाबले करीब 30% ज्यादा बनी हुई हैं। (अनंत ज्ञान)

### 13 हजार रुपए बढ़कर 2.73 लाख प्रति किलो हुई चांदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने और चांदी के दामों में आज यानी 10 मार्च को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,700 रुपए बढ़कर 1.60 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1.59 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। एक किलो चांदी 13 हजार रुपए बढ़कर 2.73 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2.60 लाख रुपए प्रति किलो थी। एक्सपर्ट्स के अनुसार 29 जनवरी को सोने की कीमत 1.76 लाख रुपए और चांदी के दाम 3.86 लाख रुपए के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए थे। इसके बाद से इनकी कीमत में काफी गिरावट आ चुकी है। इसलिए इनकी खरीदारी देखने को मिल रही है।

# ईरान जंग से पाकिस्तान में रुकी मंत्रियों की सैलरी

## सप्ताह में 4 दिन ही खुलेंगे सरकारी दफ्तर, वर्क फ्रॉम होम करेंगे आधे कर्मचारी

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को बढ़ती तेल कीमतों को देखते हुए खर्चों में कटौती योजना का ऐलान किया है। इसके तहत सरकारी दफ्तर हफ्ते में सिर्फ चार दिन खुलेंगे और आधे कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम करेंगे। इस हफ्ते के अंत से स्कूल दो हफ्तों के लिए बंद रहेंगे। पाकिस्तानी न्यूज चैनल जियो न्यूज के मुताबिक, मंत्रियों और सलाहकारों के विदेश दौरे रोक दिए गए हैं। मंत्री दो महीने तक वेतन नहीं लेंगे और सांसदों की सैलरी में 25% की कटौती होगी।

वहीं, पाकिस्तान में अब दो महीने तक सरकारी गाड़ियों को 50% कम ईंधन मिलेगा। 60% सरकारी वाहन नहीं चलेंगे। सभी सरकारी विभाग अपने खर्च में 20% कटौती करेंगे। शरीफ ने कहा कि अमेरिका-इजराइल-ईरान संघर्ष की वजह से कच्चे तेल की कीमत 60 डॉलर से बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा हो गई है। इस वजह से यह निर्णय लिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)



### पेट्रोल व डीजल की कीमतों में करीब 20 फीसदी की बढ़ोतरी

**पाकिस्तान** ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 20% की बढ़ोतरी की है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 55 रुपए (पाकिस्तानी रुपया) प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत अब 335.86 रुपए प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल 321.17 रुपए प्रति लीटर के स्तर पर पहुंच गया है।

### बड़े शहरों में पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़

**कीमतों** में बढ़ोतरी की खबर आने के बाद होते ही पाकिस्तान के बड़े शहरों जैसे लाहौर और कराची में पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोग घंटों अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। लोगों को डर है कि आने वाले दिनों में कहीं तेल की किल्लत न हो जाए।

# कृषि मेक एक्सपो 13 मार्च से चंडीगढ़ में होगा शुरू

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** फॉर्च्यून एग्जिबिटर्स प्राइवेट लिमिटेड, 13 मार्च से 15 मार्च, 2026 तक परेड ग्राउंड, सेक्टर-17, चंडीगढ़ में कृषि मशीनरी, डेयरी इक्विपमेंट और एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी पर भारत की लीडिंग एग्जिबिशन में से एक, कृषि मेक एक्सपो 2026 ऑर्गनाइज करने के लिए तैयार है।

तीन दिन का यह इवेंट किसानों, इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स और आम लोगों के लिए खुला रहेगा, जिसमें सभी विजिटर्स के लिए फ्री एंट्री होगी। फॉर्च्यून एग्जिबिटर्स प्राइवेट लिमिटेड के ऑर्गनाइजर करमजीत सिंह ने कहा, 'कृषि मेक एक्सपो 2026 ट्राईसिटी इलाके में पहली बार हो रहा है और इसका मकसद किसानों के लिए एक खास प्लेटफॉर्म बनाना है, जहाँ वे खेती की नई मशीनरी और टेक्नोलॉजी को एक्सप्लोर कर सकें। यह एक्सपो किसानों को साइंटिस्ट, एक्सपर्ट और कंपनियों से बातचीत करने में मदद करेगा, ताकि वे खेती में एफिशिएंसी और प्रोडक्टिविटी को बेहतर बनाने वाले मॉडर्न सॉल्यूशन के बारे में जान सकें। यह एक्सपो चंडीगढ़ चैंबर ऑफ इंडस्ट्री, लघु उद्योग संघ, डिस्ट्रिक्ट टेक्नोलॉजी इनेबलिंग सेंटर, पंजाब यूनिवर्सिटी और स्टेट सपोर्ट मिशन हरियाणा के साथ-साथ फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन्स (फीको) और मिनिस्ट्री ऑफ एम एस एम इ , गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया सहित अलग-अलग इंडस्ट्री बॉडीज के सपोर्ट से ऑर्गनाइज किया जा रहा है। एग्जिबिशन में 200 से ज्यादा स्टॉल लगाए जाएंगे, जिससे विजिटर्स को लेटेस्ट एग्रीकल्चरल मशीनरी, डेयरी सॉल्यूशन और मॉडर्न खेती के इक्विपमेंट देखने का मौका मिलेगा। किसान 100 से ज्यादा एग्रीकल्चरल मशीनों के डेमोंस्ट्रेशन देख पाएंगे और मैन्युफैक्चरर्स और टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर्स से सीधे बातचीत कर पाएंगे।

# 14 मार्च को लगेगी नेशनल लोक अदालत



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** नेशनल लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, नई दिल्ली के जारी शेड्यूल के मुताबिक, साल 2026 की पहली नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को डिस्ट्रिक्ट और सेशंस जज, एसएएस नगर उत्पल कसाना की लीडरशिप में डिस्ट्रिक्ट एसएएस नगर की सभी कोर्ट में लगेगी।

इसमें राजीनामा लायक क्रिमिनल केस, चेक बाउंस केस, बैंक रिकवरी केस, शादी के झगड़े, लेबर झगड़े, जमीन खरीदने के केस, बिजली और पानी के बिल, रेवेन्यू डिपार्टमेंट से जुड़े और सभी तरह के सिविल केस पर सोचा जाएगा। इस बारे में, उटल कसाना, डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज-कम-चेयरपर्सन, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, एसएएस नगर ने समय-समय पर सेंट्रल और पंजाब सरकार के अलग-अलग डिपार्टमेंट जैसे टेलीफोन डिपार्टमेंट, बैंक, इंश्योरेंस कंपनी, बिजली डिपार्टमेंट, वाटर सप्लाई एंड सैनिटेशन डिपार्टमेंट वगैरह के अधिकारियों के साथ मीटिंग की और अधिकारियों को 14 मार्च को हो रही नेशनल लोक अदालत के ज़रिए अलग-अलग कोर्ट में पेंडिंग केस निपटाने के लिए मोटिवेट किया। उन्होंने यह भी बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में ऐसे केस जो अभी तक किसी कोर्ट में फाइल नहीं हुए हैं और ऊपर बताई गई कैटेगरी में आते हैं, वे लोक अदालत में फाइल किए जा सकते हैं। इस मौके पर, श्रीमती सुरभि पराशर, सेक्रेटरी, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, [illegible] नगर ने लोक अदालतों के फायदों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एक बार लोक अदालत में फैसला हो जाने के बाद, केस में लगी कोर्ट फीस वापस कर दी जाती है, और इन केसों के फैसले के खिलाफ कोई अपील नहीं होती।

# पंजाब के अस्पतालों में इलाज करवा सकेंगे हरियाणा के कर्मचारी और पेंशनर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार के कर्मचारियों, पेंशनरों व उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पंजाब के चार अस्पतालों को सूचीबद्ध किया है, अब हरियाणा के कर्मचारी व पेंशन पंजाब के अस्पतालों में गंभीर बीमारियों का इलाज करवा सकेंगे। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने मंगलवार को चंडीगढ़ में बताया कि हरियाणा सरकार ने पंजाब के चार प्रतिष्ठित अस्पतालों को उपचार के लिए सूचीबद्ध (एंपैनल) किया है। इनमें होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, मुल्लांपुर, पंजाब (यह टाटा मेमोरियल सेंटर मुंबई की यूनिट है ), होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल, संगरूर, पंजाब (यह भी टाटा मेमोरियल सेंटर मुंबई की यूनिट है), रीजनल स्पाइनल इंजरीज सेंटर, सेक्टर 70 मोहाली तथा पंजाब इंस्टिट्यूट ऑफ़ लिवर एंड बिलियरी साइंस, फेज 3 बी 1, सेक्टर 60 मोहाली शामिल हैं। इन अस्पतालों में कैंसर, रीढ़ की चोट और लिवर से संबंधित गंभीर बीमारियों का उन्नत उपचार उपलब्ध है।

# अन्न भंडारा करने का बेहतरीन दिन है शीतला सप्तमी : अमिताभ रूंगटा



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** शीतला सप्तमी के पर्व पर समाजसेवी व पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट के फाउंडर अमिताभ रूंगटा के नेतृत्व में औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 में ट्रस्ट द्वारा 206वां अन्न भंडारा आयोजित किया गया।

इस अवसर पर भंडारे को परोसने और आयोजन में सहयोग देने वाले वालंटियर्स विशेष रूप से उपस्थित रहे। अमिताभ रूंगटा ने शीतला सप्तमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि है। हिंदू पंचांग के अनुसार यह दिन धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है और आज पूरे श्रद्धा भाव के साथ शीतला सप्तमी का पर्व मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ऐसे पावन अवसर पर किसी भी नए धार्मिक या सामाजिक आयोजन की शुरुआत करना श्रेष्ठ माना जाता है। स्थानीय एनजीओ तथा समाजसेवी इस दिन से प्रेरणा लेकर सप्ताह या महीने में एक बार राहगीरों के लिए अन्न भंडारा आयोजित कर सकते हैं या अपने साथियों के साथ मिलकर इसकी योजना बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों का फल अवश्य प्राप्त होता है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बूथ लेवल अधिकारी सम्मानित

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित की जा रही गतिविधियों के क्रम में, उपायुक्त-कम-जिला निर्वाचन अधिकारी कोमल मित्तल ने जिला प्रशासनिक परिसर, मोहाली में 'सेल्यूटिंग विमेन स्ट्रेंथ इन डेमोक्रेसी' थीम के अंतर्गत जिले की उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने सम्मानित बी एल ओ को बधाई देते हुए कहा कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के अंतर्गत उन्हें सौंपा गया कार्य काफी चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बी एल ओ वर्ष 2003 के डाटा के साथ वर्तमान मतदाता सूचियों का मिलान करने के लिए लगातार मेहनत कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जिन बूथ लेवल अधिकारियों ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के तहत 93 प्रतिशत या उससे अधिक प्रगति हासिल की है, उन्हें उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पंजाब अनिंदिता मित्रा द्वारा की गई यह पहल बूथ लेवल अधिकारियों के मनोबल को बढ़ाने और उनके सराहनीय कार्य को सम्मानित करने के उद्देश्य से की गई है। डीसी ने इस अवसर पर सम्मानित बी एल ओ के साथ बातचीत भी की और उनसे कार्य की प्रगति से जुड़े उनके अनुभवों के बारे में जाना। उन्होंने उन्हें अपने अनुभव अन्य बी एल ओ के साथ साझा करने के लिए भी प्रेरित किया ताकि वे भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित हों।

इस अवसर पर सम्मानित की गई बीएलओ में अनु जिंदल, सोहनजीत कौर, इंदरजीत कौर, दीपिंदरजीत कौर, पूनम और रूपिंदर कौर शामिल हैं। इस मौके पर चुनाव तहसीलदार संजय कुमार तथा जिला चुनाव कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# संत निरंकारी सत्संग भवन दाऊ माजरा खरड़ में 201 भक्तों ने किया रक्तदान

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पवित्र आशीर्वाद से, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की अगुवाई में संत निरंकारी सत्संग भवन दाऊ माजरा खरड़ में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया।

इसमें 201 भक्तों ने रक्तदान किया। कैंप का उद्घाटन संत निरंकारी मंडल के चंडीगढ़ जोन के जोनल इंचार्ज ओपी निरंकारी ने किया। इस मौके पर, ओपी निरंकारी ने ब्लड डोनर्स द्वारा इंसानियत के लिए किए गए शानदार कामों के लिए सतगुरु माता सुदीक्षा से आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि इस कैंप का मुख्य मकसद बाबा हरदेव सिंह जी के शब्दों को सच करना है। 'इंसान को इंसान हो प्यारा, एक दूसरे का बने सहारा'। 1986 से अब तक संत निरंकारी मिशन द्वारा लगाए गए लगभग 9000 कैंपों में लगभग 15 लाख यूनिट ब्लड डोनेट किया जा चुका है। आज के मौजूदा हालात में भी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज, बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के संदेश 'खून नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहना चाहिए' को अपनाकर इंसानियत को बचाने के लिए अपनी जिंदगी जीने की प्रेरणा दे रहे हैं। खरड़ ब्रांच के इंचार्ज ने जोनल इंचार्ज ओपी निरंकारी और आसपास के इलाकों से खास तौर पर पहुंचे भक्तों और खासकर सभी ब्लड डोनर्स और सरकारी हॉस्पिटल, खरड़ की टीम इंचार्ज डॉ. सानिया शर्मा और पीजीआई चंडीगढ़ से डॉ. दिवजोत लांबा की टीम का कैंप में पहुंचने के लिए धन्यवाद किया। कैंप को सेवा दल के सभी सदस्यों ने सेवा दल के अधिकारियों की देखरेख में लगाया था।



रक्तदान करते हुए रक्तदाता।

अनंत ज्ञान

## सांसद सतनाम सिंह संधू ने बाढ़ संकट पर संसद में जताई चिंता

# बांधों की जल भंडारण क्षमता में गंभीर गिरावट

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** पिछले कुछ सालों में भारी मात्रा में गाद जमा होने की वजह से, राज्य के बड़े बांधों (डैम) की जल भंडारण क्षमता में भारी गिरावट आई है। भाखड़ा बांध की कुल क्षमता 9.27 बिलियन क्यूबिक मीटर होने के बावजूद भारी गाद के कारण इसकी क्षमता लगभग 26% घट चुकी है।

गोबिंद सागर झील में भी 100 से 200 फुट तक गाद जमा हो चुका है। यही नहीं अत्यधिक गाद जमा होने के कारण पोंग डैम की क्षमता में भी 14% की कमी आई है। इस गाद के कारण से बांध की पानी रोकने की क्षमता कम हो रही है, जिससे माध्यम वर्षा भी बाढ़ का कारण बन सकती है। नदी की बनावट में बदलाव और नदी के रास्तों के बदलने से बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो गई है, जिससे पंजाब में बाढ़ के टिकाऊ मैनेजमेंट के लिए एक साइंटिफिक रोडमैप की जरूरत है। यह जानकारी राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने संसद के चल रहे बजट सत्र के शून्य काल के दौरान पंजाब में बार-बार आने वाले बाढ़ के संकट पर चिंता जताते हुए दी। संसद के उच्च सदन में



इस मुद्दे को उठाते हुए और राज्य में बाढ़ संकट से निपटने के लिए व्यापक योजना की आवश्यकता पर जोर देते हुए सांसद सतनाम सिंह संधू ने कहा, 'पंजाब को साल दर साल डूबने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता। केंद्र सरकार से आग्रह करते हुए उन्होंने बाढ़ के संकट से पूरी तरह निपटने के लिए उच्च स्तरीय एक्सपर्ट कमेटी का गठन करने की मांग की। कमेटी को पंजाब में बाढ़ के टिकाऊ मैनेजमेंट के लिए एक साइंटिफिक रोडमैप तैयार करने के लिए स्थिति का डिटेल्ड असेसमेंट करना चाहिए। इसे नदियों, जलाशयों से समय पर गाद निकालने, तटबंधों को मजबूत करने और असरदार नदी मैनेजमेंट के लिए राज्यों के बीच तालमेल को मज़बूत करने के लिए एक कानूनी तौर पर जरूरी सिस्टम बनाने पर भी कामकरेगी। बाढ़ के संकट और राज्य पर इसके हानिकारक प्रभाव के बारे में बताते हुए, सांसद संधू ने कहा, पंजाब में बाढ़ कभी-कभार आने वाली प्राकृतिक आपदा, बल्कि एक व्यवस्थित विफलता और वार्षिक त्रासदी है जो सालों से सामान्य जीवन में रुकावट डाल कर राज्य को गंभीर मानवीय, आर्थिक और पर्यावरण का नुकसान पहुंचा रही है। पंजाब ने आजादी से लेकर अब तक 10 से अधिक भयानक बाढ़ों का सामना किया है। 2023 की बाढ़ में 50 और 2025 में भी 37 से अधिक लोगों ने अपनी जान गवाई, जबकि लगभग 4 लाख लोग सीधे तौर पर प्रभावित हुए तथा कई लोग बेघर हो गए। बाढ़ से कृषि को हुए भारी नुकसान के बारे में बोलते हुए सांसद ने कहा, 'पंजाब की 3 लाख हेक्टेयर से अधिक कृषिभूमि बाढ़ के चलते शतिग्रस्त हुई। 3 लाख से अधिक पशुधन और 6 लाख से अधिक पोल्ट्री पक्षियों का नुकसान हुआ। सड़कों, अस्पतालों व स्कूलों जैसी महत्वपूर्ण सामुदायिक सुविधाएं भी प्रभावित हुई हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो


### आईजीपीएल 2026 के आकर्षण का केंद्र होंगे गगनजीत भुल्लर



**एजेंसी, चंडीगढ़।** मौजूदा चैंपियन गगनजीत भुल्लर 11 से 13 मार्च तक यहां होने वाले इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) के पहले चरण में आकर्षण का केंद्र होंगे जिसमें कई अन्य शीर्ष खिलाड़ी भी भाग लेंगे। भुल्लर ने 2025 में आईजीपीएल में खिताब जीता था और इस बार उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। एशियाई टूर में 11 जीत के साथ भारत के सबसे सफल खिलाड़ी रहे भुल्लर के अलावा इस प्रतियोगिता में पुखराज सिंह गिल भी भाग लेंगे, जिन्होंने 2025 में आईजीपीएल ऑर्डर ऑफ मेरिट जीता था। इनके अलावा एशियाई टूर के स्टार करणदीप कोचर और अमन राज भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। इस प्रतियोगिता में 2025 में मुकाबला इतना करीबी था कि शीर्ष तीन खिलाड़ियों पुखराज (81,90,652 रुपए), अमन राज (81,81,708 रुपए) और भुल्लर (81,30,000 रुपए) के बीच केवल 60,000 रुपए से कुछ अधिक का अंतर था। इस प्रतियोगिता में कुल 58 खिलाड़ी भाग लेंगे जिनमें नौ एमेच्योर खिलाड़ी भी शामिल हैं। इसमें कोई कट नहीं होगा। एमेच्योर खिलाड़ियों में जीव मिल्खा सिंह के पुत्र हरजाई मिल्खा सिंह भी शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### एफए कप क्वार्टर फाइनल में आमने-सामने होंगे मैनचेस्टर सिटी और लिवरपूल

**एजेंसी, लंदन।** मैनचेस्टर सिटी एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में लिवरपूल की मेजबानी करेगा जबकि चेल्सी का सामना तीसरी श्रेणी की टीम पोर्ट वेल से होगा। पोर्ट वेल ने रविवार को सुंदरलैंड पर चौंकाने वाली जीत दर्ज की थी। उसे अब अंतिम आठ के मुकाबले के लिए चेल्सी का दौरा करना होगा। आर्सेनल क्वार्टर फाइनल में साउथेम्प्टन का सामना करेगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में लीड्स का सामना वेस्ट हैम से होगा। वेस्ट हैम ने ब्रेंटफोर्ड को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर एक दशक में पहली बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। निर्धारित समय और अतिरिक्त समय के बाद दोनों टीम 2-2 से बराबरी पर थी। क्वार्टर फाइनल मुकाबले चार और पांच अप्रैल को खेले जाएंगे। (अनंत ज्ञान)



### जेसिका डेविस का खूबसूरत अंदाज

**इंग्लैंड।** ट्रेविस हेड की पत्नी जेसिका डेविस की खूबसूरती के आगे बड़ी से बड़ी एक्ट्रेस व मॉडल फेल हैं। जेसिका बिजनेस और ग्लैमर वर्ल्ड का जाना–माना नाम है। जेसिका एक मॉडल भी है। जेसिका इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं।



## टीम इंडिया के खिलाड़ियों पर हुई पैसों की बारिश

# टी–20 विश्वकप विजेता टीम को 131 करोड़ रुपए का पुरस्कार देगा बीसीसीआई

**एजेंसी, नई दिल्ली**



टीम इंडिया ने अपने शानदार प्रदर्शन के बदौलत लगातार दूसरी बार टी–20 विश्वकप के खिताब पर कब्जा जमाया है। टीम इंडिया ने रविवार को अहमदाबाद में खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल में न्यूजीलैंड को शिकस्त देकर नया इतिहास रच दिया है।

टीम के इस प्रदर्शन से पूरे देश में जश्न का माहौल है। इस बीच भारत में नेशनल क्रिकेट की नियामक संस्था बीसीसीआई ने भारतीय टीम के लिए अपना खजाना खोल दिया है। बीसीसीआई ने एक स्टेटमेंट जारी करते हुए टीम के लिए नकद धनराशि पुरस्कार का ऐलान किया है।

बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया की तरफ से जारी स्टेटमेंट में बताया गया है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम इंडिया के लिए 131 करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। भारत ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती और खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप को बरकरार रखने वाली टूर्नामेंट के इतिहास की पहली टीम बन गई। इस जीत के साथ, भारत लगातार दूसरी बार खिताब जीतने वाली पहली टीम भी बन गई। गौरतलब है कि, यह भारतीय क्रिकेट में अब तक का सबसे बड़ा पुरस्कार है, जो दो साल पहले बारबाडोस में टी20 विश्व कप जीतने पर रोहित शर्मा और उनकी टीम को दिए गए 125 करोड़ रुपए के पुरस्कार से कहीं अधिक है। भारत की चैंपियंस ट्रॉफी विजेता टीम को 58 करोड़ रुपए और पिछले साल की महिला विश्व कप विजेता टीम को 51 करोड़ रुपए दिए गए थे। (अनंत ज्ञान)

## मौजूदा चैंपियन एंड्रीवा ने हार के बाद तोड़ा रैकेट, दर्शकों पर भी चिल्लाई



**एजेंसी, इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया)**

मौजूदा चैंपियन मीरा एंड्रीवा ने बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के तीसरे दौर में हारने के बाद अपना रैकेट कई बार पटका और फिर दर्शकों पर चिल्लाती हुई कोर्ट से बाहर चली गई।

एंड्रीवा गैर वरीयता प्राप्त कैटेरीना सिनियाकोवा से 4–6, 6–7(5), 6–3 से हार गई। मैच के दौरान भी उनका व्यवहार अच्छा नहीं रहा और हारने के बाद वह अपना आपा खो बैठी। दूसरे सेट का टाईब्रेकर हारने के बाद एंड्रीवा ने अपना रैकेट फेंक दिया और फिर उसे तोड़ दिया जो नियमों का उल्लंघन था।

उन्होंने मैच प्वाइंट के बाद अपना रैकेट फिर से फेंक दिया। वह सिनियाकोवा से हाथ मिलाने के लिए नेट पर गई। इसके बाद एंड्रीवा दर्शकों की ओर इशारा करते और चिल्लाते हुए कोर्ट से बाहर चली गई। एंड्रीवा ने बाद में कहा, ''मैं अपने व्यवहार से वास्तव में खुश नहीं हूं। मैंने आखिर में जो कुछ किया उस पर मुझे गर्व नहीं है। यह ऐसी चीजें हैं जिन पर मुझे वास्तव में जल्द से जल्द काम करने की जरूरत है।'' (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलिया ने ईरान की पांच महिला फुटबॉलर्स को दी शरण: अधिकारी

**एजेंसी, वेलिंगटन।** ऑस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने मंगलवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने ईरान की महिला फुटबॉल टीम की पांच सदस्यों को शरण दी है, जो ईरान में युद्ध शुरू होने से पहले एक टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए देश का दौरा कर रही थीं। ऑस्ट्रेलिया में ईरानी समूहों और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऑस्ट्रेलिया की सरकार से उन महिलाओं की मदद करने का आग्रह किया था, जो सार्वजनिक रूप से शरण नहीं मांग पा रही हैं। टीम की खिलाड़ियों ने अपने शुरुआती मैच से पहले ईरान का राष्ट्रगान नहीं गाया था जिसके बाद कई तरह की अटकलें लगाई जाने लगी थी और इसे मीडिया में भी काफी कवरेज मिली थी। स्थानीय समयानुसार मंगलवार तड़के ऑस्ट्रेलिया के संघीय पुलिस ने शरण के लिए आवेदन करने वाली पांच महिलाओं को उनके होटल से ''सुरक्षित स्थान'' पर पहुंचाया। बर्क ने ब्रिस्बेन में पत्रकारों को बताया कि उन्होंने इन महिला खिलाड़ियों से मुलाकात की और मानवीय आधार पर उनके वीजा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

बर्क ने कहा, ''मैं इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता कि प्रत्येक महिला के लिए यह फैसला करना कितना मुश्किल रहा होगा लेकिन निश्चित रूप से कल रात खुशी और राहत का माहौल था।'' बर्क ने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते समय महिलाओं के मुस्कुराते और ताली बजाते हुए फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए। उन्होंने कहा, ''वे ऑस्ट्रेलिया में एक नया जीवन शुरू करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं।'' बर्क ने कहा कि शरण लेने वाली महिला खिलाड़ी अपने नाम और तस्वीरें प्रकाशित होने से खुश थीं। (अनंत ज्ञान)

## पटना पहुंचने पर इशान का जोरदार स्वागत

**एजेंसी, पटना**




भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज इशान किशन मंगलवार को यहां अपने गृहनगर पहुंचे जहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। उन्होंने टी20 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

इशान की वापसी काफी प्रेरणादायी रही जो कुछ महीने पहले तक राष्ट्रीय टीम की योजनाओं का हिस्सा भी नहीं थे। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने रविवार को अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में अर्धशतक लगाने से पहले मुश्किल विकेट पर पाकिस्तान के खिलाफ मैच जिताने वाली पारी खेली थी। इशान को फाइनल की तैयारी के दौरान दुर्घटना में अपनी रिश्ते की बहन की मौत के दुख का भी सामना करना पड़ा था।

पटना पहुंचने पर इशान ने कहा कि टीम भविष्य में और खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध है। यह भारत का रिकॉर्ड तीसरा टी20 विश्व कप खिताब है जो खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम भी बनी। घरेलू क्रिकेट में पड़ोसी राज्य झारखंड के लिए खेलने वाले इशान ने कहा, ''मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। टीम इंडिया जीत गई है। यह न सिर्फ हमारे लिए बल्कि पूरे देश के लिए शानदार पल है। मुझे उम्मीद है कि हम आगे भी खेलते रहेंगे और जीतेंगे। मेरा मानना है कि अगर मैं अच्छा प्रदर्शन करता हूं तो इससे युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। मैं हमेशा युवाओं को बढ़ावा देने की कोशिश करता हूं।'' (अनंत ज्ञान)

## गुजरात टाइटंस ने मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच किया नियुक्त

**एजेंसी, अहमदाबाद।** गुजरात टाइटन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की।



दो बार के वनडे विश्व कप विजेता और अपने जमाने के सबसे प्रभावशाली सलामी बल्लेबाजों में से एक हेडन का अंतरराष्ट्रीय करियर शानदार रहा है। उन्हें टी20 में बल्लेबाजी का व्यापक अनुभव है और वह इसकी बारीकियों को समझते हैं। हेडन ने सभी प्रारूपों में 273 अंतरराष्ट्रीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने 15,000 से अधिक रन बनाए और आईसीसी के कई टूर्नामेंट में जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा, ''मैथ्यू की नियुक्ति हमारे सफर के महत्वपूर्ण मोड़ पर की गई है। शीर्ष स्तर पर उनका अनुभव और उभरती प्रतिभाओं को मार्गदर्शन देने की उनकी क्षमता आगामी सत्र में हमारे लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।'' हेडन ने कहा, ''अच्छी बल्लेबाजी दबाव बनाती है। शानदार बल्लेबाजी खेल पर अपना दबदबा बनाती है। गुजरात टाइटन्स में हम यही मानक स्थापित करना चाहते हैं।'' हेडन ने आईपीएल में भी 32 मैच खेले हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के अपने पूर्व साथी मैथ्यू वेड की जगह लेंगे जो पिछले सत्र में गुजरात टाइटंस के सहायक कोच थे। (अनंत ज्ञान)

## ऑल इंडिया पुलिस शूटिंग में लाहौल–स्पीति के हेड कांस्टेबल सुरजीत ने जीता रजत पदक

**अनंत ज्ञान**



ऑल इंडिया पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता हेड कांस्टेबल सुरजीत।

**ब्यूरो, केलांग।** जिला लाहौल–स्पीति पुलिस के लिए गर्व की बात है कि जिले के हेड कांस्टेबल सुरजीत ने 26वीं ऑल इंडिया पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता 2025–26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया है। यह प्रतियोगिता हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर स्थित धौलाकुआं में आयोजित की जा रही है। जानकारी के अनुसार हेड कांस्टेबल सुरजीत ने आईएनएस राइफल 200 यार्ड स्पर्धा में उत्कृष्ट निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

देशभर से आए पुलिस बलों के बीच हुए इस मुकाबले में उनकी इस उपलब्धि को बड़ी सफलता माना जा रहा है।

इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक लाहौल–स्पीति आईपीएस शिवानी मेहला ने हेड कांस्टेबल सुरजीत को बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुरजीत की यह सफलता जिले की पुलिस के लिए प्रेरणादायक है और भविष्य में भी वे इसी तरह बेहतर प्रदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हेड कांस्टेबल सुरजीत की यह उपलब्धि न केवल जिला लाहौल–स्पीति पुलिस बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश पुलिस के लिए गर्व का विषय है।

## भाटिया होंगे इंडियन ओपन गोल्फ में आकर्षण का केंद्र

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित 'अर्नोल्ड पामर इनविटेशनल 2026' का खिताब जीतकर सुर्खियां बटोरने वाले भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फ खिलाड़ी अक्षय भाटिया हीरो इंडियन ओपन में चुनौती पेश करने वाले दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल होंगे। एशिया के सबसे प्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंटों में से एक इंडियन ओपन का आयोजन 26 से 29 मार्च के बीच गुरुग्राम के 'डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब' में होगा। आयोजकों ने मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम में बताया कि इस बार टूर्नामेंट की इनामी राशि बढ़ाकर रिकॉर्ड 2.55 मिलियन डॉलर (लगभग 23.42 करोड़ रुपए) कर दी गई है, जिसमें से विजेता को 4,33,500 डॉलर (लगभग चार करोड़ रुपए) की पुरस्कार राशि मिलेगी। 'डीपी वर्ल्ड टूर' और भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) से मान्यता प्राप्त इस टूर्नामेंट में भाटिया के अलावा स्पेन के मौजूदा चैंपियन यूजेनियो चाकारा और बेल्जियम के थॉमस डेट्री (2025 में पीजीए टूर पर फीनिक्स ओपन विजेता), डीपी वर्ल्ड टूर के मौजूदा सत्र के विजेता दक्षिण अफ्रीका के केसी जार्विस, स्पेन के नाचो एल्विरा और जर्मनी के फ्रेडी शॉट जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने भाग लेने की पुष्टि कर दी है। चौबीस वर्षीय बाएं हाथ के खिलाड़ी भाटिया ने कम उम्र में ही अंतरराष्ट्रीय गोल्फ में बड़ी पहचान बनाई है। उन्होंने अब तक पीजीए टूर पर तीन खिताब और कोर्न फेरी टूर पर एक खिताब जीता है। वह पिछले दो वर्षों में टूर चैंपियनशिप में जगह बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## सीनियर वुमन जोनल ट्रॉफी के लिए एचपीसीए की दो खिलाड़ी चयनित






**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** बीसीसीआई की ओर से 20 मार्च से तीन अप्रैल तक आयोजित की जाने वाली सीनियर वुमन इंटर जोनल डेज ट्रॉफी के लिए सीनियर वुमन नोर्थ जोन सिलेक्शन कमेटी ने नोर्थ जोन टीम के नाकआउट मुकाबलों के लिए हिमाचल की दो खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जबकि एक खिलाड़ी को स्टेंडबाई रखा गया है।

चयनित खिलाड़ियों में शिमला की सुषमा वर्मा व किन्नौर की सुष्मिता कुमारी शामिल हैं, जबकि स्टेंडबाई खिलाड़ी में मंडी की शिवानी सिंह का चयन किया गया है। एचपीसीए सचिव मनुज शर्मा ने बताया कि ये मुकाबले पुडुचेरी में होंगे, जिसमें नोर्थ जोन और नोर्थ ईस्ट जोन का मुकाबला 20 से 22 मार्च को खेला जाएगा। वहीं, पहला और दूसरा सेमीफाइनल मुकाबले 26 से 28 मार्च को होंगे। इसके अलावा फाइनल मुकाबला पहली से तीन अप्रैल को होगा। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## तनाव के बावजूद रद्द नहीं होगा फीफा वर्ल्ड कप : शिर्गी

**एजेंसी, डलास**



फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के मुख्य संचालन अधिकारी हेइमो शिर्गी ने कहा कि यह बहुत बड़ा टूर्नामेंट है तथा अमेरिका और इजरायल के ईरान के खिलाफ युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक उथल–पुथल के चलते इसे स्थगित करना आसान नहीं होगा। विश्व कप 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा जिसमें पहली बार 48 देश भाग लेंगे। इनमें ईरान भी शामिल है। शिर्गी ने अंतरराष्ट्रीय प्रसारण केंद्र में कहा कि फीफा ईरान युद्ध और उसके नतीजों पर करीबी नजर रखे हुआ है। शिर्गी ने कहा, ''अगर मैं भविष्यवक्ता होता मैं अभी बता सकता था कि क्या होने वाला है, लेकिन जाहिर है कि स्थिति बदल रही है।''

उन्होंने कहा, ''हालात दिन–प्रतिदिन बदल रहे हैं और हम उन पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हम अपने सभी संघीय और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ मिलकर स्थिति का मूल्यांकन कर रहे हैं। हम हर दिन के हिसाब से चल रहे हैं और किसी न किसी स्तर पर हमें इसका समाधान मिल जाएगा। विश्व कप तो होगा ही, है ना? विश्व कप बहुत बड़ा टूर्नामेंट है और हम उम्मीद करते हैं कि क्वालीफाई कर चुके सभी देश इसमें भाग लेंगे।'' विश्व कप फुटबॉल में इससे पहले 32 देश भाग लेते थे, लेकिन पहली बार इस टूर्नामेंट में 48 देश भाग लेंगे।

इस प्रतियोगिता का आयोजन अमेरिका के 11, मैक्सिको के तीन और कनाडा के दो स्थानों पर किया जाएगा। अमेरिका ने पहले ही विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुके चार देशों ईरान, आइवरी कोस्ट, हैती और सेनेगल पर यात्रा प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन खिलाड़ियों, टीम अधिकारियों और उनके करीबी रिश्तेदारों को छूट देने की बात कही है। शिर्गी ने कहा कि फीफा नई जानकारी हासिल करने के लिए ईरानी फुटबॉल महासंघ के साथ लगातार संपर्क में है। उन्होंने हालांकि, इन बातचीत का ब्यौरा नहीं दिया। फीफा के अधिकारी डलास में 'फैन फेस्टिवल' के कार्यक्रमों की घोषणा करने के लिए इस शहर में थे। यह कार्यक्रम विश्व कप के दौरान 34 दिन तक चलेगा। (अनंत ज्ञान)

## उपलब्धि

### संजू ने भारत को तीसरा टी20 विश्व कप दिलाने में निभाई अहम भूमिका

# सैमसन ने 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनकर रचा इतिहास

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत को तीसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने हाल में समाप्त हुई प्रतियोगिता का 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनकर एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर दिया।

सैमसन पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के पुरुष या महिला वर्ग के किसी टूर्नामेंट में अपनी टीम की तरफ से चार मैच नहीं खेलने के बावजूद 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार हासिल किया। उनसे पहले चार खिलाड़ी ही ऐसे थे, जिन्होंने अपनी टीम के सभी मैच नहीं खेलने के बावजूद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था। इन खिलाड़ियों ने हालांकि अपनी टीम की तरफ से केवल एक मैच नहीं खेला था। प्रतियोगिता के शुरू होने पर सैमसन रन बनाने के लिए जूझ रहे थे और इसलिए उन्हें शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में नहीं चुना गया था। उन्हें बीच में अभिषेक शर्मा के अस्वस्थ होने के कारण एक मैच खेलने का मौका मिला लेकिन उसके बाद उन्हें बाहर कर दिया गया था।



सुपर आठ में दक्षिण अफ्रीका से बड़ी हार के बाद भारत ने अपने शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की अधिकता को देखते हुए दाएं हाथ के बल्लेबाज सैमसन को मौका दिया और केरल के इस खिलाड़ी ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा।

सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल की तरह बने मैच में नाबाद 97 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 और फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में भी 89 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

भारत ने इस टूर्नामेंट में कुल नौ मैच खेले, जिनमें से सैमसन पांच मैच ही खेल पाए थे। आईसीसी के पुरुष या महिला वर्ग के टूर्नामेंट में इससे पहले 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनने वाले किसी खिलाड़ी ने या तो अपनी टीम के सभी मैच खेले थे या फिर वे केवल एक मैच से बाहर रहे थे। जिन खिलाड़ियों ने आईसीसी के किसी टूर्नामेंट में एक मैच नहीं खेलने के बावजूद 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' पुरस्कार हासिल किया था, उनमें ऑस्ट्रेलिया की लिसा कीटली (महिला वनडे विश्व कप 2000, नौ में से आठ मैच खेले), ऑस्ट्रेलिया की ही कारेन रोल्टन (महिला वनडे विश्व कप 2005, आठ में से सात मैच खेले), इंग्लैंड के केविन पीटरसन (पुरुष टी20 विश्व कप 2010, सात में से छह मैच खेले) और न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र ((चैंपियंस ट्रॉफी 2025, पांच में से चार मैच खेले) शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)